CMYK

अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 93 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 | 2 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी सरकार की विदेश नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल पेज 2



तिलक वर्मा का पहला आईपीएल शतक, सात छक्के लगाए खेल टाइम्स



शहर की सेहत ठीक नहीं: हमारी आदतें इसका रोग हैं सम्पादकीय



कूटनीतिक बातचीत सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार: अजीजी पेज 12

# इस्लामाबाद में दूसरे दौर की वार्ता पर सस्पेंस

## ट्रम्प ने पाक आर्मी चीफ से की बात, मुनीर बोले: होर्मुज स्ट्रेट पर नाकाबंदी रही, तो बातचीत मुश्किल

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज स्ट्रेट पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे। सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई।

आसिम मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि वे इस पर सोचेंगे। दरअसल, अमेरिका ने ईरान के पास समुद्र में नाकेबंदी कर रखी है। इससे नाराज होकर ईरान ने शनिवार को होर्मुज को बंद कर दिया था। अमेरिका और ईरान के तनाव बढ़ने की वजह ट्रम्प की ईरान को धमकी और ईरानी जहाज 'टौस्का' को कब्जे में लेना है। इसे लेकर ईरान ने नाराजगी जताई और इसे समुद्री डकैती करार दिया और कहा कि वे जल्द इसका जवाब देंगे। होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी एमओयू साइन हो जाए, जिससे युद्धविराम आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए, ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले। ईरान ने इस्लामाबाद में होने वाले शांति वार्ता के दूसरे दौर में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। ईरान ने अमेरिका की मांगों और नाकेबंदी को इस फैसले का मुख्य कारण बताया है। ट्रम्प ने फिर कहा है कि ईरान के पास शांति समझौते के लिए यह आखिरी मौका है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की तरह वही गलती नहीं दोहराएंगे। वहीं ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि देश अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध को सम्मान और समझदारी के साथ खत्म करने की कोशिश करेगा। तेहरान में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि ईरान मौजूदा हालात को बुद्धिमत्ता और संतुलन के साथ संभाल रहा है।

**■ अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन, ऐसे में वार्ता की उम्मीद कम: ईरान**

### अमेरिकी बलों ने ईरानी जहाज किया जब्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक ईरानी मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया, जिससे पश्चिम एशिया में नाजुक दौर से गुजर रही शांति पर और अनिश्चितता व्याप्त हो गई है। ईरान ने पुष्टि की कि अमेरिकी नौसेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी जहाज 'टौस्का' को 'हमला कर जब्त' किया, जिसे उसने युद्धविराम का उल्लंघन बताया और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खत्म उल-अंबिया मुख्यालय ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई ईरानी वाणिज्यिक जहाजों पर हमला है और इसे 'सशस्त्र समुद्री डकैती' करार दिया। ईरान की अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, इस घटना के बाद ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों पर ड्रोन हमले भी किए, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी शर्तें 'अवास्तविक और अनुचित हैं और जब तक नाकेबंदी नहीं हटाई जाती, वार्ता संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका पर शर्तें बदलने का आरोप भी लगाया।

## ईरान को लेकर कुछ खतरनाक सोच रहे राष्ट्रपति ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर बढ़ते तनाव और बैक चैनल बातचीत की अटकलों के बीच व्हाइट हाउस की एक पोस्ट ने सियासी हलकों में हलचल तेज कर दी है। अमेरिका की ओर से जारी इस संदेश को महज एक मोटिवेशनल लाइन मानकर नजरअंदाज करना आसान नहीं है, क्योंकि समय और संदर्भ इसे कहीं ज्यादा तेज संकेत बना रहे हैं।


पूरी बात को ऐसे समझिए कि सोमवार को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि लॉक्ड-इन मोड: एक्टिवेटेड, इट्स मंडे, नो एक्सक्यूज, जस्ट विन। ऐसे तनावपूर्ण समय में व्हाइट हाउस के इस पोस्ट ने एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि बातचीत की डगर पर ईरान अपना रुख साफ नहीं कर रहा, तो क्या अमेरिका कुछ बड़ा करने जा रहा है? सवाल ये भी पूछे जा रहे हैं कि सोमवार का दिन

**■ व्हाइट हाउस के पोस्ट से बढ़ी चिंता**

**■ लिखा: आज सोमवार है, कोई बहाना नहीं**

**■ बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम**

तेहरान में कुछ बड़ा करने जा रहे हैं ट्रम्प? इतना ही नहीं ये सवाल तो खूब पूछे जा रहे हैं कि बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम है?



## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल की जज बदलने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में सोमवार को हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की रिक्यूजल याचिका पर अपना फैसला सुनाया। केजरीवाल दिल्ली हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। इस दौरान केजरीवाल ने अपना जवाबी हलफनामा रिकॉर्ड पर लेने की मांग की। सुनवाई को दौरान केजरीवाल ने कहा कि मैडम अगर मेरा जवाब रिकॉर्ड पर नहीं लिया गया, तो यह न्याय के प्रति लापरवाही होगी। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा यदि किसी न्यायाधीश का फैसला ऊपरी अदालत द्वारा बदला जाता है, तो किसी भी प्रतिवादी को यह कहने का हक नहीं है कि आमुख जज फैसला करने योग्य नहीं हैं। जज की क्षमताओं पर फैसला इसकी उच्च अदालत करती है न की प्रतिवादी।

### दिल्ली दंगा साजिश केस में उमर खालिद को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा साजिश मामले में उमर खालिद को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत ने जमानत से इन्कार करने के अपने 5 जनवरी 2026 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले दिए गए फैसले की समीक्षा के लिए कोई ठोस आधार नहीं पाया गया। उमर खालिद ने इस मामले में जमानत न मिलने के फैसले को चुनौती देते हुए समीक्षा याचिका दायर की थी।

### जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान में सोमवार दोपहर 1:23 बजे (भारतीय समयानुसार) 7.5 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तट से करीब 100 किमी दूर समुद्र में 10 किमी गहराई पर था। जापानी मौसम एजेंसी ने इवाते, होक्काइडो और आओमोरी के तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है। भूकंप के बाद इवाते पर करीब 3 फीट, मियाको और हाचिनोहे में डेढ़ फीट तक लहरें दर्ज की गईं। इन इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर बुलेट ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं।

### हैदराबाद-हुबली फ्लाइट दो घंटे हवा में चक्कर काटती रही

**बेंगलुरु।** हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई-91 एयरलाइन की एक फ्लाइट रविवार को खराब मौसम के चलते 2 घंटे हवा में ही चक्कर काटती रही। खराब मौसम की वजह से प्लेन में सवार पैसेंजर्स को तेज झटके महसूस हुए, जिससे वे घबरा गए। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में पैसेंजर रोते हुए और हाथ जोड़कर प्रार्थना करते दिख रहे हैं।

### सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी मामले के मुख्य साजिशकर्ता को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी मामले में हासिल किए गए सिम कार्ड खरीदने और बांटने में शामिल मुख्य साजिशकर्ता को गुवाहाटी में गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोपी की पहचान उबैद उल्लाह के रूप में की है। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन चक्र-5' के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य देश में संगठित साइबर अपराध की कमर तोड़ना है। सीबीआई एक ऐसे मामले की जांच कर रही है जिसमें 'विक्रय केंद्र' (पीओएस) एजेंट शामिल थे, जो गैर-कानूनी तरीके से सिम कार्ड जारी करने का काम कर रहे थे और फर्जी डिजिटल गिरफ्तारी, लोन घोटाले और निवेश धोखाधड़ी जैसे अपराधों में लिप्त साइबर अपराधियों की मदद कर रहे थे। आठ राज्यों में जांच के दौरान लगभग 45 जगहों पर तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप फर्जी या गैर-कानूनी तरीके से हासिल किए गए सिम कार्ड जारी करने में शामिल विक्रय केंद्रों के 10 आरोपी एजेंटों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी गुवाहाटी में गैर-कानूनी तरीके से जारी किए गए सिम कार्डों के एग्रीगेटर (जमा करने वाला) के तौर पर काम करता था।

# जम्मू के उधमपुर में सड़क हादसा, 21 यात्रियों की मौत

**उधमपुर।** जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ।

बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका और बस सड़क से नीचे गिर गई। केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज जीएमसी ऊधमपुर में किया जा रहा है। इधर, पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है।



**■ यात्री बोले- तेज रफ्तार बस का टायर फटा, ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका, 100 मीटर नीचे गिरी**

### महाराष्ट्र का अकोला सबसे ज्यादा गर्म, 45 डिग्री टेम्परेचर

**नई दिल्ली।** राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ में लगातार चौथे दिन लू का कहर देखने को मिला है। राजस्थान के कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। सड़कों को ठंडा करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाया। महाराष्ट्र के अकोला और वर्धा में तापमान सबसे ज्यादा 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ये दोनों शहर रविवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे। बिहार के बक्सर में सोमवार को गर्मी के कारण 10 स्टूडेंट स्कूल में बेहोश हो गए। बक्सर मे पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। बर्फबारी से मुगल रोड, श्रीनगर-कारगिल रोड और बांदीपोरा-गुरेज रोड समेत कई सड़कें बंद हैं।

## NCLT समाधान योजनाओं की मंजूरी में देरी, सुप्रीम कोर्ट चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कोर्ट ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की प्रधान पीठ और अन्य पीठों द्वारा समाधान योजनाओं को मंजूरी देने में हो रही अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

शीर्ष अदालत ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ नई दिल्ली और आईबीबीआई दोनों को निर्देश दिया कि वे मंजूरी के लिए लंबित आवेदनों और देरी के कारणों पर पूरे देश का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराएं। अदालत दिवाला की कार्यवाही से जुड़े एक विवाद की सुनवाई कर रहा है, जिसमें आईआईएफएल के 85 करोड़ रुपये के दावे को शुरू में 2020 में पेशेवरों ने खारिज कर दिया था। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने इसे बाद में मंजूर कर लिया और 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने इसे सही ठहराया, जिसके बाद शीर्ष अदालत में अपील की गई। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें एक योजना लगभग दो सालों से लंबित पड़ी थी। अदालत ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ नई दिल्ली और आईबीबीआई दोनों को निर्देश दिया कि वे मंजूरी के लिए लंबित आवेदनों और देरी के कारणों पर पूरे देश का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराएं।

### नेशनल हेराल्ड केस दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी। ट्रायल कोर्ट ने 16 दिसम्बर 2025 को सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था। ईडी ने ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 दिसम्बर को सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य ने साजिश के तहत करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्तियों पर कब्जा किया। इसके लिए यंग इंडियन कंपनी का इस्तेमाल किया गया, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी थी।

# होर्मुज में फंसे भारतीय नाविकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है।

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर खाड़ी देशों के साथ भारत की सक्रिय बातचीत जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने 19 अप्रैल को सऊदी अरब का आधिकारिक दौरा किया, जहां उन्होंने ऊर्जा मंत्री, विदेश मंत्री और अपने समकक्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा हुई। जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जायसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय दूतावास और बंदरगाह 24 घंटे हेल्पलाइन चला रहे हैं। उड़ानों, यात्रा व्यवस्था, वाणिज्य दूतावास सेवाओं और भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गल्फ एयर ने बहरीन और भारत के बीच सीमित उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा की है। अब तक 2,423 भारतीय नागरिक ईरान और अजरबैजान से बाहर निकाले जा चुके हैं। साथ ही जॉर्डन और मिस्र से भारतीय नागरिकों की भारत वापसी भी सुगम बनाई जा रही है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी गैस खत्म होने जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब उसे 70 प्रतिशत तक बहाल कर दिया गया है। प्राकृतिक गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें घरेलू जरूरतों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन राज्यों ने पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार में सहयोग दिया है, उन्हें 10 प्रतिशत अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी दी जा रही है। वर्तमान में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अतिरिक्त एलपीजी उपलब्ध कराई जा रही है।



**■ ईरान से हो रही लगातार बातचीत, होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर: जायसवाल**

## आजम खां और बेटे अब्दुल्ला की 7-7 साल की सजा बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ फर्जी पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट का फैसला**

**■ बेटे को चुनाव लड़ाने के लिए बढ़ाई थी उम्र**

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा को बरकरार रखा है। रामपुर कोर्ट ने पैन कार्ड फ्रॉड से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में यह फैसला सुनाया था।

इससे पहले एमपी-एमएलए कोर्ट ने भी दोनों को सात साल की सजा दी थी। इसके खिलाफ आजम खां और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी। मामला 2019 का है, जब भाजपा नेता और रामपुर नगर विधायक आकाश सक्सेना ने कोतवाली सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अब्दुल्ला आजम पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवम्बर 2025 को दोनों को दोषी ठहराया था। कोर्ट ने दोनों को 7-7 साल की सजा सुनाई और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस सजा के बाद से समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम जिला जेल में बंद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'स्मार्ट सिटी' बस विस्तार के विरोध में हड़ताल

**श्रीनगर।** 'स्मार्ट सिटी' बस सेवाओं के जिला मार्गों तक विस्तार के प्रस्ताव के विरोध में परिवहन चालकों की हड़ताल के कारण सोमवार को श्रीनगर सहित कश्मीर के कई हिस्सों में जनजीवन और यातायात आंशिक रूप से प्रभावित रहा। हड़ताल के चलते सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम यातायात देखने को मिला। श्रीनगर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवा. जाही न्यूनतम रही, क्योंकि परिवहन चालकों ने 'चक्का जाम' के आह्वान पर अपने वाहन नहीं चलाए। इसका सबसे ज्यादा असर आम यात्रियों और छात्रों पर पड़ा। कई लोग अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके, जबकि कश्मीर विश्वविद्यालय में परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में प्रभावित छात्रों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की गई। हड़ताल का आह्वान परिवहन चालकों ने सरकार की उस योजना के विरोध में किया, जिसके तहत 'स्मार्ट सिटी' बस सेवाओं को शहर से बाहर जिला मार्गों तक विस्तारित करने की तैयारी है।

### आजमगढ़ में सात करोड़ के नशीले पदार्थ किए गए स्वाहा

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में नशा तस्करों के मंसूबों को राख में मिलाते हुए पुलिस प्रशासन ने ऑपरेशन दहन' के अंतर्गत भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देश पर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए करोड़ों रुपये की नशीली खेप को भट्टी में झोंक. कर नष्ट कर दिया। जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आज आजमगढ़ पुलिस द्वारा यह कार्रवाई कराई गई।

# महिला आरक्षण पर उप्र में छिड़ा सियासी घमासान

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को देर रात मंजूरी दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रणनीति तेज कर दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को रविवार रात कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी। संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने के बाद इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई है।

विपक्ष जहां विधेयक की खामियों को गिनाकर अपने विरोध को सही ठहरा रहा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर हमलावर है और इसे चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इस मामले में विपक्ष पर तीखा हमला बोल चुके हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष के रवैए की तुलना 'द्रौपदी चीरहरण' से करते हुए इसे महिला सम्मान और लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार 30 अप्रैल को होने वाले इस विशेष सत्र में सरकार महिला आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी और विपक्ष के रुख को लेकर उसे घेरने की रणनीति अपनाएगी। सत्र के दौरान विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की भी चर्चा है। चूंकि सत्र बुलाने के लिए सदस्यों को कम से कम सात दिन पहले सूचना देना जरूरी होता है, इसलिए प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दी गई। अब इसे राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। सरकार का आरोप है कि विपक्ष महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है। वहीं, विपक्ष इस विधेयक को अधूरा और खामियों से भरा बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में 30 अप्रैल को होने वाला यह विशेष सत्र सिर्फ विधाई कार्यवाही तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सीधी राजनीतिक टकराहट का मंच भी बनेगा, जहां दोनों पक्ष महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जनता के सामने अपनी-अपनी रणनीति और संदेश रखने की कोशिश करेंगे।

### महिला आरक्षण पर अजय राय ने केंद्र सरकार को घेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में अजय राय ने कहा कि वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष को बधाई दी गई थी, जबकि हाल ही में दिए गए संबोधन में कांग्रेस को ही इसके पारित न होने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री का 'दोहरे मापदंड' वाला रवैया बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर इसके लागू होने में जानबूझकर देरी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग करती रही है और अपने 'न्याय पत्र' में भी इसका उल्लेख किया था कि सरकार बनने पर इसे तुरंत लागू किया जाएगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, वार्ता



■ शांति वार्ता में पाकिस्तान की मेजबानी पर भारतीय कूटनीति में बदलाव जरूरी: जयराम

कांग्रेस ने सरकार पर पाकिस्तान को उसकी नीतियों के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर 'दलाल' बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को एक बयान में इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका बताया और कहा कि अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है। उन्होंने विदेश मंत्री पर भी निशाना साधा और कहा कि बहुत जानकार और हमेशा सलीके से पेश आने वाले विदेश मंत्री ने जिस देश को 'दलाल' बताया था, वही आज अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी कर रहा है। बारह अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया, ताकि संयुक्त अरब अमीरात के 3.5 अरब डॉलर के कर्ज को चुका सके और 1.43 अरब डॉलर के यूरोबॉन्ड की एक किश्त का भुगतान कर सके। रमेश ने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और वह मित्र देशों की सहायता पर निर्भर है, इसके बावजूद वह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन जैसे सभी आतंकवादियों को शरण दी, अफगानिस्तान में ड्रग पुनर्वास केंद्रों पर बमबारी की और हाल में पहलगाम आतंकवादी हमले की साजिश रची। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि मोदी की क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही है, जबकि नवम्बर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय भारत ने पाकिस्तान पर प्रभावी दबाव बनाया था।

# होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर युवा वकील ने की आत्महत्या

नई दिल्ली, वार्ता

■ मृतक की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई

दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रशिक्षु के तौर पर कार्यरत 26 साल के एक वकील ने कथित तौर पर कनॉट प्लेस स्थित 'द रॉयल प्लाज़ा' होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस घटना की जानकारी शनिवार रात करीब 9:15 बजे कनॉट प्लेस थाने को मिली। इसके बाद थाना प्रभारी (एसएचओ) के नेतृत्व में पुलिस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं। मृतक की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि उन्होंने शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे होटल में चेक-इन किया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि सिंह ने कथित तौर पर होटल की 15वीं मंजिल से छलांग लगा दी थी। उन्हें तुरंत लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपराध शाखा की टीम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत जुटाए। जांच के हिस्से के तौर पर होटल परिसर के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि परिवार वालों के बयानों के आधार पर, इस घटना में किसी भी तरह की साजिश या गड़बड़ी की आशंका नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है और संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे

# गेहूं खरीद में उप्र के किसानों को बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार का अहम फैसला, गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए योगी ने सतर्कता और तैयारी का दिया संदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद को लेकर अहम फैसला लिया है। अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे।

सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने यह निर्णय किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। हाल के दिनों में फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता के कारण कई किसानों को गेहूं बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से व्यवस्था में ढील देने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के तहत किसान पूर्व के वर्षों की तरह सीधे क्रय केंद्रों पर जाकर अपना गेहूं बेच सकेंगे। इससे विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस फैसले को तुरंत लागू किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान को गेहूं बिक्री में परेशानी न हो। सरकार के इस कदम को किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है, जिससे गेहूं खरीद प्रक्रिया में तेजी आने के साथ ही किसानों को समय पर भुगतान मिलने का रास्ता भी आसान होगा। वहीं भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम एक भावनात्मक और जागरूकता से भरपूर संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने जहां मौसम के बदलते चक्र और उसके प्रभावों पर चिंता जताई, वहीं सरकार की तैयारियों और नागरिकों के लिए जरूरी सावधानियों का भी विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे मौसम का एक निश्चित चक्र होता है, वैसे ही फसलों का भी चक्र चलता है।

### बंगाल में योगी का टीएमसी पर तीखा प्रहार

**मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिगला विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग-धंधे चौपट हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है। भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना और सुवेंदु सामंत के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया सक्रिय हैं, जो राज्य के संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें 'जय श्रीराम' के नारे से चिढ़ है और धार्मिक आयोजनों में बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले वहां भी कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, लेकिन अब 'नो कर्फ्यू-नो दंगा' का माहौल है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78520.30
निफ्टी 24364.85



सोना 152998
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता




बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक मामूली बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक (0.03 प्रतिशत) चढ़कर 78,520.30 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत ऊपर 24,364.85 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज काफी उतार चढ़ाव देखा गया। विशेषकर शुरुआती कारोबार में बढ़त में खुलने के बाद प्रमुख सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस के स्तर के मुकाबले ऊपर. नीचे होते रहे। कोराबार की समाप्ति से पहले भी कुछ देर के लिए सेंसेक्स लाल निशान में गया था, लेकिन अंत में ऊपर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह ऊपर 78,942.45 अंक तक और नीचे 78,203.30 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजारों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.19 फीसदी और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.45 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। सार्वजनिक बैंकों, मीडिया, ऑटो, तेल एवं गैस और वित्तीय समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। आईटी, धातु, निजी बैंकों, एफएमसीजी, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सवा तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक में ढाई फीसदी, एशियन पेंट्स में दो फीसदी और एनटीपीसी तथा बजाज फाइनेंस में एक फीसदी से अधिक की तेजी रही।

इंडिगो, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे।एलएंडटी और बीईएल में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा और टाइटन के शेयर भी टूट गए।

# कानुपर में हुई 'सूर्य रथ' की शुरुआत हर घर सोलर का अभियान तेज

कानपुर, वार्ता



उत्तर प्रदेश में पहली बार कानपुर नगर से आज 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूपी नेडा के सहयोग से नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना तथा आम नागरिकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में नीलिमा कटियार, विधायक, कल्याणपुर तथा दीक्षा जैन, मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, परियोजना अधिकारी, यूपी नेडा द्वारा सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले विभिन्न जागरूकता अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि यह पहल शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने, नागरिकों को योजना से जोड़ने तथा उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। श्रीमती कटियार ने अपने संबोधन में कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन एवं सोलर पैनल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को सतत, सुरक्षित एवं किफायती बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'सोलर रथ' रहा, जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को योजना के प्रति जागरूक करेगा तथा उन्हें रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# उधमपुर बस हादसे पर प्रियंका गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में यात्री बस के गहरी खाई में गिरने से हुए हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया साइट पर सोमवार को जारी अपने संदेश में उन्होंने लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में यात्री बस के गहरी खाई में गिरने की वजह से 21 लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के रामनगर क्षेत्र के खगोते के पास एक यात्री बस हादसे का शिकार हो गई है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब छह लोग घायल हुए हैं। कुछ की हालत गंभीर है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया है।

# संस्कृत राष्ट्र की आत्मा: मोहन भागवत

नई दिल्ली, वार्ता



■ लोगों से की सीखने की अपील

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए लोगों से इसे सीखने अपील की है। भागवत ने दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सोमवार को कहा कि संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान और वैश्विक प्रसार में अग्रणी संस्था संस्कृत भारती का नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय भवन 'प्रणव' नौ मंजिला है और यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। श्री भागवत ने कहा कि अक्षयं तृतीया के दिन जो कार्य प्रारंभ होते हैं, वह अक्षुण्ण रहते हैं। यही बात संस्कृत के बारे में कहा गया है। कभी न क्षय होने वाला आभूषण संस्कृत है। उसका कार्यालय अपने आप में यह संदेश दे रहा है। कार्यालय के उद्घाटन में उसके आनंद उत्साह में कार्य का भाव भी स्थिर होना चाहिए। रुचि के साथ प्रयोजन भी हो, तो कार्य अच्छा और निरंतर होता है। साधन नहीं अवस्था में कार्य आरम्भ होता है। उन्होंने कहा, ष्संस्कृत एक भाषा है। फिर भी यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है, क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है। एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है, जो भारत में विद्यमान है। उन्होंने भारत के दार्शनिक विचार को और विस्तार से समझाते हुए कहा कि भारत का अस्तित्व मात्र एक भौगोलिक तथ्य नहीं है। यह महज एक राजनीतिक या आर्थिक इकाई नहीं है। भारत एक जीवंत परंपरा है, वह आधारशिला जिस पर जीवन की निरंतरता टिकी हुई है।ष संघ प्रमुख ने संस्कृत भाषा के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि बचपन में जब स्कूल में संस्कृत पढ़ाई जाती थी, तो यह कठिन लगती थी। पाठ्यक्रम में श्लोकों को याद करना अनिवार्य था, जिससे यह धारणा बनी कि संस्कृत एक कठिन भाषा है। फिर भी जब मैंने उन्हीं श्लोकों को घर पर स्वाभाविक रूप से बोलते हुए सुना, तो वे मुझे कभी भी कठिन नहीं लगे। उन्होंने कहा यह समस्या आज भी बनी हुई है। छात्र संस्कृत को एक कठिन भाषा मानते हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह इतनी कठिन क्यों लगती है? वास्तव में, किसी भाषा को सीखने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से नहीं, बल्कि बातचीत के माध्यम से है। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा को सीखने का सबसे आसान तरीका उसमें पूरी तरह डूब जाना और नियमित रूप से उसका उपयोग करना है। उन्होंने कहा जब भी मैं भारत भर में यात्रा करता हूं, भले ही मुझे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की विशिष्ट शब्दावली का ज्ञान न हो, फिर भी मैं भाव और अर्थ को समझ पाता हूं। निरंतर सुनने और बोलने से भाषा सहजतापूर्वक और बिना किसी प्रयास के सीखी जा सकती है। इसलिए भाषा सीखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उस भाषा को बोलने वाले लोगों के बीच रहें, उन्हें सुनें और लगातार उस भाषा को बोलें। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में संस्कृत के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तनकारी बदलाव साफ रूप से दिखाई दे रहा है। बदलती परिस्थितियां लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

# मणिपुर में पारदर्शिता के साथ जरूरी कदम उठाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मणिपुर में पिछले तीन वर्षों से जारी हिंसा और अशांति को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुप्पी साध रखी है, जबकि राज्य में लगातार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

कांग्रेस सांसद बिमोल अको. इजाम ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में मोदी पर मणिपुर हिंसा को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले तीन वर्षों से मणिपुर 'जल रहा है' लेकिन मोदी ने अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया और न ही राज्य का दौरा किया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की यह चुप्पी और उदासीन रवैया राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होने कहा कि हाल के दिनों में भी राज्य में लगातार हिसक और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं सामने आई हैं, जो यह दर्शाती हैं कि स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से तत्काल हस्तक्षेप कर हालात को नियंत्रित करने और राज्य में शांति बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में जारी हिंसा और अस्थिरता से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बिमोल अकोइजाम ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस समिति ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी ने हालिया घटनाओं, विशेषकर दो बच्चों की हत्या के मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के साथ ही आयोग अधिनियम, 1952 के तहत न्यायिक जांच आयोग गठित कर वहां हो रही घटनाओं को लेकर पूरे मामले की जांच कराने की भी मांग की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से चौकीदार की मौत

## थाने में चौकीदारी करता था इनाम, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शामली के कांधला क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में बुढ़ाना कोतवाली में तैनात चौकीदार की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव जौला निवासी इनाम के रूप में हुई है।

घटना के वक्त परिवार के लोग गेहूं की फसल काटने खेतों पर गए थे। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इनाम अपने पीछे पत्नी व तीन मासूम बच्चों को छोड़ गया है। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय इनाम पुत्र नूर मोहम्मद निवासी गांव जौला थाना कांधला पिछले कई सालों से मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना कोतवाली में चौकीदार के पद पर तैनात था। रविवार को कांधला रेलवे ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हादसा कैसे हुआ यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया गया कि घटना के समय इनाम के परिजन गेहूं की फसल काटने के लिए जंगल गए हुए थे।

पीछे से हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक इनाम अपने पीछे पत्नी, दो बेटे और एक बेटी को रोता-बिलखता छोड़ गया है। बच्चों के सिर से अचानक पिता का साया उठने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि इनाम बेहद मिलनसार व मेहनती व्यक्ति था। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सब पहलुओं से जांच कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या अनजाने में रेलवे ट्रैक पार करते समय हुई दुर्घटना। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों व ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक चौकीदार के परिवार को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता व उचित मुआवजा दिलाया जाए, ताकि बच्चों का भरण-पोषण हो सके। ग्राम प्रधान ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद की अपील की है।

### युवक के खाते से उड़ाए 70 हजार

**बुढाना।** एक सायबर फॉड का मामला प्रकाश में आया है। यहाँ आदिल पुत्र दिलशाद मोहल्ला नई बस्ती ने सायबर हेल्प डेस्क में शिकायत करते हुए बताया कि सायबर ठगों ने उनके खाते से यूपीआई के माध्यम से पांच पांच हजार रुपये की ट्रांजेक्शन से 68721 रुपए निकाल लिए पीड़ित को इस बात का पता चला तो उन्होंने 1930 पर काल कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित ने थाना बुढाना में सायबर सायबर हेल्प डेस्क को घटना से अवगत कराया। थाना बुढाना से उन्हें आश्वासन मिला जल्द ही इस घटना पर कार्यवाही की जाएगी।

## शादी में जा रहे दो युवकों पर नहर पुलिया पर बैठे दर्जन भर लोगों का हमला

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के गांव शफीपुर पटी से कांधला शादी समारोह में जा रहे दो युवकों पर नहर की पुलिया पर बैठे 10-12 लोगों ने अचानक हमला कर दिया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही आजाद समाज पार्टी के जिला संगठन मंत्री अफजाल उर्फ विक्की समर्थकों के साथ कांधला थाने पहुंचे और एसएचओ सतीश कुमार से मिलकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार, गांव शफीपुर पटी निवासी समीर पुत्र इरफान अपने साथी रिहान पुत्र नसीम के साथ रविवार को कांधला में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही दोनों नहर की पुलिया के पास पहुंचे, वहां पहले से बैठे 10-12 लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले में समीर और रिहान लहूलुहान होकर गिर पड़े। मारपीट में रिहान पुत्र नसीम के सिर में गंभीर चोट आई है जबकि समीर को भी शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को तत्काल उपचार हेतू अस्पताल ले जाया गया जहां रिहान की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## रिश्वत वीडियो मामले में तितावी एसओ समेत दो सिपाही निलंबित

### स्मैक तस्करी में फरार आरोपियों को पकड़ने की डील का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार न करने के मामले में वायरल हुई लाखों रूपये डील की ऑडियो में एसएसपी ने सख्त कदम उठाये हैं। इस मामले में एसओ और सिपाहियों को संस्पैंड कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू करा दी गई। एसएसपी ने एक आला अफसर की जांच रिपोर्ट आने के बाद यह कार्यवाही की है। इस मामले में प्रसारित ऑडियो में एक महिला की रिश्वत डील में कहा जा रहा है कि कार्यवाही न करने की एवज में 3 लाख रूपये मांगे और पौने 3 लाख रूपये से अधिक लिये गये। सिपाहियों ने तितावी थानाध्यक्ष के नाम पर यह डील की थी। इस मामले में सोमवार को एसएसपी ने तितावी थानाध्यक्ष समेत आरोपों में घिरे दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया।

तितावी पुलिस ने 20 मार्च को लगभग 50 लाख रुपये की कीमत की 270 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर रब्बान पुत्र अफसर निवासी सिवालखास, मेरठ तथा दानिश पुत्र अशफाक निवासी जौला, बुढ़ाना को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपितों ने अपने साथियों के नाम पुलिस को बताए थे। फरार आरोपितों को लेकर तितावी थाने में तैनात सिपाही अनीस और नवीन कुमार पर लाखों रुपये की श्वित डील करने के आरोप लगे हैं। दोनों सिपाहियों ने थानाध्यक्ष पवन चौधरी के नाम पर डील की थी। इस प्रकरण को लेकर रविवार शाम को कुल्हेड़ी की निवासी महिला शाहिदा का इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ था। जिसमें महिला ने आरोप लगाया कि वांछित आरोपितों को नहीं पकड़ने की ऐवज में तीन लाख रुपये मांगे गए थे, लेकिन 2.85 लाख रुपये लिए गए थे। उसके बाद भी दोनों आरोपितों को पकड़ लिया गया। पुलिस की कार्रवाई के साथ लिए गए रुपये वापस करने के अलावा पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले की जांच एसएसपी संजय कुमार ने एसपी देहात महादिक संजय अक्षय को सौंपी है। सोमवार को प्रकरण को लेकर कार्रवाई की गई है। एसएसपी ने तितावी थानाध्यक्ष पवन चौधरी, सिपाही अनीस और नवीन कुमार को निलंबित कर दिया।

#### एसएसपी ने बघरा चौकी इंचार्ज को सौंपा कार्यभार

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने श्वित कांड में तितावी थानाध्यक्ष पवन चौधरी को निलंबित किया है। वह अगस्त-2025 में थानाध्यक्ष बनाए गए थे, जबकि दोनों सिपाही अनीस और नवीन कुमार भी लगभग आठ माह पूर्व थाने पर तैनात किए गए थे। एसएसपी ने तितावी थानाध्यक्ष के रूप में बघरा चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार को नियुक्त किया है। बघरा चौकी तितावी थाने के अधीन काम करती है।

## ड्रग फ्री सिटी के लिए एसपी सिटी से मिली महिलाएं

**मुजफ्फरनगर।** युवा पीढी के लिए जहर बनता जा रहा नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए सोमवार को कुछ महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक नगर से मिलकर उन्हे इसकी जानकारी देते हुए कार्यवाही की मांग की है। एसपी सिटी से मिलने पहुंची सोनिया ने नशा मुक्त शहर के लिए पुलिस प्रशासन से सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा कि कुछ छात्र भी इसका शिकार हो रहे हैं। एसपी सिटी से मिली महिलाओं ने कुछ कैफे, हुक्का बार को चिन्हित करते हुए नशा के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है। महिलाओं ने कहा कि अब लोग शराब का सेवन कम और सूखा नशा ज्यादा कर रहे हैं, क्योंकि शराब की गंध से नशे के आदी को पहचाना जा सकता था, लेकिन सूखे नशे से परिवार इससे अंजान है और नशे के आदी बनकर कुछ नई पीढी के युवक अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कुछ कैफे और हुक्का बार पर पुलिस जांच करें तो यहां पर कुछ युवक इस दलदल में फंसे मिलेंगे।

बता दें कि जनपद पुलिस नशे के कारोबार करने वाले लोगों पर लगातार कार्यवाही कर रही है और काफी लोगों को इस मामले में जेल भी भेजा जा चुका है। इतना ही नही नशे का कारोबार करने वाले लोगों की सम्पत्ति पर पुलिस प्रशासन सख्त कार्यवाही कर चुका है।

## पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर।** खालापार पुलिस ने ग्राम सुजडू में विवाहिता की हत्या के आरोप में नामजद पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना के दिन दहेज हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जहां मृतका के परिजनों ने नामजद तहरीर दी थी।

बता दें कि खालापार कोतवाली क्षेत्र के गांव सुजडू में 17 अप्रैल को विवाहिता निशा की फांसी पर लटकी लाश मिली थी। घटना के समय ससुराल के लोग मौके से फरार हो गये थे। विवाहिता निशा के भाई आसिफ पुत्र तौसीन उर्फ भूरा ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करा दिया था। इसके बाद मृतका के भाई आसिफ द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करना व मांग पूरी न होने पर धमकी व प्रताडित करने का मामला दर्ज करते हुए यह भी लिखा था कि फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। मामले की जांच सहायक पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा की जा रही थी। आज पुलिस ने मृतका के पति शादाब पुत्र शौकीन निवासी जहांगीर पट्टी सुजडू को गिरफ्तार कर लिया

## शाहबुद्दीनपुर भट्टे के ईधन में भंयकर आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर गांव में एक भट्टे पर अचानक ही आग लग गई। यह घटना सोमवार सवेरे की है। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और भट्टा मजदूर व मालिक के साथ मिलकर आग पर काबू पाने के प्रयास किये। करीब 3 घंटे में दमकल विभाग आग बुझाने में कामयाब हुआ। हालांकि इस दौरान किसी मजदूर को कोई नुकसान नही हुआ, लेकिन यहां रखी लकड़ी व अन्य सामान जलकर खाक हो गया।



बताया जाता है कि गांव शाहबुद्दीनपुर में बलराम के नाम से भट्टा है। सोमवार की सवेरे यहां अचानक ही ईधन में आग लग गई। ईधन इतना सूखा कि था कुछ ही देर में आग चारो ओर फैलने लगी। घटना सवेरे करीब 10 बजे की है। दी गई सूचना के बाद दमकल विभाग के अधिकारी आरके यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान चारो ओर धुंआ फैला हुआ था। घटना किस तरह हुई यह तो जानकारी नही हो सकी लेकिन यहां काफी नुकसान हुआ है। घटना के समय मौके पर अफरा-तफरी मची रही।

## सैकड़ो महिलाओं ने मांगा 50% आरक्षण

**मुजफ्फरनगर।** महिला आरक्षण बिल को लेकर हिन्द मजदूर किसान समिति की महिला मोर्चा की हजारों कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए इस बिल के विरोध में विपक्ष के रवैये पर नाराजगी जताई।

हाथों में तख्तियां और बुलंद नारों के साथ निकले इस जुलूस में महिलाओं ने न केवल बिल को जल्द पास कराने की मांग की, बल्कि अपनी सामाजिक ताकत का एहसास भी कराया। प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के साथ ही राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर भी इन महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को लेकर अपने समर्थन और इसके खिलाफ खड़े लोगों के विरोध का स्पष्ट संदेश दिया। सोमवार को हिन्द मजदूर किसान समिति की महिला मोर्चा की हजारों सदस्यों ने महिला आरक्षण बिल पास ना होने पर विपक्ष के रवैये के प्रति रोष व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया और इस बिल के समर्थन में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला तथा प्रधानमंत्री के नाम जिला. धिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रान्ति गुरु चन्द्रमोहन के सन्देश में समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मृदुला के नेतृत्व में मोनिका, पंकज, बबीता, प्रतिमा, अलका, नेहा, राजबीरी ने कहा कि संसद में जो गहिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ हम सब के लिए ये बड़ा दुर्भाग्य पूर्ण रहा।

हमारे देश में महिलाओं को आधी आबादी मानते हैं इसलिए महिलाओं को 33 प्रतिशत नहीं बल्कि पूरे 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए और महिला विरोधी सोच के लोग 33 प्रतिशत हम महिलाएं इस देश की आधी आबादी हैं इसलिए हमें आरक्षण भी आधा मिलना चाहिए यदि ऐसा नहीं होता है तो हम हिन्द मजदूर किसान समिति की महिला मोर्चा भविष्य में हर एक जिला मुख्यालय पर हजारों महिलाएं एकत्रित होकर अपनी मांग रखेंगी और अन्य भी महिलाओं को जागरूक करेंगी कि वोट उसी को दी जाए जो महिला आरक्षण के पक्ष में हो।

## स्कूलों की टंकियों की सफाई नहीं करा रहा बेसिक शिक्षा विभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक तरफ सरकार स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर अभियान चलाती है और बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के संचालन पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन स्कूलों की जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उल्टी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में रखी गई पानी की टंकियों की सफाई नहीं कराई जा रही है। स्कूलों के जिम्मेदार स्टाफ का इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। स्टाफ के पास इस बात की भी जानकारी नहीं है कि पूर्व में सफाई कब कराई गई थी। जनपद के स्कूलों में इन टंकियों की हालत बद से बदत्तर है। कई स्कूलों में टंकियों के ऊपर से ढक्कन गायब है और बंदर इनमें डूबकियां लगाते हुए देखे जा सकते है। जब इन टंकियों का पानी उबल कर बहता रहता है, तो पक्षी भी इसमें पानी पीते है। इन टंकियों की सुरक्षा व सफाई को लेकर न तो बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी और न ही स्टाफ चिंतित है। जो कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक स्थिति है। विद्यार्थी इन टंकियों का पानी इस्तेमाल करने को मजबूर है। भीषण गर्मी के मौसम में यह लापरवाही जानलेवा भी साबित हो सकती है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में ज्यादातर गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते है। इन परिवारों में जागरूकता का अभाव रहता है। उन्हें इस लापरवाही के बारे में कोई जानकारी भी नहीं होती है। मगर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते है। जिला प्रशासन भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।




## मुजफ्फरनगर मैडिकल कॉलेज के डाक्टर अब शहर में देखेंगे मरीज

**मुजफ्फरनगर** मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरनगर के द्वारा सदर बाजार में ओ पी डी का शुभारंभ किया गया नवस्थापित मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज द्वारा संचालित ओपीडी सेंटर का भव्य उद्घाटन माननीय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ढ्ढब्डव्क्ष् डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, चिकित्सकगण एवं प्रबंधन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

इस ओपीडी सेंटर की स्थापना प्रबंधन के अथक प्रयासों का परिणाम है, जिसके माध्यम से क्षेत्र के मरीजों को अब अपने ही शहर में अनुभवी एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं सुलभता से उपलब्ध हो सकेंगी। इस केंद्र में जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, स्किन एवं वी.डी., ईएनटी, जनरल सर्जरी, साइकियाट्री, गायनी एवं आईवीएफ, पीडियाट्रिक्स, यूरोलॉजी तथा पैथोलॉजी की सुविधा जैसी विभिन्न विशेषज्ञताओं की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।ओपीडी सेंटर में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी, इससे आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।प्रतिदिन यहां पर अनुभवी डॉक्टर्स प्रात: 10.00 बजे से 3.00 बजे तक रोजाना अपनी सेवाएं न्यूनतम दरों पर प्रदान करेंगे उद्घाटन समारोह में डॉ. सुनील तेवतिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के केंद्र स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह ओपीडी सेंटर क्षेत्र के लोगों के लिए



अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित में कार्य करने का संकल्प दोहराया। मुख्य रूप से डॉक्टर रो. हताश सिंह यादव प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, सी एम एस डॉक्टर कीर्ति गोस्वामी,डॉक्टर सज्जाद मंजूर, डॉक्टर गौतम आनंद, डॉक्टर भारती माहेश्वरी,डॉक्टर स्मिता त्यागी,डॉक्टर आशीष नागर, डॉक्टर नितिन तोमर,डॉक्टर मनीष अग्रवाल,डॉक्टर पंकज मौजूद रहे!




## किशोरी के अपहरण और धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने किशोरी के अपहरण और परिजनों को हत्या की धमकी देने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना का मुकदमा लडकी के परिजनों ने 20 दिन पूर्व दर्ज कराया था और मिल रही धमकी से परिवार भयभीत था। आज लिखा पढी के बाद पुलिस ने जनपद सहारनपुर के आरोपी को जेल भेज दिया है। एक पीडिता ने 1 अप्रैल को नई मंडी पुलिस को सूचना देकर बताया था कि दीपक पुत्र प्रमोद निवासी बीराखेडी थाना गंगोह जिला-सहारनपुर उसके पति को फोन पर हत्या की धमकी दे रहा है और उसकी बेटी को उठाकर ले जाने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भागदौडी शुरू की। पुलिस ने इस मामले में दीपक पुत्र प्रमोद को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी की उम्र 19 वर्ष है और लिखा पढी के आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

बता दे कि पुलिस छात्रा व महिला संबंधी अपराध में लगातार सख्त कार्यवाही कर रही है। नई मंडी पुलिस भी अब तक छेडखानी और महिला उत्पीडन के मामले में कई लोगों को जेल भेज चुकी है। विगत दिवस भी नई मंडी पुलिस ने मां-बेटी से मुंहभाषा और दुर्व्यवहार करने के आरोपी दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इससे पहले पुलिस ने युवती से छेडखानी करने के आरोप में बाइक सवार युवक को खासा सबक सिखाया था



# पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर अवैध धंधे में लिप्त तीन को पकडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** रविवार को थानाध्यक्ष जयवीर सिंह के नेतृत्व में चौकिंग अभियान के दौरान थाना उपनिरीक्षक संजय कुमार द्वारा पुलिस कर्मियो के सहयोग से ट्रक पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर अवैध धन्धे करने वाले तीन लोगो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कईफर्जी प्लेट बरामद कर उनके विरुद सम्बंधित धाराओ मे मुकदमा पंजीख्रत किया गया है । पुलिसने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कस्बे के मौ0 जाहिद पुत्र अख्तर निवासी मौ. खेडा दरवाजा,

इस्तेकार पुत्र यामीन निवासी मो. झोझगान, फुरकान पुत्र सुलतान द्वाराअलग-अलग दो ट्रैकों को एक ही नंबर प्लेट द्वारा चलाने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है इस नम्बर का ट्रक हसन अली के नाम पर पंजीकृत है ट्रक सख्या न्ज्ञ 17ज्ञ 5315 के लोन की किस्त टूटने के कारण तथा बीमा न होने के कारण उक्त ट्रक मालिक की सहमति से हसन अली की उक्त गाडी पर उसके दामाद इस्तेकार व मौ. जाहिद के द्वारा फुरकान की सहमति से उसके ट्रक नं0 न्ज्ञ 17ज्ञ 1519 की फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चलाते थे। पुलिस द्वारा इन तीनों आरो. पियोंको खाईखेडी रोड पुरकाजी सत्यविहार कालोनी के पास से करीब 11 बजे मय दो ट्रक मय 06 नम्बर प्लेट व हसन अली की ट्रक सं0 न्ज्ञ 17ज्ञ 5315 में ट्रक सं0 न्ज्ञ 17ज्ञ 1519 से ई-वे बिल बनाकर परिवहन करने के कारण गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पुरकाजी ने धोखाधड़ी, जालसाजी के मामले में बीएनएस पंजीख्रत किया गया। अभियुक्त गण को समय से माननीय न्यायालय भेजा गया।

## आज 4 घंटे गुल रहेगी बुढ़ाना की बिजली

**बुढ़ाना।** बिजनेस प्लान 2024- 25 के तहत 33 केवी बुढ़ाना लाइन पर होने वाला शटडाउन अपरिहार्य कारणों से सोमवार को नहीं हो सका। अब यह कार्य मंगलवार को किया जाएगा। इसके चलते बुढ़ाना टाउन, बुढ़ाना देहात और कुरथल बिजली घर से जुड़े सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक बाधित रहेगी। शिव कुमार अवर अभियंता बुढ़ाना टाउन बिजली घर ने बताया कि लंबे स्पेन में नए पोल लगाने का कार्य आवश्यक है ताकि गर्मी के मौसम में लाइन ट्रिपिंग व फॉल्ट की समस्या से बचा जा सके।

## लू के चलते जनपद के स्कूलों का समय बदला

**मुजफ्फरनगर।** लू-प्रकोप हीट वे के मद्देनजर विद्यालय का समय बदल गया है परिषदीय विद्यालय प्रात: 07.30 बजे से अपरान्ह 01.30 बजे एक संचा. लित किए जाएंगे। प्रदेश के बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि विद्यालयो में पठन पाठन के लिए छात्र-छात्राएं प्रात: 07:30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। इसी तरह विद्यालय में प्रार्थना सभा,योगाभ्यास प्रात: 07.30 बजे से 7.40 बजे तक तथा मध्यावकाश प्रात: 10.00 बजे से 10.15 बजे तक होगा। शिक्षक,शिक्षामित्र,अनुदेशक कर्मचारी विद्यालय में प्रात: 07.30 बजे से अपरान्ह 01.30 बजे तक उपस्थित रहकर शैक्षिणिक, प्रशासकीय एवं अन्य कार्यों को पूर्ण करेंगे।

## युवक पर फायरिंग सें सनसनी

**मीरापुर।** ग्राम कासमपुर खोला निवासी जोनी ने मीरापुर थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका भाई मोहित पुत्र संजू 18 अप्रैल की शाम वह साइकिल से जानवर चराकर अपने गांव लौट रहा था। जब वह अजब सिंह पुत्र स्वराज के टड्बवेल के पास पहुंचाए तभी वहां पहले से मौजूद रणवीर पुत्र हुकुम सिंह ने उसे रुकने के लिए आवाज दी। बताया जाता है कि मोहित के न रुकने पर आरोपी रणवीर ने उस पर अचानक फायरिंग कर दी। गोली लगने से मोहित गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। परिजन तुरंत घायल को उपचार के लिए मेरठ के एक निजी अस्पताल में ले गएए जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर 19 अप्रैल की रात आरोपी रणवीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। मीरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# कविता मीणा का हापुड़ तबादला, प्रणता ऐश्वर्या बनी एमडीए वीसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियो में बड़ा फेरबदल किया है। इस सूची में मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीणा को अब हापुड़ का जिलाधिकारी बनाया गया है, जबकि श्रीमती प्रणता ऐश्वर्या को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि कविता मीणा भी सीडीओ के पद से मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकारण की उपाध्यक्ष बनी थी, जिन्होंने जिले को कई नई सौगात दी है। निवर्तमान उपाध्यक्ष कविता मीणा का मुजफ्फरनगर में कार्यकाल दो वर्ष से अधिक रहा। उनका कार्यकाल विकास कार्यों के लिए विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शहर की कई अटकी हुई और महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने में अहम भूमिका निभाई। विशेष रूप से भोपा रोड स्थित 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के अंतर्गत निर्माण कार्य और जीआईसी मैदान में 'महाराजा परिक्षित हैप्पीनेस पार्क' का विकास उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां रही हैं। उनके कार्यकाल में शहर के सौंदर्यकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को काफी गति मिली थी। अब नई उपाध्यक्ष प्रणता श्वर्या के सामने शहर के जारी विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और प्राधिकरण की नई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की जिम्मेदारी होगी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पौत्र आसिफ पुत्र साजिद मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने आसिफ से सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**शमीमा पत्नी स्व. नसरूदीन**
**निवासी- 1582 , गली नं.6**
**लद्दावाला थाना कोतवाली नगर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# एसएसपी ने व्यास पीठ पर किया पोथी पूजन

**मोरना।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि भागवत धरा में कथा सुनना सौभाग्य और प्रभु कृपा है। शुकतीर्थ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहयोग पुलिस की प्राथमिकता रहेगी।

एसएसपी संजय वर्मा अपनी धर्मपत्नी डा. नीलम राय वर्मा के साथ भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम पहुंचे। उन्होंने सिद्ध अक्षय वट और शुकदेव मंदिर में पूजन किया। वीतराग स्वामी कल्याणदेव संग्राहलय का अवलोकन कर वर्मा ने संत विभूति के विराट व्यक्तित्व को अनुकरणीय और प्रेरक बताया। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने आशीर्वाद स्वरुप भागवत पीठ का चित्र, प्रसाद और शुकतीर्थ साहित्य भेंट किया। एसएसपी ने कहा कि स्वजनों के संकल्प से भागवत धरा पर कथा यज्ञ का अवसर मिलना निश्चित ही हमारे परम् सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि तीर्थ में देशभर से भागवत कथा सप्ताह को श्रद्धालु आते है। उनकी सुरक्षा और सहयोग भी पुलिस का कर्तव्य है।

इससे पूर्व एसएसपी ने सपत्निक अपनी सास जयश्री राय की पुण्य स्मृति में चल रही भागवत कथा में पोथी पूजन कर कथा व्यास पंडित अचल कृष्ण शास्त्री को माल्यार्पण किया। मऊ



से पधारे मुख्य यजमान अरुण शंकर राय ने अतिथियों का सत्कार किया। ट्रस्टी ओमदत्त देव, थाना प्रभारी जसबीर सिंह, दरोगा दीपक, मनोज,दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डीएवी में बीएड स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर का समापन

**मुजफ्फरनगर।** डी.ए.वी. महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में चल रहे पांच दिवसीय बी. एड. स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन विशिष्ट परिचयात्मक प्रशिक्षण शि. विर का समापन हुआ। प्रात: कालीन बेला में दीक्षा देकर शिविरार्थियों को अंतरराष्ट्रीय संस्था का सदस्य बनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने शिविरार्थियों को आशीर्वचन देते हुए समस्त प्रतिभागियों को जीवन में भ्रातृभाव तथा सेवाभाव से ओत प्रोत भावी पीढ़ी के निर्माण हेतु प्रेरणा दी। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त ने छात्रों को दृढ़ता एवं साहस के साथ जीवन की समस्त चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. सुनीता शर्मा पूर्व विभागाध्यक्षा ने शिविरार्थियों को जीवन में मानवीय मूल्यों को अपनाने हेतु आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मुकेश चांद जिला आयुक्त रोवर्स प्रो. सुषमा सैनी समन्वयक रोवर रेंजर्स, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय , विजय कुमार शर्मा जिला आयुक्त (स्काउट), डॉ. राजेश कुमारी जिला आयुक्त (गाइड), सुनील कुमार शर्मा जिला कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। शिविर का संचालन रेणु गर्ग जिला प्रशिक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यापक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो.संगीता श्रीवास्तव ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा लोकगीत नुक्कड नाटक, नशे का चक्रव्यूह प्रस्तुत किया।



**सूचना**

मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र संख्या-13281/06.11.2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम 'आयत' है पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ.सलमान पुत्र अफजाल**
**निवासी 1142 खालापार**
**मुजफ्फरनगर उ.प्र.251002**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील खतौली, मु.नगर अपील सं. टी-202409550603237 सन 2024 शबाना फात्मा पुत्री अली मसूद जैदी निवासी ग्राम शेखपुरा, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। बहैसियत बेनिफिशयरी वक्फ अलमदार हुसैन वक्फ 1747 ...अपीलार्थी बनाम 1. कुमारी तमन्ना पुत्री हसनैन निवासी ग्राम नरा तहसील वं जिला मुजफ्फरनगर। 2. गोपाल पुत्र हुक्म सिंह निवासी नमक मण्डी मीरापुर परगना धुम्मा सम्भलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 3. अशोक कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी नई बस्ती लल्लापुरा मेरठ। 4 श्रीमान अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति शेखपुरा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम शेखपुरा तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।.. उत्तरदातागण अपील अन्तर्गत धारा-35(2) उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम- शेखपुरा परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर हरगाह मिनजानिब अपीलार्थी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 24.04.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात - से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही, की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख. 13.04.2026 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी खतौली**

# बाल विकास परियोजना कार्यालय का शुभारंभ



**बुढाना।** ब्लॉक में नव निर्मित बाल विकास परियोजना अधिक. ारी कार्यालय का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया जिसमें अधिकारियों व स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर 8वें पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक कार्यशाला व जन जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

कार्यक्रम डीएम व सीडीओ के निर्देशन व जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शुभारंभ समारोह में बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती सुमन तोमर, डॉक्टर राजीव कुमार, सुपरवाइजर ईशा त्यागी, शिवानी, दीपा सैनी व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित सैनी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान डॉक्टर राजीव कुमार ने बाल विकास परियोजना अधिक. ारी सुमन तोमर को सम्मानित किया व सब स्टाफ को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा ये कार्यालय क्षेत्र में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चल रहे 8वें पोषण पखवाड़ा की थीम जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास पर विशेष चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि जन्म से लेकर 6 वर्ष तक की आयु में बच्चों के मस्तिष्क का तेजी से विकास होता है इसलिए इस दौरान संतुलित पोषण सही देखभाल और सकारात्मक वातावरण अत्यंत आवश्यक है। जन जागरुकता कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की सक्रिय भागीदारी रही। ममता, विनीता, उमा, पुष्पा, संगीता, सुनीता, रेखा, प्रीति, गीता, नीशू, सुधा, प्रियंका समेत कई कार्यकत्रियां मौजूद थी। सबने पोषण व बाल विकास से जुड़े संदेशों को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करते हैं। नया आफिस क्षेत्र के विकास कार्यो को गति देने में अहम साबित होगा।

# सेंट जेवियर्स में हुआ ग्रेजुएशन डे समारोह का आयोजन

**भोपा।** मुज़फ्फरनगर -भोपा मार्ग पर स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मेधावी छात्र, छात्राओं को पुरुष्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी, अनुशासित एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही वहीं सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्रा, अनुशासन पुरस्कार एवं उत्कृष्ट प्रगति पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप राणा, एडिशनल जनरल मैनेजर, सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ् इंडिया लिमिटेड रहे। जिन्होंने अपने संबोधन में सोलर ऊर्जा के महत्व को सरल एवं प्रेरणादायक शब्दों में समझाते हुए बताया कि आने वाला समय नवीकरणीय ऊर्जा का है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा सोलर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में करियर की अपार संभावनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



विद्यालय की प्रधानाचार्य ने अपने उद्‌बोधन में सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में उनके सहयोग, मार्गदर्शन एवं विश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।कार्यक्रम में अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया।

# मुनि आगमन व ताडका वध रामलीला का किया मनोहारी मंचन

**मोरना (मुजफ्फरनगर)।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित पांडवकालीन पार्वती मंदिर में मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव के अवसर पर श्रीरामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रविवार की रात में कलाकारों ने मुनि आगमन व ताडका वध की लीला का मनो. हारी मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

काशी से पधारे स्वामी ज्ञानेश्वरानंद तीर्थ महाराज एवं संस्थापक ज्योतिषविद डॉ. अयोध्या प्रसाद मिश्र महाराज ने आरती व दीप प्रज्जवलित किया। जिसके बाद चित्रकूट धाम आदर्श श्रीराम जानकी मंडल के संचालक बबलू पांडेय के निर्देशन में श्री रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

रविवार रात्रि में मुनि विश्चवामित्र आगमन व ताडका वध की लीला का मंचन हुआ। जिसमें राम का अभिनय रजनीश, लक्ष्मण का अनुज द्विवेदी, दशरथ का पंकज तिवारी ने किया जबकि ताडका का अभिनय बीएल पांडेय, मुनि विश्चवामित्र का छोटू पाठक, मारिच ठाकुर बजरंग सिंह ने किया। व्यास अखिलेश कुमार ने चौपाइयों को प्रस्तुत किया। रामलीला में स्वामी श्यामदेव आश्रम, स्वामी रामदेव आश्रम, जय राम आश्रम, इंद्रदेव आश्रम के संतों सहित आशीष मिश्रा, ज्योति, राजा भैया मिश्रा, सोमांशु व अन्य



श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। रामलीला देखने के लिए शुकतीर्थ के साथ-साथ फिरोजपुर, बहुपुरा, शुक्रतारी, इलाहाबास, मोरना, ककराला समेत आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**सूचना**

शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज बुडीना कलां मुजफ्फरनगर की कृषि योग्य भूमि(जमीन)जो लगभग 28 बीघा है, को आगामी दो वर्षो के लिए ठेके पर देने हेतु 24.04.2026 को विद्यालय भवन में नीलामी की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति भाग लेने का कष्ट करे।

**भवदीय**
**रवीन्द्र कुमार**
**प्रबंधक**

**सम्बन्ध विच्छेद**



में सोनिया पुत्री गंगाराम निवासी ए 522 गली नंबर 8 अमर कॉलोनी ईस्ट गोकलपुर शाहदरा नोर्थ ईस्ट दिल्ली की निवासी हूं। मेरी शादी करीब 12 साल पूर्व आदेश पुत्र हवाई सिंह निवासी 192 राय 69 सोनीपत हरियाणा से हुई थी। मेरा पति आदेश चोर, शराबी व कबाबी है। ये कई बार जेल जा चुका है। शादी से पूर्व भी चोरी करता था और शादी के बाद भी चोरी कर रहा है। मेरे समझाने से नही मानता। आदेश की मां सुनीता, पिता हवाई सिंह भी इसे चोरी करने से नहीं रोकते बल्कि इससे चोरी कराते हैं। मेरे 2 नाबालिग बच्चे प्रियांशु व तनु हैं। आदेश मुझे मारता पीटता है। हत्या की धमकी देता है। मेरे पति ने दूसरी शादी कर ली है। जिससे में दुखी होकर बच्चों सहित अलग रह रही हूं। ये मुझे या मेरे बच्चों को कोई भी हानि पहुंचा सकता है। मेरे घर का सामान व जेवर सब इसने बैंच खाए। अब मैंने अपने पति आदेश को अपनी जिन्दगी से निकाल दिया है। मेरा या मेरे बच्चों का इससे कोई लेना देना नही और न ही भविष्य में होगा। भविष्य में ये अच्छा या बुरा कार्य करेगा उसका ये खुद जिम्मेदार होगा या फिर आदेश के मां और बाप जिम्मेदार होंगे।

# साप्ताहिक बंदी पर फूटा असंतोष, भूड़ में पालन, नगर में बेअसर आदेश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सोमवार को कस्बे में लागू साप्ताहिक बंदी ने प्रशासनिक व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी। एक ओर भूड़ क्षेत्र में व्यापारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अधिकांश दुकानें बंद रखीं, तो दूसरी ओर मुख्य नगर क्षेत्र में आदेशों की खुलकर अनदेखी होती रही और बाजार सामान्य दिनों की तरह चलते दिखाई दिए। लंबे समय से साप्ताहिक बंदी को लेकर व्यापारियों के बीच नाराजगी बनी हुई है। खासकर भूड़ क्षेत्र के व्यापारियों का कहना था कि नगर के कई दुकानदार नियमों को दरकिनार कर दुकानें खोलते हैं, जिससे बंदी का पालन करने वालों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसी समस्या को लेकर व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी ललित मिश्रा को ज्ञापन देकर सख्ती की मांग की थी। प्रशासन ने इस पर कार्रवाई करते हुए साप्ताहिक बंदी को प्रभावी बनाने के निर्देश तो जारी किए, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका असर नजर नहीं आया। नगर के मुख्य बाजारों में अधिकांश दुकानें खुली रहीं, जिससे यह साफ हो गया कि बिना सख्ती के आदेश केवल कागजों तक सीमित रह जाते हैं।

इसके विपरीत भूड़ क्षेत्र में बंदी का व्यापक असर दिखा। यहां करीब 80 प्रतिशत दुकानों पर ताले लटके रहे और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। व्यापारियों का कहना है कि यदि प्रशासन पूरे कस्बे में एक समान नियम लागू करे, तभी बंदी व्यवस्था सार्थक हो सकती है। वही नगर में कुछ दुकानदारों ने दुकानें बंद रख बंदी का असर दिखाया लेकिन वही



ये ही दुकानदार अपनी अपनी दुकानों के आगे शटर बंद कर दुकानों के आगे ग्राहकों का इंतजार करते रहे और ग्राहक के आते ही दुकानों शटर खोल ग्राहकों से साथ दुकानों के अंदर पहुँच दुकानदारी करते दिखाई दिए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सख्ती नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सभी के लिए समान व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

# नामित सभासदों को मंत्री चेयरमैन ने दिलाई शपथ

मुजफ्फरनगर । नगर पालिका में नामित पांच नए वार्ड सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई। सोमवार को नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित समारोह में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, एसडीएम सदर प्रवीण द्विवेदी ने नव नियुक्त सभासद अभिजीत गंभीर, रवि पाराशर, अमन तोमर, सचिन सैनी और अमित कुमार को विधिवत शपथ दिलाई । शपथ ग्रहण के बाद सभी नए नामित सभासदों का फूलमाला और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। में नगर विधायक एवं राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि पांच नए नामित सभासदों के शामिल होने से नगर पालिका बोर्ड की संख्या 55 से बढ़कर 60 हो गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे शहर के विकास कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा सभी सदस्य आपसी समन्वय के साथ नगर के विकास को नई दिशा देंगे। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सभासद और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## बेगुनाह युवक को थाने में दी थर्ड डिग्री

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में पुलिस की बर्बरता का मामला सामने आया है। एक लापता नाबालिग के मामले में पूछताछ के बहाने पुलिस ने एक बेगुनाह युवक को घंटों हवालात में बंद रखा और जमकर पिटाई की। काफी देर तक चले हंगामे और क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने युवक को क्लीन चिट देते हुए रिहा किया। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुल्हेड़ी निवासी नूर आलम को पुलिस कई माह पुराने एक मुकदमे के सिलसिले में उठाकर थाने लाई थी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपने लड़के का नाम ALI से बदलकर ALI VASEEM रख लिया है। भविष्य में मेरे बेटे को ALI VASEEM S/O VASEEM AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए।
पता-ग्राम दधेड़ू खुर्द, 251001
जिला मुजफ्फरनगर (उप्र)

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स.1529/01.02.23 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम वेदिका वर्मा है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अमित वर्मा, सिसौली**
**मुजफ्फरनगर**

# ट्यूबवैल पर शव की खबर निकली अफवाह

## मौके पर पहुंची पुलिस को नहीं मिला कोई मृतक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चांदसमन में सोमवार को एक अजीबोगरीब घटना ने लोगों को कुछ समय के लिए दहशत में डाल दिया। खेत में टड्बवेल के पास एक व्यक्ति के मृत पड़े होने की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, तुरंत हरकत में आते हुए कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। हालांकि, मौके पर पहुंचने पर स्थिति बिल्कुल उलट निकली। जहां ग्रामीणों ने शव होने की बात कही थी, वहां कोई भी मृत व्यक्ति नहीं मिला। बताया गया कि जिस व्यक्ति को ग्रामीणों ने मृत समझ लिया था, वह पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां से चला गया।जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी गुलाब सिंह के टड्बवेल के पास खेत में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया था। राहगीरों ने उसे मृत समझकर तत्काल पुलिस को सूचना दे दी। लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती, वह व्यक्ति वहां से गायब हो चुका था। पुलिस ने आसपास के खेतों में काफी देर तक खोजबीन की, मगर उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इस घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। ग्रामीणों का मानना है कि तेज गर्मी के कारण कोई राहगीर चक्कर खाकर गिर पड़ा होगा और होश में आने के बाद खुद ही वहां से चला गया। फिलहाल पुलिस ने किसी भी अनहोनी से इनकार करते हुए मामले को सामान्य बताया है। शव की सूचना से शुरू हुआ यह मामला आखिरकार अफवाह साबित हुआ, लेकिन कुछ समय के लिए इसने पूरे इलाके में हलचल जरूर मचा दी।

### किशोर से किया कुकर्म

**खतौली।** कस्बे में एक किशोर के साथ कुकर्म की घटना अंजाम देकर सनसनी फैला दो। आरोप है कि 18 वर्षीय युवक किशोर को बहला-फुसलाकर एक धार्मिक स्थल की छत पर ले गया और वहां जबरन उसके साथ कुकर्म किया।घटना के बाद डरे-सहमे किशोर ने परिजनों को पूरी बात बताई, जिससे परिवार में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने आरोपी की तलाश की, लेकिन आरोप है कि युवक और उसके साथियों ने उल्टा कार्रवाई करने पर किशोर को जान से मारने की धमकी दे डाली। इससे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की। शिकायत में बताया गया कि आरोपी युवक धोखे से किशोर को अपने साथ ले गया और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोर को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# भगवान लक्ष्मी नारायण की प्राण प्रतिष्ठा से महका बैकुंठ धाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना/ मुजफ्फरनगर।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित श्री निकेतन बैकुंठ धाम में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा श्रद्धा, आस्था और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से संपन्न हुई।

कार्यक्रम में मठ के संस्थापक स्वामी नारायण दास महाराज एवं उनके उत्तराधिकारी शिष्य महंत आशीष महाराज के सानिध्य में मध्य प्रदेश के शिवपुरी से पधारे षटकोप आचार्य व राजू आचार्य, मथुरा के रामख्रष्ण आचार्य, वृंदावन के अरविंद आचार्य व ऋषि आचार्य ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच निक. ेतन बैकुंठ धाम में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए रामानुट कोट आश्रम के महंत आचार्य विष्णु महाराज ने कहा कि भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की आराधना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

उन्होंने कहा कि जहां भगवान का वास होता है, वहां नकारात्मक शक्तियां स्वत: ही समाप्त हो जाती हैं और भक्तों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें संत-महात्माओं एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन में राजपाल सिंह, सोम डीलर, नीले सिंह, ताज सिंह कश्यप, अनिल, कपिल, सुरजीत, राजेश सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# साहित्यकार कौशिक भीष्म साहनी पुरस्कार से सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** पूर्व प्रवक्ता एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राकेश कौशिक की कहानी संग्रह 'उस दिन' पर परिचर्चा का कार्यक्रम एसपीएम डिग्री कॉलेज, जानसठ रोड, में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध लेखक एवं श्री राम कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. एस एन चौहान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रुड़की उत्तराखंड से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण सुकुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आकाशवाणी नजीबाबाद से वरिष्ठ कवयित्री सुनीता सोलंकी ने मां सरस्वती की वंदना की। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ साहित्यकार एवं सुप्रसिद्ध कवि तथा विद्यालक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ कीर्ति वर्धन अग्रवाल द्वारा संस्था की ओर से डॉ राकेश कौशिक को भीष्म साहनी सम्मान एवं कृष्ण सुकुमार को फणीश्वर नाथ रेणु सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ कीर्ति वर्धन अग्रवाल ने डॉ राकेश कौशिक की कहानी संग्रह 'उस दिन'पर प्रकाश डाला।कभी हम तो कभी कहानी के चरित्र एक दूसरे से प्रेरित लगते हैं। मुख्य अतिथि कृष्ण सुकुमार ने कहानी एवं संस्मरण के अंतर को बड़ी ही बारीकी से परिभाषित किया। उन्होंने कहानी में किरदारों की काल्पनिकता और वास्तविकता के भेद को भी समझाया। विशिष्ट अतिथि इंद्रदेव भारती ने बड़े अनोखे और अलग अंदाज में कहानी संग्रह की समीक्षा की। उन्होंने एक कविता के माध्यम से सभी कहानियों के मर्म को उजागर किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कहानीकार प्रदीप जैन, मनु स्वामी, योगेंद्र सोम, डॉ केडी कौशिक, साहित्यकार विनय नोक,ब्रजेश्वर त्यागी, वी एस वर्मा,सुरेशचंद शर्मा, बी एस त्यागी,अखिलेश सिंह,वरिष्ठ कवि रामगोपाल भारतीय, कवयित्री प्रतिभा त्रिपाठी,सुमन प्रभा,पूजा गोयल, लेखक विनोद वत्स,पत्रकार आरिफ मोहम्मद,वरिष्ठ कवि एवं कहानीकार रमेश राजहंस,बृजेश गौड़,साहित्यकार विपिन त्यागी,दिनेश शर्मा,कांति राठी,महिपाल राठी,ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष रेणु भारद्वाज, पूनम शर्मा ,नेमपाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# हरिद्वार कुंभ को लेकर रेशू की पूर्व मुख्यमंत्री से चर्चा



**मुजफ्फरनगर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत व सत्यप्रकाश रेशू की हरिद्वार कुंभ 2027 पर विस्तृत चर्चा हुई। ताकि प्रयागराज के कुंभ की तरह हरिद्वार कुंभ को हर प्रकार की सुविधाओं से परिपूर्ण बनाया जाए। रेशू का हरिद्वार में एक नया कुंभ क्षेत्र बनाने का विचार भी त्रिवेंद्र सिंह रावत को खूब भाया।

हरिद्वार में नया कुंभ क्षेत्र बिजनौर व लक्सर रोड पर संभव है। दोनों ही रोड शीघ्र से शीघ्र गंगा एक्सप्रेसवे व दिल्ली हरिद्वार एक्सप्रेसवे से जुड़ जायेगे। जिससे हरिद्वार के अंदर व हर की पौड़ी क्षेत्र का यातायात कम हो जायेगा। यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेशू ने हर यात्री को कुंभ में आने से पूर्व स्वयं को कुंभ ऐप पर रजिस्टर्ड करने का सुझाव भी दिया। जिससे यात्री के हर पल की जानकारी आसानी से उपलब्ध रहेगी। साथ ही रजिस्टर्ड तीर्थयात्री का इनश्योरेन्स भी रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गंगाजल की पवित्रता, संतो के मंडपों, आम भक्तों के भोजन, सुरक्षा, स्नान, पूजा पर भी विस्तृत चर्चा की। रेशू ने यह भी कहा कि महिला भक्तों को हरिद्वार कुंभ 2027 में विशेष सुविधाएं मिलनी चाहिए। ताकि छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक की जिम्मेदारी निभाने वाली महिलाएं हर काम सुलभता से कर सके। पूर्व मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ 2027 को सफल व भव्य बनाने के लिए ;षिकेश में चल रहे बाईपास मार्ग की चर्चा की। जो अतिशीघ्र बनाकर ऋषिकेश के यातायात बोझ को काम करेंगे। जिससे कुंभ 2027 की भक्त आसानी से चार धाम भी जा सकेगें।

### भाभी के विरुद्ध बुढाना सीओ से की शिकायत

**बुढाना।** भाभी के विरुद्ध बुढ़ाना सीओ को शिकायत भेजी गयी हैं। अनीस पुत्र खलील निवासी गांव जौला ने बुढाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय को भेजे गये एक प्रार्थना पत्र में बतलाया कि उसकी भाभी सुरैया पत्नी नफीस निवासी गांव जौला एक आवारा किस्म की शातिर महिला है। जो कि मेरे भाई नफीस के साथ लडती झगडती रहती थी। सुरैया ने जबरदस्ती मेरे भाई से 02 साल से तलाक ले रखा है। सुरैया मेरे और मेरे अन्य भाईयों शहजाद, रईस और अनीस पुत्रगण खलील निवासीगण जौला पर दो बार बलात्कार और मारपीट के झूठे केस लगा चुकी है। जिसमें हमने पुलिस को सारी बात बताकर अपनी जान और इज्जत बचायी थी। अब फिर से सुरैया गांव जौला में खुलेआम घूम रही है तथा मुझे और मेरे परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही है। बीती 19 अप्रैल को सुरैया ने लडाई झगडा करके और झूठे आरोप लगाकर मेरे भाई शहजाद को बुढाना पुलिस से उठवा दिया है। शहजाद को पुलिस ने बुढ़ाना कोतवाली के लाकअप में बंद किया हुआ है। इसलिए बुढ़ाना पुलिस सुरैया के खिलाफ कार्यवाही कर उसके भाई शहजाद को छोड़े। आज पीड़ित ने यह शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी, जनपद मुजफ्फरनगर के एसएसपी, बुढाना कोतवाल और जन सुनवाई को भी भेजी है। उधर इस मामले में आज एसएसपी ने पीड़ित पक्ष की बात को सुनते हुए बुढ़ाना पुलिस को उक्त मामले की जांच के निर्देश दे दिए हैं।

### लोकेंद्र कुमार को मिली समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी की संस्तुति व समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार जाटव ने लोकेंद्र कुमार सिमरथी को समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी मुजफ्फरनगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए मजबूत जिला कार्यकारिणी गठन का निर्देश दिया है।

### डीएम के निर्देश पर एसडीएम की बड़ी कार्रवाई

( महक कुरैशी/नसीम कुरैशी )

**बुढाना।** तहसील क्षेत्र में जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हबीबपुर स्थित एक ईंट भटे से 37 बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया है। उपजिलाधिकारी बुढ़ाना कृष्णकांत ब्विवकर्मा ने फुगाना पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मजदूरों को कब्जे से छुड़ाया और अपनी देखरेख में उन्हें सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। कार्रवाई के दौरान फुगाना थाने की पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद रही। प्रशासन को सूचना मिली थी कि हबी. बपुर के एक भटे पर कई परिवारों को बंधक बनाकर ईंट पथाई का काम कराया जा रहा है और उन्हें मजदूरी भी नहीं दी जा रही। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी कृष्णकांत को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत ब्विवकर्मा, तहस. ीलदार महेंद्र सिंह यादव और फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार के साथ भटे पर पहुंचे और छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भटे पर महिला व बच्चों समेत कुल 37 मजदूर मिले जिन्हें ठेकेदार ने अग्रिम पैसे देकर बंधक जैसा बना रखा था। मजदूरों ने बताया कि उन्हें कई महीनों से पूरी मजदूरी नहीं दी गई और भटा छोड़कर जाने पर धमकाया जाता था। एसडीएम ने मौके पर ही सभी मजदूरों के बयान दर्ज किए और मुक्ति प्रमाण पत्र जारी कराए। मुक्त कराए गए सभी मजदूर बिहार व झारखंड के रहने वाले हैं। प्रशासन ने पहले सभी को भोजन कराया और उनकी पूरी मजदूरी का हिसाब कराकर भटा मालिक से भुगतान कराने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद बुढ़ाना उप जिला अधिकारी कृष्णकांत ब्विवकर्मा की देखरेख में सभी मजदूरों को वाहन से सुरक्षित उनके घरों के लिए रवाना किया गया। एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत ब्विवकर्मा ने कहा कि बंधुआ मजदूरी कराना गंभीर अपराध है। दोषी भटा मालिक व ठेकेदार के खिलाफ बंधुआ मजदूर अधिनियम व अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले में कहीं भी बंधुआ मजदूरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी एसडीएम व श्रम विभाग को अपने-अपने क्षेत्रों में ईंट भटों, फैक्ट्रियों व अन्य संस्थानों की जांच कर बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि कहीं भी बंधुआ मजदूरी की सूचना मिले तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अमन कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, फुगाना थाना प्रभारी मौजूद थे।

# चार युवकों ने अन्य युवक के संग की मारपीट

**बुढ़ाना।** चार युवकों ने एक अन्य युवक के साथ अकारण ही मारपीट कर दी। बुढ़ाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कुवंर पाल पुत्र सुखवीर निवासी कस्बा बुढ़ाना ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 14 अप्रैल की देर रात उसका पुत्र संदीप भूमिया चौक के पास हुसैनपुर कला गांव में खड़ा हुआ था। तभी शराब पीकर रोहित भूमिया चौक के पास आया। रोहित ने गंदी गंदी गालियां देकर संदीप के साथ मारपीट कर दी। तभी रोहित की तरफ से भूरा और राजकुमार पुत्रगण गोपी व राहुल पुत्र जयवीर भी मौके पर आ गये। इन सभी ने मिलकर हाथ मे सरिया लेकर संदीप के संग मारपीट की जिससे संदीप घायल हो गया। तब बीच बचाव मे आसपास के लोग भी आ गये। ये सभी संदीप को जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। मेरे पुत्र संदीप का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है। पीडित कुंवर पाल ने बुढ़ाना पुलिस से तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# विद्यालय वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन



**बुढ़ाना।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बुढ़ाना- 3 विकास खंड बुढ़ाना में शैक्षिक सत्र 2025- 26 विद्यालय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बुढ़ाना किरण यादव रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षिका सन्तोष कुमारी द्वारा की गयी। सर्व प्रथम मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुति शिक्षा, देश भक्ति गीतों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। उपस्थित सभी अभिभावकों एवम् अतिथियों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित योजनाओं के बारे मे बताया। तथा सभी अभिभावकों से 06 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराने तथा शत प्रतिशत उपस्थित की अपील भी की। इसी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एवम् सर्वाधिक उपस्थित रहने पर पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि कुमारी सहायक अध्यापिका द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यरत शिक्षिका आंचल जैन, अंकित, दीपा सैनी, अनुराधा, भावना, वरुण, पारुल कुमारी, सरिता देवी, वीना कुमारी, अंजु शर्मा, निर्मेश कुमारी, सुमेधा, संजू रानी, हर्ष चौधरी, सुषमा चौधरी व शायरा बेगम का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर बीकेयू शिक्षक प्रकोष्ठ बुढ़ाना के अध्यक्ष विवेक कुमार, कन्या जूनियर बुढ़ाना से मनोज कुमार और पूनम सहायक अध्यापिका कस्तूरबा गांधी विद्यालय बुढ़ाना उपस्थित रहे।

# छात्राओं की रचनात्मक पहल, रंगोली से जताया उत्साह




**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्री कुन्द-कुन्द जैन (पी.जी.) कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत गृह विज्ञान विभाग द्वारा एक सराहनीय आयोजन किया गया।

जिसमें छात्राओं ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के स्वागत में सुंदर और आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस गतिविधि में बी. एससी (गृह विज्ञान) प्रथम वर्ष की छात्राएं निदा, सुब्हाना, फातिमा, कावेरी, रीतू, काजल, नेहा, रीचा, रविश, वंशिका और सृष्टि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे देश की लो. कतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने छात्राओं के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की जागरूकता गतिविधियां समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती हैं। वहीं कार्यक्रम संयोजिका एवं गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पुंडीर सिंह ने कहा कि यह अधि. नियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा और आने वाली पीढ़ी के लिए नए अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. सपना जैन, ई. आशिष जैन, डॉ. स्वेता मलिक, ई. राहुल माहेश्वरी और एकता राजपूत सहित अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### तलवार लहराकर युवक को दी जान से मारने की धमकी, वीडियो वायरल

**मीरापुर।** क्षेत्र में एक युवक को सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा निवासी गुलशेर पुत्र शफीक ने मीरापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका भाई नौशाद सऊदी अरब की एक कंपनी में काम करता है। उसी कंपनी में मीरापुर क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी जुल्फिकार भी कार्यरत था। गुलशेर के अनुसारए जुल्फिकार नशे का आदी था और उसकी गतिविधियों की जानकारी नौशाद ने कंपनी मालिक को दी थी। इस शिकायत के बाद कंपनी ने जुल्फिकार को नौकरी से निकालकर भारत वापस भेज दिया। आरोप है कि नौकरी जाने के बाद से जुल्फिकार नौशाद से रंजिश रखने लगा और उसे लगातार धमकियां दे रहा है। हाल ही में उसने एक वीडियो भेजाए जिसमें वह हाथ में तलवार लेकर नौशाद को जान से मारने की धमकी देता दिखाई दे रहा है। मीरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है।

### सुरेश हत्याकांड में कार्तिक भाटी गिरफ्तार

**रामराज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुटठी इब्राहीमपुर निवासी सुरेश हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपियों सैनिक, विकल के बाद अब कार्तिक भाटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है लेकिन तीसरे आरोपी आदेश गोस्वामी की गिरफ्तारी अभी भी बाकी है।

# आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर लगाया



**मुजफ्फरनगर।** पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. इसमपाल के निर्देशानुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रिम्पल चौधरी के द्वारा जैन कन्या इंटर कॉलेज पटेल नगर में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बालिकाओं को पोषण संबंधी जानकारी दी गई तथा दैनिक जीवन में संतुलित आहार विहार, नियमित दिनचर्याअपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा योग प्रशिक्षक पूनम वर्मा द्वारा बालिकाओं को योगाभ्यास तथा प्राणायाम कराया गया। इस शिविर के आयोजन में प्रधानाचार्या किरण देवी व अन्य अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में कुल लाभार्थी बालिकाओं की संख्या लगभग 350 रही।

# मिल अधिकारियों ने नपं अध्यक्षा के खेतों का किया निरीक्षण



**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन अपर गन्ना आयुक्त समिति डॉक्टर बीबी सिंह, उप गन्ना आयुक्त ओम प्रकाश सिंह, जिला गन्ना अधिकारी संजय सिंह सिसोदिया, गन्ना विकास समिति सचिव ब्रिजेश राय, यूनिट हेड चन्द्रवीर सिंह, वरिष्ठ महा प्रबंधक गन्ना ललित तोमर, डेवलपमेंट हेड डॉक्टर डीएस सिरोही तथा अपर प्रबंधक गन्ना अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान ग्राम शाहडब्बर में किसान सतीश सैनी के खेत पर पेड़ी प्रबंधन कार्यों का खूब बारीकी से अवलोकन किया गया। यहां पर सीओएस 13235 एवं सीओएलके 14201 किस्मों के अंतर्गत ट्रेंच पद्धति आरएमडी का निरीक्षण किया गया और साथ में ही बसंतकालीन गन्ना बुवाई के अंतर्गत सीओएलके 16202 किस्म का भी निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात बुढ़ाना में स्थापित प्रथम वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का निरीक्षण किया गया। जहां किसानों के उपयोग के लिए वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा अधिकारियों की टीम ने बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल के पति किसान सुबोध त्यागी के खेतों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। जहां पर अक्टूबर माह में सीओएलके 16202 एवं सीओएलके 14201 किस्मों की गन्ना बुवाई का अवलोकन भी किया गया।

### तीन भाईयों पर लगा युवती के अपहरण का आरोप

**बुढ़ाना।** तीन सगे भाइयों पर एक युवती के अपहरण का आरोप लगा है। कस्बा बुढ़ाना के एक मौहल्ले के एक व्यक्ति ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री बीते 14 अप्रैल को अपनी मामी की रोटी लेकर खेत में जा रही थी। उसकी मामी कुरथल रोड नहर की पटरी के पास गेहूं काट रही थी। जैसे उसकी लडकी बडौत रोड से नहर की पटरी पर खेत की तरफ जा रही थी तो रास्ते मे ही लक्की, चिन्टू, दीक्षित पुत्रगण देवेंद्र निवासी ग्राम बिटावदा ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया। वह तब से अपनी पुत्री की तलाश कर रहा है लेकिन उसकी पुत्री का अभी तक कोई भी पता नहीं चल पाया है। वह लोक लाज के कारण थाना बुढाना पर उक्त घटना की बाबत रिपोर्ट दर्ज नहीं करा पा रहा था लेकिन उसकी पुत्री का आज तक भी कोई पता नही चल पाने के कारण अब वह अपनी पुत्री की अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा रहा है। उसने, उसकी लडकी और अन्य परिवार के सदस्यों ने तीनों आरोपियों के खेत में बीते वर्ष गेंहू की कटाई की थी। तब लक्की ने उसकी पुत्री के साथ में बदतमीजी की थी। जिस में उसने लक्की को धमकी दी थी कि अगर तूने मेरी पुत्री का पीछा किया या मेरी पुत्री को तंग परेशान किया तो तेरे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दूंगा। इसी कारण तीनों सगे भाइयों ने उसकी पुत्री का अपहरण किया है। लक्की के विरुद्ध पूर्व मे भी हथियार व नशीले पदार्थों की तस्करी के मुकदममें चले आ रहे हैं। अब उसे डर बना है कि उसकी पुत्री के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**मोरना।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी नवाज़िश ने शिकायत कर बताया कि उसके गांव का ही रहने वाला अहमद अरब देश में काम करता है। पीड़ित का आरोप है कि अहमद के भाई अजीमुश्शान ने उसे खाड़ी के देश में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया और दोनों ने मिलकर करीब दो लाख रुपये की मांग की। नवाज़िश ने बताया कि उसने अलग-अलग समय पर आरोपियों को कुल 1 लाख 98 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद उसे बीते एक दिसंबर को दिल्ली एयरपोर्ट बुलाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर कोई भी नहीं मिला। पीड़ित का कहना है कि न तो उसे वीजा या पासपोर्ट दिया गया और न ही रकम वापस की जा रही है। आरोप है कि दोनों भाई इसी तरह लोगों को ठगने का काम करते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जनपद हो या प्रदेश किसानों को पड़ रही अव्यवस्था की मार

## रातभर ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर करते रहे इंतजार

□ मंडी समिति थानाभवन में गेहूं क्रय केंद्र पर तौल ना होने के कारण किसान हो रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच एक बार फिर बड़ा अंतर सामने आया है। मंडी समिति थानाभवन में संचालित गेहूं क्रय केंद्र अव्यवस्थाओं के चलते महज शोपीस बनकर रह गए हैं। अधिक.ारियों की अनुपस्थिति और लचर व्यवस्थाओं के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मंडी में सरकार द्वारा दो गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। एक केंद्र सरकार के अधीन एफसीआई द्वारा संघर्ष कुमार के नेतृत्व में चलाया जा रहा है जबकि दूसरा केंद्र प्रदेश सरकार की ओर से विजय सिंह के नेतृत्व में संचालित है। लेकिन दोनों ही केंद्रों पर व्यवस्थाएं पटरी से उतरती नजर आ रही हैं।





सोमवार को बड़ी संख्या में किसान अपनी गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां लेकर मंडी पहुंचे लेकिन वहां हालात देखकर मायूस हो गए। किसानों का आरोप है कि वह रविवार रात करीब 10 बजे से ही लाइन में खड़े हैं लेकिन सुबह 11:30 तक भी उनकी फसल की तौल नहीं हो सकी। सबसे बड़ी समस्या यह रही कि मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला जिससे पूरी व्यवस्था ठप पड़ी रही।किसानों ने बताया कि मंडी में न तो पीने के पानी की कोई व्यवस्था है और न ही बैठने या आराम करने की। खुले आसमान के नीचे घंटों इंतजार करने को मजबूर किसानों ने प्रशासन के प्रति गहरा रोष है।इस मामले में जब एफसीआई केंद्र प्रभारी संघर्ष कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें चौसाना क्षेत्र के एक अन्य केंद्र की भी जिम्मेदारी दी गई है जहां खुले में पड़े हजारों बोरे गेहूं को लोड कराने का कार्य चल रहा है।

ऐसे में उन्हें दोनों जगह की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। वहीं प्रदेश सरकार के क्रय केंद्र के प्रभारी विजय सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाना भी उचित नहीं समझा जिससे उनकी कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार किसानों की फसल खरीद को लेकर गंभीर होने के दावे कर रही है तो जमीनी स्तर पर ऐसी लाप.रवाही देखने को मिलीस क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से गेहूं क्रय केंद्र पर नियमित तौल कराने की मांग की है स इस दौरान फूल सिंह यारपुर, रामकुमार, करण सिंह, शिवकुमार, जोगिंदर, नकली सिंह, रवि राणा थाना भवन, आदि किसान मौजूद रहे ।

## छठें दिन भी यूपी के किसानों पर रोक जारी, हरियाणा प्रशासन का सख्त रुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर किसानों की समस्या का समाधान लगातार छठे दिन भी नहीं निकल सका है। सोमवार दोपहर दोनों राज्यों के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच वार्ता हुई, लेकिन कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। हरियाणा के किसानों को जहां कुछ राहत मिली है, वहीं यूपी के किसान अब भी परेशान हैं।



वार्ता में हरियाणा के डड्यूटी मजिस्ट्रेट अंकुश कुमार, ऊन के एसडीएम अनुराग भदौरिया और तहसीलदार ललिता चौधरी शामिल रहे। बैठक के दौरान हरियाणा प्रशासन ने स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं किसानों को राज्य में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, जिनकी जमीन हरियाणा में है और जिनके खेतों तक पहुंच का रास्ता यूपी से होकर जाता है। प्रशासन के अनुसार, ऐसे किसानों को जमीन की नकल (फर्द), आधार कार्ड और हरियाणा पंजीख्रत ट्रैक्टर जैसे आवश्यक दस्तावेज दिखाने होंगे। बिडौली, बड़ी मुस्तफाबाद, मंगलौर सहित यूपी के करीब आधा दर्जन गांवों से हरियाणा के किसानों के खेतों के रास्ते गुजरते हैं, इसलिए केवल उन्हें ही छूट दी गई है। वहीं ऊन एसडीएम अनुराग भदौरिया ने कहा कि यूपी के किसान अपने गेहूं का पंजीकरण प्रदेश में कराकर सरक.ारी खरीद केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री करें। हालांकि, हरियाणा प्रशासन ने साफ तौर पर मना कर दिया है कि यूपी के किसानों का गेहूं हरियाणा में नहीं खरीदा जाएगा। इस स्थिति से यूपी के किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने हरियाणा की अनाज मंडियों में आढ़तियों से पहले ही एडवांस ले रखा है, जिस पर अब उन्हें ब्याज भी देना पड़ेगा। चौकी इंचार्ज मनजीत कुमार ने बताया कि हरियाणा प्रशासन के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और फिलहाल यूपी के किसानों पर रोक जारी रहेगी। किसानों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

## चोरों ने बुढ़ाना लाइन टावर से तार किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 17 अप्रैल की रात को थाना बाबरी क्षेत्र स्थित 132 केवी शामली-बुढ़ाना लाइन के टावर नंबर 34 और 37 के बीच अज्ञात चोरों द्वारा भारी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। आरोप है कि इन चोरों ने टावर से एल्युमिनियम के दो तारों को काटकर उड़ा लिया, जिनकी कुल लंबाई 1572 मीटर थी। इस चोरी से टावर में लगे 104 इन्सुलेटर और अन्य सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युतकर्मी विमल कुमार मिश्र ने थाना बाबरी में तहरीर दी और उचित कार्यवाही की मांग की। उन्होंने अपनी तहरीर में बताया कि यह घटना ग्राम भाज्जू के पास स्थित 132 केवी लाइन के टावरों पर हुई है। उन्होंने इस घटना के तुरंत बाद पुलिस से मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

विमल कुमार मिश्र ने बताया कि चोरी किए गए तारों की कीमत बहुत अधिक है, जिससे विद्युत विभाग को भारी नुकसान हुआ है। इस घटना से स्थानीय बिजली आपूर्ति पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों का पता लगाने के लिए विभिन्न दिशाओं में कार्रवाई की जा रही है।

## देवस्थान पर पूजा के दौरान मारपीट, युवक पर ईंट से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव गोगवान में देवस्थान पर पूजा-अर्चना के दौरान मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के ही कुछ लोगों द्वारा किए गए हमले में एक युवक के सिर पर ईंट मार दी गई, जिससे वह लहूलुहान हो गया, जबकि बचाव में आई एक बुजुर्ग महिला भी घायल हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम रितिक ठाकुर की चाची सोनिया, उनकी दादी और चाचा का बेटा आर्यन गांव के समीप स्थित देवस्थान पर दीप जलाने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही कवरपाल, उसकी पत्नी ओमवती तथा उनके पुत्र सोनू व मोनू वहां पहुंच गए और किसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया। आरोप है कि इसी दौरान आर्यन के सिर पर ईंट से वार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बीच-बचाव में आई उसकी दादी के कंधे पर भी चोट लगी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग एकत्र हो गए। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित पक्ष ने थाना कैराना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं।

## कैराना में कपड़ा व्यापारी पर हमला, रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के बेदोवाला कुआं बाजार में रविवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हथियारबंद बदमाशों ने एक कपड़ा व्यापारी की दुकान में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में व्यापारी और उसका भाई बाल-बाल बच गए, लेकिन वारदात से बाजार में दहशत फैल गई।

मोहल्ला दरबारकलां निवासी सुहैल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी बेदोवाला कुआं बाजार में कपड़े की दुकान है।आरोप है कि क्षेत्र के कुछ युवकों का एक गिरोह सक्रिय है, जो आए दिन बाजार में घूमकर दुकानदारों पर दबाव बनाता है और गाली-गलौज करता है। पीड़ित के अनुसार,19 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वह अपने भाई तौसीफ के साथ दुकान पर मौजूद था। तभी मोहल्ला अंसारियान निवासी आलम, मुस्तफा व सल्लू अपने साथियों के साथ लाठी-डंडों, सरियों और धारदार हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए दुकान में घुस गए।

आरोप है कि आरोपियों ने सुहैल पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। बचाव में आए उसके भाई तौसीफ को भी हमलावरों ने पीट दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों भाइयों को बचाया। भीड़ जुटती देख हमलावर मौके से फरार हो गए। बताया गया कि भागते समय आरा.ेपी अपने कुछ लाठी-डंडे और सरिये मौके पर ही छोड़ गए। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने खुद को कस्बे का नामी बदमाश बताते हुए रंगदारी मांगी और न देने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर चौकीदार की ट्रेन से कटकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार को ट्रेन से कट कर करीब 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। जैसे ही घटना की खबर परिवार तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया। परिजन और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को दिल्ली से सहारनपुर जा रही एक ट्रेन की चपेट में आकर 35 वर्ष से व्यक्ति की मौत हो गई स्टेशन में आसपास मौजूद लोगों में सनसनी फैल गई।



जानकारी के बाद मौके पर जीआरपी पुलिस पहुंची जिन्होंने शव की शिनाख्त मुजफ्फरनगर के गांव जोला निवासी इनाम के रूप में की। मृतक के चचेरे भाई शहजाद ने बताया कि मृतक इनाम जनपद मुजफ्फरनगर के बुढाना कोतवाली में चौकीदार के पद पर कार्यरत था। वह अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। परिवार की जिम्मेदारी अब पूरी तरह अनिश्चितता में आ गई है, जिससे परिजनों की चिंता और भी बढ़ गई है। घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या और हादसे के बीच उलझा हुआ है। पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही हैजीआरपी पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पीड़ित परिवार ने सरकार से आर्थिक सहायता और उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि बच्चों के पालन-पोषण और भविष्य की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। चौकीदार की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मकान में लगी भयंकर आग, नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ताहरपुर में रविवार की रात्रि करीब सात बजे संदिग्ध परिस्तिथियों मे एक मकान में आग लग गई, जिसमें घर का सामान व हजारो की नगदी भी जलकर नष्ट हो गई। आग की लपटे अधिक भयावह थी कि छत की कडियो ने भी आग पकड ली। कडियो मे लगी आग से छत गिर गई। बताया गया है कि घटना के दौरान परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। जिससे जनहानि नही हो सकी।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव ताहरपुर निवासी परवीन पुत्र रामपाल अपने परिवार के साथ ईंट भटे पर मजदूरी करने के लिए गए हुए थे, जबकि उनके पिता रामपाल बालाजी धाम यात्रा करने गए थे। रविवार की रात्रि में मौहल्ले के लोगो ने प्रवीण के मकान से धुआं उठता देखा। जिस पर पड़ोसियों ने पीडित परिवार के लोगो को सूचना दी। आग बढती देख ग्रामीणों की भीड मौके पर जमा हो गई और कमरे का ताला तोड़कर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। ग्रामीणों ने बताया गया है कि प्रवीण की शादी हाल ही में हुई थी और घर में रखा नया सामान फनह्लचर, कपड़े व अन्य घरेलू वस्तुयें भी आग की चपेट में आ गई। पीडित परिवार ईंट भटे पर मजदूरी कर गुजर-बसर करता है। आग की घटना के बाद पीडित परिवार सदमें में है। पीडित परिवार ने आपदा की सहायता दिलाने की मांग की है।



## झगड़े में बीच-बचाव करना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सोमवार को थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी अनवर पुत्र इकबाल ने बताया कि वह किसी कार्य से दिल्ली बस स्टैंड की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बाईपास मार्ग स्थित चार खंभों के पास पहुंचा, वहां दो लोग आपस में झगड़ा कर रहे थे। उसने दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान आरो.पियों ने उस पर ही हमला कर दिया और मारपीट कर उसे घायल कर दिया।शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित ने डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुँच कर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आ श्वासन देते हुए सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## स्मार्ट मीटर और छापेमारी से किसानों में आक्रोश

□ बिजलीघर पर भाकियू आजाद का धरना, कनेक्शन न काटने की चेतावनी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** स्मार्ट मीटर लगाए जाने और बिजली विभाग की लगातार चल रही छापेमारी को लेकर किसानों व उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी शाहरुख के नेतृत्व में किसानों ने नगर के बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन किया। और समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीओ को सौंपा।धरने के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मचारी अनावश्यक रूप से उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे हैं। बिना स्पष्ट कारण के कनेक्शन काटे जा रहे हैं और स्मार्ट मीटर के नाम पर ग्रामीणों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। किसानों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली कनेक्शन काटना अमानवीय है, जिससे आमजन और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,प्रदर्शन कर संगठन के लोगों ने मांग की कि स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने मीटर ही लगाए जाएं तथा प्री-पेड मीटर व्यवस्था को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को बिजली खपत का लिखित विवरण,कागजी बिल दिया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि धारा 56 का भय दिखाकर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

उन्होंने बुजुर्गों और किसानों के शोषण पर रोक लगाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान धरने में पर्अा.कत चौहान,बबला चौधरी,सुधीर प्रधान, सुनील कुमार, रिजवान अंसारी,आजम, दीपक, सुनील कुमार, देव कुमार, जमा आलम सहित कई किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वलीमा खाकर लौटते हुए पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में वलीमे की दावत में शामिल होने आए बुढ़ाना निवासी दो युवकों के साथ मारपीट हो गई ।मारपीट में दोनों युवक घायल हो गए। पीड़ितों ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा बुढ़ाना निवासी नसीम का पुत्र रिहान और समीर का पुत्र इरफान कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में हसीन के यहां आयोजित वलीमे की दावत में शामिल होने आए थे। आरोप है कि रविवार की देर शाम दावत से लौटते समय जब दोनों युवक कस्बे की नहर पुलिया के पास पहुंचे, तभी कई अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल दोनों युवकों ने किसी तरह मामले की जानकारी अपने परि.जनों को दी। इसके बाद परिजन घायलों को लेकर थाने पहुंचे, जहां अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### कैराना-ऊन में दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के कार्यक्रम जनगणना 2027 के कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित कराये जाने हेतु तहसील स्तर पर तहसील कैराना जनपद शामली स्थित सभाकक्ष में उपजिलाधिकारी कैराना शिवा. जी यादव की अध्यक्षता में 148 प्रगणकों / सुपरवाईजरों को प्रत्येक दिन तीन बैंचों के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया। तहसील कैराना क्षेत्रान्तर्गत कुल 12 बैंचों के माध्यम से 596 प्रगणक / सुपरवाईजरों को प्रत्येक दिन 03 बैचों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। जो दिनांक 20.04. 2026 से दिनांक 04.05.2026 तक चलेगा। जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकान गणना व अन्य जनगणना सम्बन्धित कार्य के विषय में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान अर्जुन चौहान तहसीलदार कैराना/चार्ज अधिकारी, सतीश यादव नायब तहस.ीलदार कैराना, कुलदीप कुमार रजिस्ट्रार कानूनगों उपस्थित रहें।

## आज से होगा शहर में विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा जय बाबा बदरी विशाल धाम में 28वें विशाल भण्डारे का आयोजन आगामी 21, 22, 23 और 24 अप्रैल को किया जाएगा। इस भण्डारे का मुख्य आकर्षण भगवान बदरी विशाल के कपाट का प्रातः 6:15 बजे दर्शन होगा, जो 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।

भगवान बदरी विशाल के धाम में आयोजित इस भण्डारे की यात्रा सोमवार को शामली से रवाना हुई। यात्रा को शहर के मंडी मार्श गंज से एसडीएम निधि भारद्वाज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि चारों दिवस बद्रीनाथ धाम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा में अरविन्द कुमार गर्ग, सुशील कुमार गर्ग, अंकूर अग्रवाल, विनित गोयल, विपिन कुमार, श्रावण कुमार, राघवेंद्र गर्ग, राहुल तायल, विमल, सोमी तायल, सौरव, अर्जुन, प्रवीण जैन और भीम सैनी मौजूद रहे। भण्डारा 21 अप्रैल को शाम से शुरू हो जाएगा और 24 अप्रैल तक श्रद्धालुओं को निरूशुल्क प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** पुलिस ने चोरी कि घटना का खुलासा करते हुए 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण और नगदी बरामद की

नगर में बीती शुक्रवार रात्रि असगर पुत्र अख्तर के मकान का ताला तोड़कर शातिर चोरों ने सवा लाख रूपए नगदी तथा सोने व चांदी केध् आभूषण चोरी किए थे। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की थी पुलिस चोरी कि घटना को लेकर गंभीर थी और उच्चाधिकारियों के निर्देशन मे चोरी कि घटना के खुलासे के लिए लगातार प्रयास कर रही थी।

थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस ने चोरी कि घटना को अंजाम देने वाले नगर के ही मोहल्ला अफगानान निवासी युनुस पुत्र शमीम, शुभम पुत्र विजयपाल व शेखजादगान निवासी सलमान पुत्र सलीम, को ईदगाह रोड़ से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण व 15 हजार 600 रूपये बरामद किए।

प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि पकड़े गए तीनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है और वह पहले भी अनेकों घटनाओं को अंजाम दे चुके है।

## शानदार प्रदर्शन

**सहारनपुर।** पुणे (महाराष्ट्र) में चल रहे अंडर-15 राष्ट्रीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में होनहार मुक्केबाज अनिक बाबरा भाग लेकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर रहा है। जहाँ वे देश के दिग्गज प्रशिक्षकों की देखरेख में खेल की बारीकियां सीख रहे हैं।

बॉक्सिंग कोच प्रवीन कुमार ने बताया कि अनिक की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। हाल ही में पटियाला में सम्पन हुए चयन ट्रायल में अनिक के अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, जिसके आधार पर उन्हें इस विशेष शिविर के लिए चुना गया। इससे पहले अनिक ने मथुरा में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक और ग्रेटर नोएडा में हुई अंडर-15 सब जूनियर नेशनल चौंपियनशिप में रजत पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहरा चुका है।

# गोमाता रक्षा का संकल्प कराया




**चिलकाना।** राष्ट्रीय गौ रक्षा दल कार्यकर्ताओ द्वारा गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय गौरक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष महाराज ने रोहिला धर्मशाला मे गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन कर हिन्दू समाज के लोगों को गौ माता रक्षा का संकल्प दिलाया। बैठक को सम्बोधित करते हुए हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय वर्मा तथा गौ रक्षा दल के बरसाना धाम से आये श्री राधा रमन दास ने बताया की गौरक्षा दल के सभी संगठन की ईकाइयों द्वारा सम्पूर्ण भारत मे गौ हत्या बंद करने व गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने के लिए 27 अप्रैल से एक अभियान शुरू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सभी प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारियों के माध्यम से सभी कार्यकर्ता गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने के लिए अपने अपने ज्ञापन देंगे। उन्होंने सरकार से गौ हत्या पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाते हुए कड़ा कानून बनाये जाने की मांग की है। राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के प्रदेश प्रभारी कपिल चौधरी, संभाग प्रभारी अभिषेक शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान सभासद अनुपम जैन, राजेश रोहिला, नरेंद्र शर्मा, रिंकू ठाकुर, संदीप सिंघल, शिवम कटारिया आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल करने वाला आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड़ कोतवाली पुलिस ने एक बेहद संवेदनशील मामले में तेजी दिखाते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने नाबालिग लड़की का अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया और बार-बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की लिखित तहरीर पर तुरंत मुक. दमा दर्ज किया। क्षेत्राधिकारी नकुड़ रुचि गुप्ता और थानाध्यक्ष सुरेश सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने छानबीन की और आरोपी को गंगोह रोड स्थित

**पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने की तत्काल कार्रवाई**

सीएचसी के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान उस्मान पुत्र इलियास, निवासी अंबेहटा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। नकुड़ क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता और थानाध्यक्ष सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर तुरंत मुकदमा पंजीकृत किया गया और पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की आगे की जांच जारी है।

# छात्राओं ने निकाली नारी सशक्तिकरण जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव फतेहपुर कला मे स्थित धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय मे प्राचार्य डॉक्टर विनय चौहान के कुशल नेतृत्व में छात्राओं एवं महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत उन्हें डिजिटल एरेस्टिंग व झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया।




प्रबंधक डाक्टर अमिता चौहान ने छात्राओं एवं क्षेत्र की महिलाओं से आह्वान किया गया कि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा को समझे और अगर आप के साथ रस्ते में कोई छेड़छाड़ एवं सुरक्षा सम्मान को ठेस पहुंचाए या कोई डीजिटल फ्रेड हो जाए तो उसकी तत्काल संबंधित थाना में जाकर पुलिस से शिकायत दर्ज कराए पुलिस तत्काल ही आप की सहायता करेगी। कार्यक्रम के बाद विद्यालय से जागरूक रैली भी निकाली गई जो फतेहपुर बस स्टैंड से होती हुई महाविद्याल मे ही सम्पन्न हुई।

इस दौरान संदीप कुमार सचिन कुमार रविकुमार सुरुचि सैनी सर्विस्ट सैनी इशू स्टाफ के अलावा आरजू काजल शिवानी वंशिका शिखा नेहा स्वाति शीतल अंजलि भारती आदि छात्राएं एवं महिलाएं मौजूद रही।

वही दूसरी ओर कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत के नेतृत्व मे नगर के सैंस एकेडमी इंगलिश मीडियम स्कूल में एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला सब इंस्पेक्टर मनोरमा चौधरी ने स्टूडेंट्स को जागरूक किया गया और उनकी समस्याओं को सुना गया और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया गया। तथा साइबर अपराधों से बचने के लिए जानकारी दी गई। इस दौरान महिला हैड कास्टेबल ललिता कास्टेबल कविता के अलावा प्रधानाचार्य जरीना निगहत, आशु काजमी आदि बालिकाएं एवं महिलाएं मौजूद रही।

## विधिवत पूजा कराई

**सहारनपुर।** राधा विहार स्थित महाशक्ति वैष्णवी महाक. ाली मंदिर में अक्षय तृतीया पूजा परशुराम जयंती अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा धर्म की स्थापना के लिए परशुराम जी ने अवतार लिया था।

राधा विहार स्थित मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित अक्षय तृतीया पूजा एवं परशुराम जन्मोत्सव को विधिवत पूजा कर पंडित ऋषभ शर्मा ने मंत्र उच्चारण कर पूजा संपन्न कराई। स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने कहा परशुराम का अवतार धर्म की स्थापना के लिए हुआ जब. जब पाप अधिक बढ़ता है तब तब स्वामी नारायण हरि ही कोई ना कोई रूप धरकर पृथ्वी पर अवतार लेते हैं।

# पं. श्याम बिहारी मिश्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल महानगर इकाई द्वारा सोमवार को व्यापारियों के सच्चे मसीहा पंडित श्याम बिहारी मिश्रा की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा, महामंत्री पुनीत चौहान, प्रांतीय संगठन मंत्री महेश नारंग तथा प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल मैनी सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पं. श्याम बिहारी मिश्रा ने पिछले 63 वर्षों तक व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष किया। उनका जीवन पूरी तरह निष्कलंक और ईमानदारी का प्रतीक रहा। श्रद्धांजलि सभा में कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ठक्कर, संयोजक राजकुमार विज, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक छाबड़ा, नीरज जैन, गुलशन अनेजा, विनीत चौहान, यशपाल डबरा सहित अनेक व्यापारी प्रति. निधि उपस्थित रहे।

## बिल पास न होना दुर्भाग्यपूर्णः तुषार

**सहारनपुर।** जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) तुषार अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पास नहीं होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतंत्र के लिए काला अध्याय है।

श्री अग्रवाल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि 17 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष ने महिला आरक्षण संशोधन बिल के समर्थन में मतदान न करके देश की 50 प्रतिशत महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। इसके चलते विपक्ष ने अपनी महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहा. सिक कदम था।

# स्वास्थ्य शिविर में करीब डेढ़ सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज जनमंच परिसर में वेलमड हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से निगम कर्मचारियों के लिए एक स्वास्थय जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने किया। शि. विर में करीब डेढ़ सौ कर्मचारियों का स्वास्थय परीक्षण किया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर जनमंच परिसर स्थित कुसुम विहार सभागार में आयोजित शि. विर में वेलमड हॉस्पिटल द्वारा परामर्श के अलावा ईसीजी, बीपी व शुगर जांच निशुल्क की गयी। हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित चौहान ने निगम कर्मचारियों के हृदय सम्बंधी रोगों




की जांच करते हुए हृदय रोगों से बचने के टिप्स दिए। इसके अलावा सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष कंडारी ने भी निगम कर्मचारियों की जांच कर उन्हें स्वास्थय परामर्श दिया। आयुषी ने नेत्र जांच एवं टीम के सहयोगियों स्नेहा, वैभव जोशी, महावीर, परमिन्द्र, आकाश व सतवेंद्र ने ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर आदि की जांच में सहयोग किया।

इससे पूर्व अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने स्वास्थय जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए फ्रंट लाइन पर काम करने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ कार्यो के त्वरित गति से निष्पादन के लिए जरुरी है कि निगम के कर्मचारी स्वस्थ रहे।

अपर नगरायुक्त ने सभी चिकित्सकों की सीट तक पहुंचकर शिविर के सम्बंध में उनकी तैयारियों की भी जानकारी ली। नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने भी सम्बोधित किया। वेलमेड के मैनेजर सागर कोहली व डॉक्टर्स टीम का नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने बुके देकर स्वागत किया। शिविर में मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद सहित अनेक सफाई निरीक्षक भी मौजूद रहे।

# अब्दुल्ला शाह दरगाह पर उर्स की तैयारी पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम फिरोजाबाद में पीर अब्दुल्लाह शाह की दरगाह पर हर वर्ष लगने वाले पारम्परिक उर्स की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस वर्ष मेले की पहली रोशनी 22 अप्रैल दिन बुधवार को होगी।

ग्राम फिरोजाबाद में एक सप्ताह तक चलने वाले पारम्पारिक मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए खान पान व अन्य सामान के साथ साथ बच्चों के लिए खेल खिलौनों की दुकानें आदि सज चुकी हैं। वहीं मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए सर्कस, हिंडौले, दंगल व खेल तमाशा आदि भी लगने शुरू हो गए हैं।

बताते चलें मान्यता है कि पीर अब्दुल्लाह शाह की दरगाह पर आकर लोग जो भी मन्नत मांगते हैं वह निश्चित रूप से पूरी हो जाती है। बताया जाता है कि जिन लोगों के शरीर के अन्दरूनी अथवा बाहरी हिस्सों पर मस्से या किसी प्रकार की कोई गांठ होती है और वह पीर बाबा अब्दुल्लाह शाह की मजार पर नमक, झाड़ू तथा अगरबत्ती आदि प्रसाद चढाता है तो यह बीमारियां अपने आप ठीक हो जाती हैं। बीमारी ठीक होने के बाद व अपनी बीमारी के ठीक होने की मन्नत मांगने के लिए दूर दराज से लोग यहां पर आते हैं।

# बजरंग दल का आश्वासन के बाद धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका द्वारा लखनौती मार्ग पर खुले में कूड़ा और पशु अवशेष डाले जाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। लगभग छह घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद पालिका और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के आश्वासन पर दोपहर दो बजे धरना समाप्त कर दिया गया।



धरनारत लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका पूरे शहर का कचरा तथा मांस की दुकानों से एकत्रित पशु अवशेष मोहल्ला मखदूम जहां सराय के पास लखनौती रोड पर खुले में फेंका जा रहा है। जिससें फैलने वाली दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है और कई लोग बीमार हो चुके हैं और हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्ग से वाल्मीकि चुंगी तक जर्जर सड़क के

निर्माण और बच्चों के श्मशान क्षेत्र में कॉलोनी का गंदा पानी जाने से रोकने की मांग करते हुए समाधान न होने पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी। सूचना पर सीएचसी प्रभारी डॉ. रोहित वालिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मोहल्ले में जाकर बीमार लोगों की जांच की और जरूरतमंदों को दवाइयां वित. रित कीं। साथ ही पानी की जांच कराने का भी आश्वासन दिया, ताकि बीमारी के कारणों का पता लगाया जा सके। कर अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, कासिफ कुद्दूसी और शाहनवाज पीरजी ने मौके पर पहुंचकर आइन्दा कूडा न डालने का भरोसा दिलाया। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने भी धरने को समर्थन दिया। बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

# गरीब लोगों को भोजन कराया

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष एंव पूर्व सांसद पं.श्याम बिहारी मिश्रा की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई द्वारा उनकी स्मृति में आज स्थानीय गांधी पार्क स्थित लोक कल्याण समिति द्वारा संचा. लित प्रभु जी की रसोई के प्रांगण में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन वितरित किया गया।

व्यापारी प्रतिनिधियों ने मिश्रा के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि व दीप प्रज्जवलित कर व्यापारी हितों की रक्षा व संघर्ष में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ ली। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन व जिला महामंत्री रमेश अरोडा ने कहा कि देश के करोड़ों व्यापारियों के मसीहा व लोकप्रिय जननायक पं.श्याम बिहारी मिश्रा ने अपने पूरे जीवन में व्यापारी एकता पर जोर दिया।

**सूचना**

मेरी बहन भावना सिंह मेरी गृहस्थी में आकर हस्तक्षेप कर रही है इसलिए मैने उससे सभी तरह के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके व उसके ससुराल वालों से मेरा कोई सम्बन्ध नही है।

**ऋतिक पुण्डीर पुत्र सुखबीर पुण्डीर निवासी निकट सन स्टार स्कूल, गोविन्द विहार, थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर।**

# प्रियंका मॉडर्न में खिलाड़ियों का स्वागत

## फ्रैंक्स खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** इंटर स्कूल फिट फ्रैंक्स खेल प्रतियोगिता 2026 में प्रियंका मॉडर्न स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सफलता के बाद स्कूल परिसर में प्रधानाचार्य डीएस नेगी एवं स्टाफ द्वारा खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।



प्रियंका स्कूल के खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-15 बालिका कबड्डी वर्ग में प्रियंका स्कूल की टीम ने फाइनल मुकाबले में एमएम पब्लिक स्कूल को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शिखर स्कूल के साथ हुए रोमांचक फाइनल में टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंडर-11 वर्ग में अगम तोमर ने स्वर्ण पदक, अंडर-17 वर्ग में कनिष्का विष्णोई ने कांस्य पदक तथा ओपन वर्ग में अभिनव तोमर और आयुष ने स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। खेल शिक्षकों मोहित चौहान, नवनीत कुमार, अनिल शर्मा, संजीव व सरिता ने खिलाड़ियों के जज्बे, समर्पण और ऊर्जा की सराहना की। स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह एवं प्रशासिका अदिति सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों की शिक्षा देते हैं।

# विवेक के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तराखंड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी का शैक्षणिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों विभिन्न लाइव प्रोजेक्ट्स को प्रत्यक्ष रूप से देखा और उनकी कार्यप्रणाली को समझा। इन परियोजनाओं में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका विस्तृत प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग पर आयोजित लाइव सत्र में भाग लेने का अवसर मिला। जिसमें विशेषज्ञों ने इन उभरती तकनीकों के वास्तविक जीवन में उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने एक रोचक लाइव प्रोजेक्ट सत्र में भाग लिया। जिसमें यह बताया गया कि आकाश में विभिन्न प्रकार के तारों के समूह (Star Patterns) किस प्रकार बनते हैं और उन्हें कैसे पहचाना जाता है। इस सत्र ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा को और बढ़ाया तथा उन्हें खगोल विज्ञान के प्रति प्रेरित किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के माधयम से विद्यार्थियों को न केवल वर्तमान तकनीकी विकास की जानकारी मिली, बल्कि उन्हें यह भी समझने का अवसर मिला कि आने वाले वर्षों में इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र में क्या परिवर्तन होने वाले हैं और उनके लिए भविष्य में क्या-क्या अवसर उपलब्ध हो सकते हैं। विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य बीसीए के विद्यार्थियों को थ्योरी कक्षाओं के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण के माधयम से नई तकनीकों को जानना भी अत्यंत आवश्यक है जिससे उनकी दक्षता में वृद्धि हो सके। प्रो. चांसलर दीपक मित्तल ने कहा कि सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण का लाभ लेकर आईटी के क्षेत्र में अपना ज्ञान बढ़ा सकते है।

विश्वविद्यालय के सीईओ अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को उनके क्षेत्र में रोजगार के लिए औद्योगिक भ्रमण आवश्यक है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण एकेडमिक ज्ञान को आसान बनाने में सहायक है।

विश्वविद्यालय के डीन प्रो. डा. हर्ष कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए औद्योगिक भ्रमण के उद्देश्य बताए और कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को शैक्षणिक संस्थान के आंतरिक वातावरण से अवगत कराता है। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में प्रवक्ता सजल अग्रवाल, डा. वैभव पुंडीर, प्रीति रानी, स्वाति चौधरी आदि का योगदान रहा।

# बंद मकान में घुसकर लाखों रुपये का सामान किया चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ घर में घुसकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीडित मकान मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराते हुए सामान बरामद कराने की मांग की।

खानकाह पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित रोशन कॉलोनी निवासी नईम की पत्नी आसमा बीती 17 अप्रैल को सहारनपुर स्थित अपनी मायके गई थी। हालांकि इसी दौरान पति नईम भी किसी काम से घर में ताला लगाकर देवबंद से बाहर चला गया। बताया जाता है कि रविवार देर रात चोरों ने बंद घर का ताला तोड़ घर में रखे आभूषण सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

सोमवार को घर पहुंची पीडिता ने घर का हाल देख उसके पैरो तले जमीन निकल गई। कोतवाली में दी



तहरीर में पीडिता ने बताया कि घर में रखी 50 हजार रुपये की नगदी, तीन तोले से अधिक सोने के आभूषण और 22 तोले चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर लिए। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घर का निरीक्षण किया। कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी ने बताया कि घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# कवयित्रियों ने काव्य पाठ पढ़ श्रोताओं से लूटी खूब वाहवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कवयित्रियों ने सुंदर काव्य पाठ कर श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी।

स्टेट हाइवे स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डा. कर्ण सिंह ने फीता काटकर और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौ. सुशील गुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। मां सरस्वती को माल्यार्पण मेला चेयरमैन विपिन त्यागी व भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने किया। जबकि मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पल्लवी त्रिपाठी की सरस्वती वंदना से हुआ।

उन्नाव से आई कवयित्री मीनाक्षी दिनेश ने अपने अंदाज में कुछ यूं कहा-माथे पे आएं बूंदें तो आंचल में बांध लूं, आंसू तुम्हारे अपने मैं काजल में बांध लू। सूरत से आई






सोनल जैन ने कहा-मुझे अरमान कहते है मेरे अभिमान जैसे है, मिले बदले में पुण्यों के, उसी वरदान जैसे है। नोएडा से आई पल्लवी त्रिपाठी ने पढ़ा-अल्हड़ चंचल मन लिखते हैं, आंसू पीर सघन लिखते हैं। दिल्ली की रजनी सिंह अवनि के इस काव्य पाठ, कल तक घर के भीतर थी अब कदम बढ़ाना सीख गई, लाख रुकावट आए फिर भी आगे जाना सीख गई, ने श्रोताओं की जमकर दाद बटोरी।

इनके अलावा प्रीति अग्रवाल बदायूं, अनामिका वालिया, डा. श्वेता त्यागी दिल्ली ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। अध्यक्षता मेपल्स एकेडमी के चेयरमैन अजय मित्तल व संचालन अजय गर्ग ने किया। संयोजक गौरव विवेक ने सभी का आभार जताया।

# महामंडलेश्वर आशु गिरि माता को किया सम्मानित

**देवबन्द।** अग्रणी समाजसेवी संस्था मानव कल्याण मंच के पदाधिकारियों ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत महामंडलेश्वर आशु गिरि माता को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

संगठन कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थापक अरुण अग्रवाल ने कहा कि मंच का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। हमारा लक्ष्य न केवल सहायता करना बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। राजीव शर्मा ने कहा कि संस्था निरंतर स्वास्थ्य शिविरों, शिक्षा सहायता और खाद्यान्न वितरण, जरूरतमंदों को आजीविका के साधन उपलब्ध कराना है। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा है, जिसके तहत समाज की प्रेरक शक्तियों का सम्मान



कर नई पीढ़ी को प्रेरित करना मकसद है। महामंडलेश्वर आशू गिरी जी ने संस्था के प्रयासों की सराहना की और सभी पदाधिकारियों को समाज सेवा के मार्ग पर अडिग रहने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर महासचिव राजू सैनी, जितेन्द्र कश्यप, रजनी शर्मा, अंजलि, रविंद्र कश्यप, नरेंद्र बंसल, अनूप कौशिक आदि शामिल रहे।

# राष्ट्र धर्म एवं संस्कृति की करनी होगी रक्षाः सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** क्षत्रिय करणी सेना द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

रणखंडी गांव में क्षत्रिय करणी सेना के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी एडवोकेट ठा. सुरेंद्रपाल सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम ने पितामह भीष्म और दानवीर कर्ण को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा प्रदान की थी। पराक्रमी एवं संपूर्ण शास्त्रों के ज्ञाता और राक्षसों का संहार करने वाले भगवान परशुराम के आदर्श को अपनाकर हमें सत्य के मार्ग पर चलते हुए अपने राष्ट्र धर्म और संस्कृति की रक्षा करनी होगी।



जिलाध्यक्ष देव राणा ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे। हमें उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। अध्यक्षता पंडित संतराम शर्मा व संचालन अमित धीमान ने किया। इस मौके पर संदीप सैनी, सनोज राणा, देव राणा, ठा. अनिल सिंह, संजय राणा, नरेंद्र शर्मा, रोहित कौशिक, वासु भारद्वाज, अतुल चौधरी, विनोद राणा आदि संगठन के लोग मुख्य रूप से शामिल रहे।

# लोकपाल मनरेगा राकेश चौधरी ने सोशल ऑडिट की बैठक का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोकपाल मनरेगा राकेश चौधरी ने सोशल ऑडिट की बैठक का निरीक्षण किया। इस दौरान बैठक में लोकपाल मनरेगा ने सोशल ऑडिट की बैठक को सफेद हाथी बताते हुए कई कार्यो को मानकों के अनुसार न होना बताया।

विकास खंड के गांव महतोली में लोकपाल मनरेगा राकेश चौधरी देवबंद विकास खंड की ग्राम पंचायत महतोली में सोशल आडिट निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर आडिट कैलेंडर की बैठक में निरीक्षण को पहुंचे। लेकिन इस दौरान ऑडिट बैठक में मनरेगा मजदूरों के न पहुंचने पर उन्होंने चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा मे पक्के कार्य कराए जाने से पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा कार्यों का अलग-अलग विज्ञापन किया जाता है तथा अलग-अलग फर्मो से कोटेशन ली जानी अनिवार्य है। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा सामग्री व मजदूरी के निर्धारित मानदंड का प्रयोग भी नहीं किया गया। जबकि मजदूरी से ज्यादा सामग्री पर धन खर्च कर दिया गया है। इतना ही नहीं सचिव, तकनीकी सहायक, मैट द्वारा मनरेगा नियमो की अनदेखी करने का आरोप लगाया। जबकि कार्य सत्यापन के दौरान पाया कि नागरिक सूचना बोर्ड पर कराए गए 8 कार्यों पर नहीं लगाए गए तथा जिन कार्यों पर नागरिक सूचना बोर्ड लगाए गए है वह भी गुणवत्ता में मानको के विपरित पाए गए। इस दौरान बीआरपी रियाज अहमद, सोशल आडिट टीम सदस्य पवन कुमार, त्रिभुवन कुमार, अनिल कुमार, नीलम रानी शामिल रही।

## बाइक गिरने पर महिला घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सड़क पर पड़ी बजरी के कारण बाइक फिसल गई। इसमें बहादरपुर गांव निवासी महिला मुन्नी घायल हो गई। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया है कि प्रमोद कुमार सोमवार को बाइक पर मां मुन्नी को साथ लेकर देवबंद की ओर से गांव जा रहा था। हाईवे स्थित तल्हेड़ी बस स्टैंड पर पहुंचने पर सड़क पर पड़ी बजरी के कारण बाइक फिसल गई। इसमें मुन्नी घायल हो गई।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा कायम करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया है।

मोहल्ला सैनी सराय निवासी सुरजीत और विशाल पक्ष रंजिश के चलते आमने सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। जिसमें खेमकरण समेत कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत किया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के मुताबिक सुरजीत और विशाल की तहरीर पर हत्या के प्रयास में प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभिषेक, मोहर सिह, अर्जुन, आनंद उर्फ बादशाह, अंकित, सागर, विकास, अनुज आदि को गिरफ्तार कर सभी को न्यायालय को समक्ष पेश किया गया। वहीं, कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी रणखंडी निवासी अनुज है। मामले में करंजाली गांव निवासी टिंकू कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## सामाजिक सद्भावना बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बढ़ापुर खंड के बड़ा शिव मंदिर परिसर में सामाजिक सद्भावना बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में विभिन्न जाति और वर्ग के लोगों ने भाग लिया, जहां सामाजिक एकता और समरसता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। मेरठ प्रांत के प्रवासी अधिकारी एवं प्रांत धर्म जागरण प्रमुख धर्मेंद्र भारत ने अपने संबोधन में कहा कि संघ में कर्म को सर्वोपरि माना जाता है।

## बाइक-कार भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत

**बिजनौर।** बीती शाम करीब साढ़े पांच बजे ग्राम शकरपुरी निवासी नफीस (लगभग 70 वर्ष) अपने धेवते अनीस (18 वर्ष) के साथ बाइक से किरतपुर से अपने गांव लौट रहे थे। अनीस, ग्राम नारायणपुर निवासी इरशाद का पुत्र है। शाहपुर सुक्खा के पास एक बस को ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने कार चालक की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किरतपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही बुजुर्ग नफीस की मौत हो गई।

## श्री बाला जी मंदिर के संस्थापक का निधन

**बिजनौर।** साहित्य विहार स्थित श्री बालाजी मंदिर के संस्थापक महंत श्रीश्री 108 श्री अजय महाराज गुरुजी के आकस्मिक निधन से हर कोई सकते में आ गया। जिसने भी यह दुखद खबर सुनी, उसे अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ। उनका अंतिम संस्कार आज पूर्ण विधि-विधान के साथ बैराज गंगा घाट पर किया गया। महंत अजय दास महाराज ने 25 साल पहले बाला जी मंदिर की स्थापना की थी। उन्होंने मेहंदीपुर श्री बाला जी महाराज की अखंड ज्योति लाकर यहां मंदिर में स्थापित की थी। कुछ ही वर्षों में बाला जी मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र बन गया। श्रीश्री अजय महाराज के निधन का समाचार मिलते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया। महंत अजय दास महाराज ने अक्षय तृतीया के दिन अंतिम सांस ली। आज सुबह उनका पार्थिक शरीर अंतिम दर्शन के लिए श्री बाला जी मंदिर में रखा गया, जहां उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धालुओं उमड़ गए। महंत अजय दास महाराज के निर्देशन में दो अप्रैल को श्री हनुमान जयंती पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। महंत अजय दास महाराज के निधन से शहर में शोक व्याप्त हो गया।

## भाजपा नेता के जनरल स्टोर में चोरी

**नजीबाबाद।** चौक बाजार स्थित हरिओम वैरायटी स्टोर में 19 और 20 अप्रैल की दरमियानी रात चोरी की घटना हुई। अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते दुकान में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। आज सुबह करीब दस बजे दुकान मालिक हरि ओम और शुभम अग्रवाल ने दुकान खोली, तो अंदर सामान बिखरा पाया। गल्ले में रखे बिक्री के रुपये और शादी में इस्तेमाल होने वाले गजरों के नोट चोरी हो गए थे। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अमित कुमार, चौकी प्रभारी विनोद कुमार पांडे और एसआई कय्यूम अली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और छत पर चढ़कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। चोरों ने छत के रास्ते जीने की लोहे की जाली काटकर दुकान में प्रवेश किया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस को चोरी की सूचना मिली थी। हरिओम वैरायटी स्टोर के सभी सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की जा रही है। दुकान मालिक से तहरीर मिलने के बाद जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## वॉटर कूलर्स की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर लगे सभी वॉटर कूलरों पर अर्थिंग तथा आरसीबी रेजिडुअल करंट ब्रेकर डिवाइस लगाने का कार्य कराया जा रहा है। गर्मी के मौसम में बढ़ती भीड़ और पानी की अधिक आवश्यकता को देखते हुए यह सुरक्षा अभियान विशेष रूप से चलाया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल के संयुक्त दिशा-निर्देशों पर यह कार्य तेजी से प्रगति पर है। नगर पालिका की टीम द्वारा बाजारों मुख्य मार्गों सार्वजनिक स्थलों धार्मिक स्थानों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्थापित वॉटर कूलर्स की जांच कर आवश्यक सुरक्षा उपकरण लगाए जा रहे हैं। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सभी वाटर कूलर्स की विद्युत सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना समाप्त की जा सके। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि कई स्थानों पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष स्थानों पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वॉटर कूलर पर उचित अर्थिंग एवं आरसीबी डिवाइस लगाए जाने से करंट जैसी घटनाओं से बचाव होगा।

# गन्ना विकास कार्यों का निरीक्षण

## बिड़िया खेड़ा में कीट नियंत्रण हेतु कृषकों को दी गई तकनीकी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक द्वारा वेव शुगर मिल धनोरा क्षेत्र के ग्राम बिड़िया खेड़ा गन्ना क्षेत्र में विभाग एवं चीनी मिल द्वारा संचालित समसामयिक गन्ना विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया।

निरीक्षण के दौरान कृषक नीता देवी पत्नी राजीव सिंह के को.से. 13235 प्रजाति के 0-500 हेक्टेयर पेड़ी प्लाट का जायजा लिया गया। जहां वर्तमान में फसल सुरक्षा हेतु शूट कटिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। निरीक्षण के दौरान पेड़ी की फसल में अर्ली शूट बोरर और टॉप बोरर का प्रभाव देखा गया। अर्ली शूट बोरर के मुख्य लक्षण में गन्ने की गोभ सूख जाती है (डेड हार्ट), जबकि टॉप बोरर में पत्तियों की मध्य शिरा में सूंडी द्वारा की गई बोरिंग और छिद्र दिखाई देते हैं। इन कीटों की रोकथाम हेतु कृषकों को जागरूक किया गया कि यदि कीट का प्रभाव आर्थिक क्षति स्तर (10 प्रतिशत) से अधिक हो तभी रासायनिक दवाओं का प्रयोग करें। उन्होंने किसानों को कीट नियंत्रण की जानकारी देते हुए बताया गया कि अर्ली शूट बोरर के अधिक इन्फेस्टेशन की दशा में फिप्रोनिल 40 प्रतिशत इमिडाक्लोप्रिड 40 प्रतिशत की 500 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर का प्रयोग लाभकारी है। इसी प्रकार टॉप बोरर के नियंत्रण हेतु क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18-5 की 375 मिली मात्रा को मई माह के अंतिम सप्ताह में पर्याप्त पानी



(लगभग 400-500 लीटर प्रति एकड़ के अनुपात में) के साथ छिड़काव या ड्रेन्चिंग करने की सलाह दी गई, ताकि आगामी फसल को सुरक्षित रखा जा सके। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक श्री पाठक ने कृषकों को रसायनों के स्थान पर एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने यांत्रिक एवं बायोलॉजिकल नियंत्रण जैसे प्रभावित पौधों की शूट कटिंग, फेरोमोन ट्रैप, वाटर ट्रैप और ट्राइकोकार्ड के नियमित प्रयोग की सलाह दी। इस मौके पर वेव शुगर मिल के गन्ना प्रबंधक नरेंद्र यादव ने बताया कि मिल द्वारा कीटनाशकों पर किसानों को विशेष छूट दी जा रही है, जबकि जैविक कीटनाशक बवेरिया बैसियाना कृषकों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अपने भ्रमण के अंत में ग्राम में अन्य कृषकों के पेड़ी प्रबंधन कार्यों का अवलोकन किया गया। क्षेत्र में (रटून मानेजमेंट डिवाइस) के प्रयोग से पेड़ी का फुटाव अत्यंत प्रभावी पाया गया। साथ ही मिल क्षेत्र के किसानों में ट्रेंच प्लांटिंग एवं ट्रेश मलचिंग (पत्ती बिछाना) के प्रति बढ़ता रुझान देखा गया, जो मृदा स्वास्थ्य और जल संरक्षण की दृष्टि से सराहनीय है। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक, समिति गन्ना परिषद और वेव शुगर मिल के संबंधित अधिकारी भी शामिल रहे। क्षेत्रीय किसानो की माने तो सत्र 2025/26 निवर्तमान सत्र में पीबीएस फूड्स शुगर मिल अधिकारियों ने मिल रूम्स से बाहर निकलना अच्छा नहीं समझा और अपनी बात किसानों से साझा नहीं कर पाए, सिर्फ दिखावे की किसान बाजी करने में लगे रहे। हालांकि चांदपुर गन्ना परिषद से सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक व उनका पूरा स्टाफ पूरे सीजन किसानों के खेत पर गन्ना सर्वे, सहफसल बोने, किसानों की आय बढ़ाने के उपायों के साथ साथ गन्ना फसल में लगने वाले कीटों से बचाव की जानकारी देता रहा। जबकि मिल वाले इस कार्य में विफल रहे। जिसका खामियाजा शुगर मिल को गन्ना पूर्व की भांति पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाना माना जा रहा है।

# शुगर मिल सलमान हत्याकांड का आरोपी दो माह बाद भी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** चर्चित ट्रक चालक सलमान हत्याकांड में फरार चल रहे नामजद अजीम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। घटना को दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आरोपी के हाथ न लगने पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार स्वयं निगरानी करते हुए पुलिस टीमों से लगातार दबिश दिलवा रहे हैं।

मालूम हो कि ज्ञात हो कि 19 फरवरी को शुगर मिल क्षेत्र स्थित ट्रक यार्ड में मामूली विवाद के बाद ट्रक चालक सलमान की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी अजीम फरार चल रहा है। मामले में गिरफ्तारी न होने से क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग, रिश्तेदारों से पूछताछ तथा आसपास जनपदों में

## 25 हजार इनाम और वारंट के बावजूद नहीं किया आत्मसमर्पण

तलाश अभियान जारी है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी कराया गया। फरार घोषित कर मुनादी कराई गई तथा घर पर नोटिस भी चस्पा किया गया है। इसके बावजूद आरोपी द्वारा आत्मसमर्पण न करने पर न्यायालय की अवहेलना के आरोप में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया जा चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जबकि आरोपी के पिता को पुलिस ने नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई करते हुए बड़ी हवेली भेज दिया है।

## बीएएलएलबी का परीक्षाफल शत प्रतिशत

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर में कृभकी कात्या व तनिष्का वर्मा ने संयुक्त रुप से प्रथम, मदीहा जमशेद ने द्वितीय तथा अदीबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर व सहायक प्रवक्ता विशाल विक्रम सिंह, डा. एम. अज़हर खान, शिवकुमार सिंह आदि रहे।

# मुंबई ने गुजरात को 200 रन का टारगेट दिया

### तिलक वर्मा का पहला आईपीएल शतक, 7 छक्के लगाए, रबाडा को 3 विकेट

**अहमदाबाद, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 19वें सीजन के 30वें मैच में गुजरात टाइटंस को 200 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एमआई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बनाए। तिलक वर्मा ने आईपीएल में पहला शतक लगाया। उन्होंने 45 बाल पर 101 रन की पारी खेली। इस पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा, नमन धीर ने 45 रन का योगदान दिया। जीटी से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने पावरप्ले में सूर्यकुमार यादव (15 रन), क्विंटन डी काक (13 रन) और डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार (2 रन) को पवेलियन भेजा। 20वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 22 रन खर्च कर दिए। उनकी आखिरी 2 बाल पर तिलक वर्मा ने छक्का और चौका लगाकर शतक पूरा कर लिया।



तिलक ने आईपीएल में पहला शतक लगाया है। 18वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने अशोक शर्मा के ओवर में लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 छक्के और दो चौके शामिल रहे। पहली बाल पर आए छक्के से तिलक ने 33 बाल पर हॉफ सेंचुरी पूरी की। इसी ओवर में तिलक ने पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। इतना ही नहीं, मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा भी पूरा कर लिया। कगिसो रबाडा के 4 ओवर पूरे हो चुके हैं। 16वें ओवर में मुंबई ने अपने आखिरी ओवर में महज 4 रन दिए। उनकी इस बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। रबाडा ने अपने कोटे के 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट झटके। 15वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 19 रन खर्च कर दिए। उनकी शुरुआती 3 बाल पर तिलक वर्मा ने एक छक्का और दो चौके लगाए।

14वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अशोक शर्मा की तीसरी बाल पर बाई का एक रन आया। इसी के साथ मुंबई की पारी का 100वां रन बना। तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या नाबाद हैं। 13वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 45 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने कगिसो रबाडा के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में नमन धीर ने वाशिंगटन सुंदर की दूसरी बाल पर छक्का लगाया। उन्होंने अगली बाल पर एक चौका भी लगा दिया। सुंदर के इस ओवर से 13 रन आए हैं। 10वें ओवर में राशिद खान ने महज 7 रन का ओवर डाला। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। राशिद ने पहले ओवर में 2 रन दिए थे। मुंबई की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 46 रन बनाने में पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए। रबाडा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव को बोल्ड कर दिया। इस ओवर की शुरुआती दो बाल पर 10 रन आ गए थे। इनमें एक छक्का और एक चौका शामिल रहा। चौथे ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर कगिसो रबाडा ने क्विंटन डी काक को अपनी ही बाल पर कैच किया। डी काक 13 रन बनाकर आउट हुए। रबाडा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने मालेवार को एलबीडब्ल्यू किया। तीसरे ओवर में नमन धीर ने मोहम्मद सिराज की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। सिराज के इस ओवर में 10 रन बने। मुंबई ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया है। यहां पर डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने स्टंप कराया। मोहम्मद सिराज ने मुंबई की पारी का पहला ओवर डाला। उन्होंने इस ओवर में महज 2 रन दिए। सिराज के ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है।

## हॉकी इंडिया ने 36-सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शि. विर के लिए 36-सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह की घोषणा की। यह शिविर 20 अप्रैल से 9 मई तक बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य फोकस रणनीतिक तालमेल, फिटनेस और मैच-सिमुलेशन सत्रों पर होगा। टीम का लक्ष्य एक व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाना है। इस अंतर्राष्ट्रीय सत्र में एफआईएच प्रो लीग 2025-26 का यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेल शामिल हैं। इसके अलावा, टीम अपनी लय बनाने, आपसी तालमेल को निखारने और सभी विभागों में अपनी बेंच स्ट्रेंथ (खिलाड़ियों की गहराई) को मजबूत करने पर भी ध्यान देगी।

गोलकीपिंग यूनिट में अनुभवी कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा और पवन प्रमुख हैं। इनके साथ-साथ मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिंसदीप सिंह जैसी उभरती हुई प्रतिभाएं भी मौजूद हैं। रक्षा पंक्ति (डिफेंस) में, टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के हाथों में होगी। इन्हें जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और खिलाड़ियों के एक होनहार समूह का समर्थन मिलेगा, जिसमें पूवन्ना चंदूरा बॉबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीप जेस और अमनदीप लाकरा हैं। मिडफील्ड में अनुभव और युवा जोश का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।

### खेल विशेष

#### सूरज चंद व रूकैया उस्मान ने जीते एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर के खिताब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत के सूरज कुमार चांद और मिस्र की रूकैया उस्मान ने एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर 2026 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रविवार को खेले गए मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त सूरज कुमार चांद को पुरुष फाइनल जीतने में 34 मिनट लगे। उन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रयू को 3-0 (11-5, 11-9, 11-3) से हराकर अपना चौथा पीएसए चैलेंजर टूर खिताब पक्का किया। 25 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने चेन्नई में एक शानदार हफ्ता बिताया और खिताब जीतने के सफर में एक भी गेम नहीं हारा। पहले राउंड में 'बाय' मिलने के बाद, चांद ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आर्यवीर दीवान पर 3-0 (11-6, 11-7, 11-8) की जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया और साथी भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल को 3-0 (11-8, 11-1, 11-4) से आसानी से हरा दिया। सेमीफाइनल में भी चांद ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और हांगकांग-चीन के वाइलोक टो को 3-0 (11-8, 11-7, 11-6) से हराया। यह सूरज कुमार चांद का 2024 के बाद पहला स्क्वैश खिताब है।

#### क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रुबेल को किया सम्मानित

**मीरपुर, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुक. ाबले से पहले, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन को सम्मानित किया। बीसीबी ने आज यहां ने मैच से पहले का यह समारोह आयोजित किया, जिसमें मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ तमीम इकबाल (तदर्थ समिति के अध्यक्ष) भी मौजूद थे।

#### स्टनर्स अकादमी महिला वर्ग में बनी बास्केटबॉल चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टनर्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के महिला वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल में स्टनर्स अकादमी ने गार्गी कॉलेज को 72-67 से पराजित किया। मुख्य अतिथि प्रो. रजनी अब्बी (साउथ कैंपस की डायरेक्टर) ने अन्य अतिथियों - मुकेश कालिया (दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष), ललित वत्स (पीएसपीबी के सलाहकार), अशोक रंगीन (डीबीए के महासचिव), डा. सुशील कुमार (डीयूएसयी के सहायक डायरेक्टर) - के साथ मिलकर, प्रिंसिपल प्रो- गुरमोहिंदर सिंह और डीपीई डा. इंदरप्रीत कौर की मौजूदगी में, विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस टूर्नामेंट को पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और अयूथ वेदा ने प्रायोजित किया था।

## पंजाब के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में पहुंचे प्रिंस

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज प्रिंस यादव कल खेले गए मुक. ाबले में पंजाब किंग्स के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में जगह पहुंच गए हैं। प्रिंस ने इस आईपीएल में सभी छह मैचों में खेले हैं। रविवार को उन्होंने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटके, इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल 11 विकेट हो गए, जो गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर है।



हालांकि प्रिंस की इकॉनमी रेट प्रसिद्ध से बहुत बेहतर है। अंशुल कम्बोज 13 विकेट के साथ अभी भी तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं, वहीं राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के रवि बिश्नोई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 10 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार चौथे नम्बर पर हैं। रविवार के मैचों के बाद आरआर के जोफ्रा आर्चर के भी आठ विकेट हो गए हैं, जो चार अन्य गेंदबाजों के बराबर हैं। इसमें केकेआर के कार्तिक त्यागी भी शामिल हैं, जिन्होंने आरआर के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। वहीं ऑरेंज कैप, रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष तीन स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी SRH और DC

**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में छह-छह अंकों के साथ तालिका में छठे और पांचवें स्थान पर विराजमान सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स कल राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी।

इस सीरीज में सनराइजर्स हैदराबाद सबसे खतरनाक बल्लेबाजी टीम बनकर उभरी है, जो लगातार 200 से अधिक का स्कोर बना रही है। इसकी मुख्य वजह अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी द्वारा दी गई विस्फोटक शुरुआत है। वहीं



ईशान किशन नम्बर तीन पर आकर टीम की गति को और बढ़ाते हैं, जबकि हेनरिक क्लासेन मिडिल ऑर्डर में लगातार बड़े शॉट्स लगाकर सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें सलिल अरोड़ा, अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी का साथ मिलता है, जो बल्लेबाजी इकाई को और मजबूत और लचीला बनाते हैं। इसके विप. रीत, दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को फॉर्म में चल रही पथुम निसंका और केएल राहुल की सलामी जोड़ी स्थिरता देते हैं। समीर रिजवी और करुण नायर मध्यक्रम में बल्लेबाजी के विकल्प देते हैं, जबकि अक्षर पटेल, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मिलकर मैच को फिनिश करने और तेजी से रन बनाने वाली मुख्य यूनिट बनाते हैं। खासकर स्टब्स, दबाव में भी मैच जिताने की काबिलियत रखने वाले एक अहम 'इम्पैक्ट प्लेयर' साबित हुए हैं। गेंदबाजी में भी दोनों टीमों के बीच उतना ही बड़ा अंतर देखने को मिलता है।

## हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है: हरमनप्रीत कौर

**डरबन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वे छोटे प्रारुप में टीम के खराब प्रदर्शन से चिंतित नहीं है, हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है। भारत ने अपना लगातार दूसरा टी-20 मैच और इस साल का तीसरा मैच गंवा दिया, जब रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आठ विकेट से हरा दिया।

इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज में प्रोटियाज के खिलाफ भारत 2-0 से पीछे हो गया है। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद डरबन में मैच के बाद के हरमनप्रीत ने कहा कि यह मुश्किल समय है। एक टीम के तौर पर हमें एकजुट रहने की जरूरत है। उम्मीद है, हम (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच के लिए जोहान्सबर्ग)



एक सकारात्मक सोच के साथ जाएंगे। टी-20 फॉर्मेट ऐसा ही होता है, इसमें एकजुट रहना ही सबसे जरूरी है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (57) ने किग्समीड में एक तेज अर्धशतक लगाकर भारत को शानदार शुरुआत दी, लेकिन पारी के आखिरी हिस्से में लगातार विकेट गिरते रहे। टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, एशियाई टीम सिर्फ 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मेजबान टीम ने 148 रनों के जीत के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (54) और सुने लुस (57) ने जवाब में पहले विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी करके यह सुनिश्चित किया कि दक्षिण अफ्रीका आसानी से मैच जीत जाए। भारत क्षेत्ररक्षण के दौरान भी कई मौकों को भुनाने में नाकाम रहा, और हरमनप्रीत जानती हैं कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में बने रहने के लिए, उनकी टीम को जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बल्ले से हम वैसा योगदान नहीं दे पाए जैसा हम चाहते थे। पारी के आखिरी 10 ओवरों में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमें सोचना होगा कि अगले तीन मैचों में हम कैसे खेलेंगे। जब आपके शॉट नहीं लग रहे होते, तो स्ट्राइक रोटेट करना एक अहम बात होती है। हम चर्चा कर रहे थे--- कि हम स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं और इससे हमें उस मुश्किल समय से निकलने में मदद मिल सकती है। लेकिन यह एक ऐसा समय था जब चीजें हमारे पक्ष में नहीं रहीं। गेंदबाजी के दौरान पावरप्ले भी हमारे पक्ष में नहीं जा रहा है। शेफाली वर्मा ने अपनी कप्तान की बातों से सहमति जताई और उन्हें लगता है कि भारत दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाकी मैचों और टी-20 विश्व कप के दौरान अपनी फॉर्म में जल्दी सुधार कर सकता है। शेफाली ने कहा, हम सभी अपनी ताकत जानते हैं। हम पूरी ताकत से वापसी करेंगे, एक-दूसरे का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे, और ज्यादा से ज्यादा व कड़ी मेहनत से अभ्यास करेंगे।

## डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 21 अप्रैल से

**नूह (हरियाणा), वार्ता।** डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने आज डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप की घोषणा की, जो 21 से 24 अप्रैल, 2026 तक हरियाणा के नूह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में होने वाली है।

इस टूर्नामेंट में 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है। डीपी वर्ल्ड और पीजीटीआई ने इस साल जनवरी में एक लैंडमार्क मल्टी-ईयर पार्टनरशिप की घोषणा की, जिसके तहत ग्लोबल लॉजिस्टिक्स लीडर डीपी वर्ल्ड, भारत के प्रीमियर प्रोफेशनल गोल्फ टूर, पीजीटीआई का टाइटल पार्टनर और ऑफिशियल अम्ब्रेला पार्टनर बन गया। इस टूर्नामेंट में 130 प्रोफेशनल्स हिस्सा लेंगे। इस इवेंट में टॉप इंडियन प्रोफेशनल्स वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंडास (सभी डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन) के साथ-साथ सप्तक तलवार (2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर), खिलन जोशी और हनी बैसोया (दोनों इस सीजन में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के विनर) और अंगद चीमा (पिछले साल डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के दो बार विनर) शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा इस फील्ड में लीडिंग विदेशी नाम होंगे। वीर अहलावत और मनु गंडास के अलावा, गुरुग्राम और नूह के होस्ट रीजन को ध्रुव श्योरण और तपेंद्र घई के साथ-साथ मनीष ठाकरान और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया तथा कुशल सिंह, मानव बैस और सौरव राठी जैसे जाने-माने नाम रिप्रेजेंट करेंगे।

## न्यूजीलैंड को 198 रनों पर समेटा

### बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने झटके पांच विकेट

**मीरपुर, वार्ता।** नाहिद राणा (पांच विकेट) की बेहतरीन गें. दबाजी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड की पूरी टीम को 48.4 ओवरों में 198 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब हुई और उसने 52रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। हेनरी निकल्स (13), विल यंग (दो) और टॉम लेथम (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मुहम्मद अब्बास ने निक केली के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। नाहिद राणा ने मुहम्मद अब्बास (19) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इस दौरान एक छोर थामे रन बना रहे निक केली को शोरिफुल इस्लाम ने आउट कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका



दिया। निक केली ने 102 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 83 रनों की पारी खेली। इसके बाद बंगलादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज संघर्ष करते हुए विकेट गंवाते रहे। न्यूजीलैंड ने 53 रन जोड़ कर शेष पांच विकेट गंवा दिए। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (15), ब्लेयर टिकनर (12), जॉश क्लार्कसन (छह), जेडेन लेनॉक्स (शून्य) और विलियम ओरूर्क (छह) रन बनाकर आउट हुए। नेथन स्मिथ ने (18) रनों की नाबाद पारी खेली। बंगलादेश के लिए नाहिद राणा ने 32 रन देकर पांच विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम को दो विकेट मिले।

## बंगलादेश की महिला टीम ने वनडे मैच में श्रीलंका को तीन विकेट से हराया

**राजशाही, वार्ता।** शर्मिन अख्तर (86) और शोभना मोस्तारी (रिटायर हर्ट, एक विकेट और 41 रन) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगलादेश की महिला टीम ने सोमवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका की टीम को नौ गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने इमेशा दुलानी (52), हंसिमा करुणरत्ने (54), कविशा दिलहारी (30), कप्तान हसिनी परेरा (27) और कौशिनी नुथ्यंगना (18) रन के योगदान से निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 205 रनों का स्कोर बनाया। श्रीलंका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के लिए रितु मोनी ने तीन विकेट लिए। नाहिदा अख्तर को दो विकेट मिले। मारुफा अख्तर, सुल्ताना खातून, राबेया खान



और शोभना मोस्तारी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की महिला टीम ने 48-3 ओवरों में सात विकेट पर 206 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से अपने नाम कर लिया। शर्मिन अख्तर ने बंगलादेश के लिए सर्वाधिक 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 127 गेंदों का सामना किया और 13 चौके लगाए। शोभना मोस्तारी 41 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुईं।

# सहारनपुर के नए डीएम बने अरविंद चौहान

## अपने विशिष्ट कार्यशैली के लिए सुर्खियां बंटोरकर चर्चा में रह चुके हैं नए जिलाधिकारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के बाद वर्ष 2015 बैच के तेजतर्रार आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने सहारनपुर के नए जिलाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी संभाल ली है। शामली से स्थानांतरित होकर आए अरविंद कुमार चौहान अपनी विशिष्ट कार्यशैली और जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार के लिए जाने जाते हैं।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के निवासी अरविंद कुमार चौहान ने विज्ञान स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। आईएएस बनने के बाद वे आजमगढ़, मिर्जापुर, बहराइच और प्रयागराज जैसे महत्वपूर्ण जिलों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सहारनपुर आने से पहले वे शामली के जिलाधिकारी के पद पर तैनात थे। अरविंद कुमार चौहान उस वक्त देशभर की सुर्खियों में आए थे जब शामली में तैनाती के दौरान उन्होंने प्रोटोकॉल को किनारे रखकर एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की समस्या सुनने के लिए उनके पास जमीन पर बैठकर बात की थी। उनकी इस सादगी और संवेदनशीलता की सोशल मीडिया पर जमकर सराहना हुई थी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने विकास कार्यों और प्रशासनिक कसावट को लेकर अपनी एक मजबूत छवि बनाई है।

अब उनके आगमन से जिले की जनता को काफी उम्मीदें हैं। विशेष रूप से जिले के विकास कार्यों और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में उनके अनुभव का लाभ मिलने की संभावना है।

## एक शातिर चोर पकड़ा

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को वादी अशरफ अली पुत्र मकसूद अली निवासी आली की चुंगी मंडी समिति रोड थाना मंडी कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि आरोपी इरफान पुत्र नामालूम निवासी हबीबगढ़ थाना कुतुबशेर ने उसके घर से बैटरा व इनवर्टर चोरी कर लिया है। मंडी कोतवाली पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी व उपनि. रीक्षक जगपाल सिंह के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर इरफान पुत्र मजीद को मंडी समिति रोड कमेला पुलिया से दबोच लिया।

# बास्केटबॉल के प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने सीखा खेल का हुनर



प्रशिक्षक यश गुप्ता द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रो. संदीप गुप्ता ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क है और इसमें जनपद का कोई भी बच्चा भागेदारी कर सकता है। डा. संदीप गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ आज के दौर में खेल का महत्व भी बढा है ऐसे में बच्चे बास्केट बॉल में प्रशिक्षित होकर अपना भविष्य संवार सकते है।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जेवी जैन कालेज में शुरू हुए बास्केट बॉल प्रशिक्षण में खिलाडियों ने खेल की बारीकी सीखी।

जिला बास्केट बॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को बास्केट बॉल का हुनर सिखाया जा रहा है जिसमें आज भारी संख्या में खिलाडियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर खेल की बारीकियां सीखी।

## सरकारी जमीन पर कब्जे का मुकदमा

**चिलकाना।** लेखपाल ने सरकारी जमीन पर कब्जे का मुकदमा दर्ज कराया है।

लेखपाल हरिपाल सिंह ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि ग्राम चौरीमंडी परगना सुल्तानपुर की गाटा संख्या 339 राजस्व अभिलेखो मे श्रेणी 6 (1) खाली भूमि के रूप मे दर्ज है। उक्त खसरा नम्बर पर राहुल कश्यप पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम चौरीमंडी थाना चिलकाना द्वारा अवैध निर्माण करके अवैध कब्जा किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस व्यक्ति को पूर्व मे भी कंई बार पुलिस की उपस्थिति में कब्जा करने से रोका गया है लेकिन इसके द्वारा दबंगई दिखाते हुए पुनः निर्माण आरम्भ कर दिया गया है।

# छात्राओं को बताई जनकल्याणकारी योजनाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर की एंटी रोमियो टीम ने उपनिरीक्षक सुमन चाहर के नेतृत्व में आने-जाने वाली स्कूली छात्राओं, महिलाओं व बालिक. ाओं को महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। एंटी रोमियो टीम की उप निरीक्षक सुमन चाहर, हेड कांस्टेबल कमलेश, कांस्टेबल ममता ने थाना क्षेत्रांतर्गत स्कूलों एवं बाजार में आने जाने वाली महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्या पूछी ओर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जानकारी दी। उन्होंने स्कूली छात्राओं को बैड टच एवं गुड टच के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं को आत्मसुरक्षा एवं अपने अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विधवा पेंशन, सुमंगला योजना बाल कल्याण योजनाओं, बाल मजदूरी न कराने आदि के बारे में व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि की भी जानकारी भी गई। साइबर अपराधों से बचने के बारे में जागरूक किया गया, पंपलेट वितरित किए गए।

# अधीक्षण अभियंता से मिला पार्षदों का डेलीगेशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर आज पार्षद व सपा नेता अभिषेक टिंकू अरोडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय पार्षदों का डेलीगेशन अधीक्षण अभियंता से मिला।

पार्षद टिंकू अरोडा ने कहा कि नगर में अधिकतर जगहों पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर जो लगा दिए गए हैं इन मीटर लगने की वजह से जनता को अत्यधिक कठिनाई हो रही है। 200 या 300 रुपये बिल होने पर भी मीटर की लाइट बंद कर दी जाती है। विद्युत विभाग में संपर्क करने पर ओर पैसे जमा करवाने पर भी एक या दो दिन तक भी चालू नहीं होती। इस समस्या को जब निचले स्तर के अधिकारियों से कहा गया तो उनके द्वारा कहा गया के एडवांस में दो या तीन हजार रुपए जमा करवा कर रखो। एक गरीब परिवार चलाने वाला जो अपना घर ही बड़ी कठिनाई से चलाता है वह एडवांस पैसे कैसे जमा करवा सकता है।

उन्होंने ज्ञापन में मांग रखी कि तत्काल प्रीपेड स्मार्ट मीटर उतरवाकर पुराने वाले मीटर लगवाने की कृपा करें जिससे आ रही समस्याओं से नगर की जनता को निजात मिल सके। अधीक्षण अभियंता आर एस वर्मा ने कहा जल्द ही इस समस्या का निस्तारण किया जाएगा आईआईटी के इंजीनियर इसकी जांच कर रहे है जल्द ही समस्या का हल निकाल दिया जाएगा।

डेलीगेशन में पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद इमरान सैफी, पार्षद नितिन जाटव, पार्षद राजीव अन्नू, पार्षद फराज अंसारी शामिल रहे।

# त्रिदंडी स्वामी ने डाला भागवत कथा पर प्रकाश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बक्सर से आए हुए श्री श्री 1008 गंगा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी महाराज ने भागवत कथा के दिव्या प्रसंग पर प्रकाश डाला।

मल्हीपुर रोड स्थित आर्य सिटी में विगत तीन दिवस से चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं अष्टादश महापुराण का पारायण एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में त्रिदंडी स्वामी महाराज ने कहा कि भागवत ही मनुष्य को अध्यात्म की ओर ले जाती है भागवत से ही व्यक्ति के जीवन में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि भागवत हमें जीवन की राह दिखाती है और भागवत सुनने मात्र से मोक्ष हो जाता है। यज्ञाचार्य आचार्य पंडित अमित भारद्वाज ने वैदिक विधान के द्वारा मंडप पूजन यज्ञ कराया। यज्ञ का शुभ संकल्प अचार्य अरुण चंद्र शर्मा द्वारा लिया गया।

आज कथा में केपी सिंह, सोनू पवार, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र चौधरी, हेमंत भारद्वाज, अरुण चंद शर्मा, संदीप पवार, राजकुमार चौधरी, अभिषेक त्यागी, सतीश त्यागी, रविंद्र मित्तल, नितिन गुप्ता, कटार सिंह, अनिल गर्ग, अजय कुमार, हरिशंकर शर्मा, सुमित चौधरी आदि श्रद्धालु भारी संख्या में मौजूद रहे।

## मारपीट की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव सीकरी खुर्द निवासी महिला ने अपने गांव निवासी एक महिला सहित चार आरोपियों पर उसके साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

ग्राम सीकरी खुर्द निवासी महिला सरेसो पत्नी स्व. रकम सिंह ने विपक्षी भोपाल पुत्र शीशपाल, संजू पुत्र शीशपाल, पंकज पुत्र शीशपाल तथा नीशा पत्नी संजू निवासी गण ग्राम सीकरी खुर्द पर आरोप लगाते हुए बताया कि विपक्षियो द्वारा पीड़िता के साथ घर पर आकर गाली गलौच की गयी। जिसका विरोध करने पर आरोपियों द्वारा मारपीट की गयी।

# वार्ड 18 में रिबोर का पूजा अर्चना के बाद शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के वार्ड 18 स्थित साहिब जी नगर में 15 एचपी क्षमता के जल पंप के रिबोर कार्य का विधिवत महापौर डा. अजय सिह ने पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

बताया गया कि रिबोर कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को स्वच्छ, पर्याप्त और निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनकी दैनिक जरूरतों की पूर्ति सुगमता से हो पाएगी। लंबे समय से जलापूर्ति संबंधी समस्याओं से जूझ रहे स्थानीय लोगों को इस कार्य से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर संबंधित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ऐसे विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। उद्घाटन में मुख्य रूप से पार्षद संजय सैनी, भाजपा नेता संदीप रावत, राकेश कल्याण पार्षद, सुलेख चंद्र पार्षद, रविंद्र कुमार, अरविंद कुमार, विजय, राकेश कुमार के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी चंद घंटों में पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारन।** पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को घटना के चंद घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने थाना रामपुर मनिहारन में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव का ही रहने वाला इंजमाम बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल व पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ रुचि गुप्ता के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने एसआई विपिन कुमार, हैड कांस्टेबल विकास कुमार व मोि. हत राणा की टीम गठित की। पुलिस टीम ने मल्हीपुर-बड़गांव मार्ग पर ट्यूबवेल के पास से आरा. ेपी इंजमाम निवासी ग्राम मल्हीपुर को गिरफ्तार कर लिया।इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव के अनुसार आरा. ेपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है।

# विषम हालात में अर्णव ने बनाई अंडर 14 में जगह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आर्थिक तंगी और पारिवारिक विपरीत परिस्थितियों के बीच शहर के बेटे अर्णव ने अपनी मेहनत और जुनून के दम पर यूपी अंडर-14 क्रिकेट टीम में जगह बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है।

व्हीलचेयर पर और पिता पैरालिसिस से जूझ रहे होने के बावजूद अर्णव ने हार नहीं मानी और अपनी प्रतिभा से जिले का नाम रोशन कर दिया। इस कहानी का सबसे भावुक और प्रेरणादायक पहलू यह है कि उसकी विकलांग मां खुद व्हीलचेयर पर बैठकर बेटे को गेंदबाजी कराती हैं, ताकि वह बेहतर बल्लेबाजी की प्रैक्टिस कर सके। संघर्ष से भरी इस कहानी में अर्णव ने करीब चार साल पहले अन्य बच्चों को देखकर क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उसी समय उसके मन में यह विश्वास जगा कि वह उनसे बेहतर खेल सकता है। जब उसने अपनी इच्छा मां कुसुम के सामने रखी तो आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने उसका हौसला बढ़ाया और नालंदा क्रिकेट एकेडमी में दाखिला दिलाया। इसके बाद उसकी दिनचर्या संघर्ष का उदाहरण बन गईख्रसुबह स्कूल के लिए तैयार होकर 5 किलोमीटर साइकिल से पढ़ाई करने जाना, घर लौटकर खाना खाना और फिर क्रिकेट प्रैक्टिस के लिए निकल जाना। दिन-रात की इसी मेहनत ने उसे उस मुकाम तक पहुंचाया, जहां उसका चयन यूपी अंडर-14 टीम में हुआ।

क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी लतीफउररहमान ने बताया कि चेयरमैन मोहम्मद अकरम के नेतृत्व में क्रिकेट को नई दिशा मिली है। खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और सुविधाएं मिल रही हैं, जिसके चलते जिले से कई खिलाड़ी अंडर-19 टीम और आईपीएल तक पहुंच चुके हैं। अर्णव भी उसी कड़ी का एक उभरता हुआ नाम है, जिसे एसोसिएशन की ओर से हर संभव सहयोग दिया गया। नालंदा वर्ल्ड स्कूल के एमडी मुकुल चौधरी ने अर्णव की उपलब्धि पर खुशी जताई।

सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन मोहम्मद अकरम ने कहा कि अर्णव जैसे खिलाड़ी जिले की असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अर्णव ने जिस तरह मेहनत की है, वह कािं. बले-तारीफ है।

# ट्रैफिक कर्मियों के लिए लगवाई छतरियां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी में यातायात कर्मियों की सेवा को देखते हुए पार्षद राहुल झाम्ब एवं समाजसेवी राम राजपूत द्वारा आज घंटाघर चौराहे पर छतरियां लगवाई गईं।

पार्षद राहुल झांम्ब ने बताया कि धूप और गर्मी में घंटों खड़े होकर यातायात संभालने वाले पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए यह छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारी सुरक्षा के लिए कड़ी धूप में खड़े रहते हैं, उनकी सुविधा का ध्यान रखना हम सबका दायित्व है। ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक कर्मियों ने भी पार्षद का आभार जताया।

# 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने 4 वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन के निर्देश्या पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए विशेष धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। थाना देहात कोतवाली पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक नरेंद्र भड़ाना, उपनि. रीक्षक बलराम सिंह व उपनिरीक्षक संजयच कुमार राणा के नेतृत्व में चार वारंटी आरोपियों को अनिल पुत्र महेंद्र निवासी लखनौती थाना कोतवाली देहात को वाद संख्या 5155/2020 बनाम दानिश उर्फ दाना अंतर्गत धारा-307/504 भादवि एक्ट चालानी थाना चिलकाना, विशाल उर्फ विपिन पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम धतौली थाना कोतवाली देहात वांद संख्या 3170/18 मुअसं 224/15 धारा-60/63 आबकारी अधिनियम चालानी थाना आबकारी, अजय कुमार पुत्र आत्माराम निवासी ग्राम दतौली सुलतानपुर थाना कोतवाली देहात सम्बंधित वाद संख्या 5184/25 मुअसं 15/03 चालानी थाना मंडी एवं अंकित पुत्र हुकम सिंह निवासी ग्राम ताहरपुर थाना कोतवाली देहात सम्बंधित वाद संख्या-1067/25 मु0अ0सं0 153/25 धारा-303(2)/317(2) बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार को उनके मकानों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

**सहारनपुर।** पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय द्वारा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिनमें ग्राहकों को विभिन्न बैंकिंग उत्पादों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अंचल कार्यालय, मेरठ के सहायक महाप्रबंधक निर्मल सिंह एवं सहारनपुर सर्किल के सर्किल हेड सौरभ मलिक ने ग्रहाकों बैंक योजनाओं की जाकारी देते हुए उन्हें उसका लाभ उठाने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सोलर वेंडर्स, बिल्डर्स, होम डेकोर से जुड़े प्रतिष्ठान एवं कार डीलर्स द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए।

## लापता का तीसरे दिन भी सुराग नहीं

**गंगोह।** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता 18 वर्षीय किशोर आयान का तीसरे दिन भी कोई सुराग नही लग सका है। जिसे लेकर परिजन बेहद चिन्तित है। कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराकर अनहोनी की आशंका जताई गई है।

पीडित पिता असलम पुत्र समर द्वारा कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि 18 अप्रैल की सुबह लगभग साढे दस बजे युवक के मोबाइल पर आई अज्ञात कॉल के बाद लडका घर से बाहर निकला, लेकिन शाम तक लौटकर न आने और फोन के स्विच ऑफ मिलने पर परिवार की बेचौनी अनहोनी की आशंका में बदल गई। रातभर परिजन उसे रिश्तेदारों और जान पहचान वालों के यहां तलासते रहें।

# कैंप खिलाड़ियों के लिए ऑक्सीजन जैसा: सैफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन मोहम्मद अकरम के प्रयास से अंबाला रोड स्थित ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल मैदान पर हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 19 अप्रैल से शुरू हुए इस कैंप में जिले के 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया है।

एसोसिएशन के सचिव लतीफ उर रहमान ने बताया कि यह कैंप चेयरमैन मोहम्मद अकरम के प्रयासों से आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य सहारनपुर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और मंच उपलब्ध कराना है। कैंप में प्रशिक्षण दे रहे कोच मोहम्मद सैफ ने कहा कि सहारनपुर में इस तरह के कैंप का आयोजन बेहद सराहनीय है और खिलाड़ियों के लिए ऑक्सीजन जैसा है। उन्होंने बताया कि यहां क्रिकेट का माहौल काफी अच्छा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सही मार्गदर्शन मिलने पर ये खिलाड़ी आगे बड़े स्तर तक पहुंच सकते हैं। मोहम्मद सैफ, भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ के बड़े भाई हैं। कैंप में उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के अंडर-23 कोच वकार अहमद और रणजी ट्रॉफी से जुड़े फिटनेस ट्रेनर इसरार अजीम खान भी खिलाड़ियों को तकनीकी और फिटनेस प्रशिक्षण दे रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में एसडीसीए के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, परविंदर सिंह, पाली कालड़ा, अमर गुप्ता और राज कुमार राजू, सैयद मशकूर, संयुक्त सचिव महेश शर्मा, मोहम्मद वकार, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, राजीव गोयल टप्पू,रणधीर कपूर, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब , सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन, अंजर अली, प्रीति मेहरा, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल और ललित मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# मुद्रास्फीति का फैलता दबाव

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के युद्ध ने महत्वपूर्ण ईंधनों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर दिया है। इससे इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ गई हैं और दुनिया की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति का दबाव फैल गया है। रुपये के अवमूल्यन से आयात की लागत भी बढ़ गई है। इनमें उर्वरक, प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल उत्पाद शामिल हैं। पेट्रोकेमिकल उत्पाद फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र और आटोमोबाइल के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। भारत में मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 फीसदी रही और यह फरवरी महीने के 3.2 फीसदी से जरा सा ज्यादा है, लेकिन यह बढ़ोतरी सिर्फ देखने में ही मामूली लगती है। यह बात थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर बढ़ते दबाव से साफ है, जो मार्च में 38 महीनों के उच्चतम स्तर 3.88 फीसदी पर पहुंच गया। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जहां उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का आधार वर्ष बदलकर 2024 हो गया है, वहीं डब्ल्यूपीआई के आधार वर्ष के रूप में अभी भी 2011-12 का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों की व्याख्या करते वक्त इस फर्क को जरूर ध्यान में रखा जाना चाहिए। मार्च का सीपीआई भले ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 फीसदी दृ 6 फीसदी की सहनशीलता के आरामदायक दायरे के भीतर दिखाई देता है, लेकिन यह आंकड़ा मुख्य रूप से बढ़ती इनपुट लागतों, खासतौर पर ईंधन की कीमतों से प्रेरित दबावों के कहीं ज्यादा जटिल जमाव को छिपाता है। डब्ल्यूपीआई की मुद्रास्फीति फरवरी में लगभग 2.4 फीसदी से बढ़कर मार्च में 3.88 फीसदी हो गई, जो थोक मूल्य के दबाव में होते महीने-दर-महीने तेज इजाफे का संकेत देती है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में इसका मामूली प्रभाव ही देखने को मिला है और उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) फरवरी में लगभग 3.4 फीसदी से हल्का बढ़कर मार्च में लगभग 3.8 फीसदी हो गया है। इस अंतर की कई वजहें हैं। इनमें सबसे अहम अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपये का लगभग 2.5 फीसदी-3 फीसदी का तेज अवमूल्यन है। चूंकि दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस का व्यापार डालर में होता है, इससे आयातित मुद्रास्फीति में और इजाफा हुआ है। कई कंपनियों ने भले ही इन बढ़ती लागतों को वहन कर लिया है, लेकिन यह ज्यादा देर तक नहीं चल सकता है। साथ ही, मार्च में निर्यात (साल-दर-साल के आधार पर लगभग 3 फीसदी- 4 फीसदी की गिरावट और आयात साल-दर-साल के आधार पर लगभग 5 फीसदी - 6 फीसदी की गिरावटऋ में कमी सिर्फ कमजोर मांग का ही नहीं, बल्कि युद्ध के चलते आपूर्ति में आई बाधाओं का भी संकेत है। इसके जवाब में, निर्यातक दृ खासतौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) - अपने उत्पादन को घरेलू बाजार की ओर मोड़ रहे हैं और इस कदम को निर्यात-उन्मुख इकाइयों से ज्यादा घरेलू बिक्री की इजाजत देने वाली नीतिगत छूटों से मदद मिल रही है। इससे स्थानीय स्तर पर आपूर्ति की अधिकता हो रही है, लेकिन बढ़ती इनपुट लागतों के कारण उत्पादकों के मुनाफे में कमी आने के चलते कीमतों का लाभ ग्राहकों तक पहुंचने में देरी हो रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि सीपीआई में अस्थायी रूप से गिरावट आई है। जैसे-जैसे ये दबाव कम होंगे, विकास की गति धीमी होने के बावजूद मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है।

## सरकार की विदेश नीति के लिए झटका



जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर दलाल बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमे. रिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है, यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका है, अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है, बारह अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया, ताकि संयुक्त अरब अमीरात के 3.5 अरब डॉलर के कर्ज को चुका सके, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और वह मित्र देशों की सहायता पर निर्भर है, इसके बावजूद वह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक भूमिका निभा रहा है,श्री मोदी की क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति पाक को अलग- थलग करने में विफल रही है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# शहर की सेहत ठीक नहीं : हमारी आदतें इसका रोग हैं



**प्रो. आर.के. जैन**

शहरों की असल तस्वीर उनकी ऊंची इमारतें नहीं, बल्कि बिखरी हुई नागरिक आदतें बयान करती हैं। भागती सुबह में उड़ता कचरा, लाल बत्ती को रौंदती गाड़ियां, फुटपाथों पर जमे वाहन और सार्वजनिक स्थानों के प्रति बेपरवाहीकृए सब उस मानसिकता का खुला बयान हैं, जो अधिकार तो चाहती है, पर कर्तव्य से बचती है। घर की चमक और बाहर की गंदगी का यह तीखा विरोध अब हमें झकझोरता नहीं, क्योंकि हमने इसे सामान्य मान लिया है। यहीं सिविक सेंस दम तोड़ता है। हम व्यवस्था से उम्मीदें ऊंची रखते हैं, लेकिन उसे बनाने में अपनी जिम्मेदारी से कन्नी काट लेते हैं। 2026 में भी यही सोच इस समस्या को जिंदा रखे हुए है।

दैनिक जीवन में सिविक सेंस की कमी केवल दिखाई नहीं देती, बल्कि आंकड़ों में भी साफ दर्ज है। देश के शहरी इलाके हर दिन लगभग 1।62 लाख टन नगरपालिका कचरा पैदा करते हैं, जिसका बड़ा हिस्सा अब भी लैंडफिल या खुले में जा पहुंचता है यह बताता है कि स्रोत पर अलग करना और सही निस्तारण जैसी बुनियादी आदतें अब भी हाशिए पर हैं। ट्रैफिक के मोर्चे पर स्थिति और भयावह है। 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 1. 77 लाख से अधिक मौतें दर्ज हुई यानी औसतन रोज 485 जिंदगियां खत्म। ओवरस्पीडिंग, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनदेखी, गलत पार्किंग जैसी लापरवाहियां इस त्रासदी की मुख्य वजह रहीं। सबसे चिंताजनक वह सोच है, जो इन आंकड़ों के पीछे छिपी है दूसरे नहीं मानते, तो मैं क्यों मानूं? यही मानसिकता सिविक सेंस को भीतर से खोखला कर रही है। समस्या सतह पर नहीं, हमारी परवरिश और सामाजिक ढांचे में जमी है। स्कूलों में सिविक सेंस सैद्धांतिक रह जाता है, व्यवहारिक अभ्यास लगभग गायब है। बच्चे किताबों में अनुशासन पढ़ते हैं, पर घर और सड़कों पर उसका उल्टा देखते हैं यहीं से विरोधाभास जन्म लेता है। सफाई को किसी और का काम मानना और सार्वजनिक संपत्ति से दूरी इस कमी को और गहरा करते हैं। कानून तो हैं, पर उनका प्रवर्तन न निरंतर है, न सख्तय जुर्माना अपवाद बनकर रह जाता है, आदत नहीं बदलती। विडंबना यह कि विदेश में नियमों का पालन करने वाला नागरिक, अपने देश में लौटते ही वही पुरानी लापरवाही दोहराता है यही दोहरापन बदलाव की सबसे बड़ी बाधा है।



इसके दुष्परिणाम केवल दृश्य गंदगी तक सीमित नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और पर्यावरणकृतीनों पर भारी पड़ते हैं। कचरे और अस्वच्छता से फैलने वाली बीमारियां लाखों लोगों, खासकर गरीबों और बच्चों को प्रभावित कर रही हैं। सड़क दुर्घटनाएं परिवारों को एक झटके में आर्थिक और भावनात्मक संकट में धकेल देती हैं। पर्यावरणीय नुकसान भी गहरा है देश की 296 नदियों के खंड प्रदूषित हैं, जिनमें प्लास्टिक और औद्योगिक अपशिष्ट की बड़ी भूमिका है। कई शहरों में हवा खतरनाक स्तर पर बनी हुई है खुले में कचरा जलाना इसे और विषैला बनाता है, जबकि अव्यवस्थित निपटान भूजल को भी दूषित करता है। इसका असर पर्यटन, निवेश और शहरों की छवि पर साफ दिखता है। जब नागरिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते हैं, तो विकास की रफ्तार भी थमने लगती है।

सरकारी स्तर पर पहलें कमजोर नहीं रहीं स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ने ढांचे को मजबूती दी है और नतीजे भी दिखने लगे हैं। 2025 तक शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, कई शहरों में डोर-टू-डोर संग्रह 90 प्रतिशत कवरेज तक पहुंच चुका है और लीगेसी वेस्ट की सफाई ने रफ्तार पकड़ी है। इंदौर लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 1 बना हुआ है, जबकि सूरत और नवी मुंबई जैसे शहर व्यवहार और प्रबंधन दोनों के सफल मॉडल पेश कर रहे हैं। 2026 के नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों ने स्रोत पर 4-स्ट्रीम सेग्रिगेशन को अनिवार्य कर एक स्पष्ट दिशा भी तय कर दी है। फिर भी तस्वीर अधूरी है उपलब्धियों के बावजूद आम नागरिक के व्यवहार में अपेक्षित बदलाव नजर नहीं आता। साफ है, इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरी है, लेकिन निर्णायक बदलाव मानसिकता बदलने से ही आएगा। वैश्विक अनुभव बताते हैं कि सिविक सेंस कानून से नहीं, संस्कृति से बनता है। जापान में बच्चे स्कूल की सफाई खुद करते हैं सार्वजनिक जगह गंदा करना वहां अस्वीकार्य है। सिंगापुर ने सख्त प्रवर्तन से ऐसी आदतें विकसित कीं, जो अब स्वाभाविक व्यवहार हैं। भारत में भी इंदौर और सूरत जैसे शहरों ने शिक्षा, सामुदायिक निगरानी और कड़े अमल के संयोजन से उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। अब जरूरी है कि स्कूलों में सिविक सेंस को पाठ विषय नहीं, अनिवार्य व्यवहारिक अभ्यास बनाया जाए, युवाओं को नेतृत्व मिले और तकनीक आधारित निगरानी मजबूत हो। वास्तविक, स्थाई बदलाव तभी संभव है जब इसकी शुरुआत परिवार और शिक्षा दोनों स्तरों से एक साथ हो। समाधान किसी बड़े सूत्र में नहीं, बल्कि निरंतरता और व्यक्तिगत जिम्मेदारी की ठोस आदतों में छिपा है। कूड़ा डस्टबिन में डालना, सिग्नल पर रुकना, फुटपाथ खाली रखना और सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान ए छोटे कदम जब सामूहिक व्यवहार बनते हैं, तभी बड़ा बदलाव आकार लेता है। व्यवस्था को भी ढील नहीं, दृढ़ता चाहिए दोहराए उल्लंघनों पर लाइसेंस निलंबन, अनिवार्य सामुदायिक सेवा जैसे कड़े प्रावधान लागू हों। साथ ही, जिम्मेदार आचरण को पहचान और प्रोत्साहन मिले, ताकि सकारात्मक उदाहरण फैलें। मीडिया, एनजीओ और स्थानीय समुदाय मिलकर लगातार, लक्ष्य-आधारित जागरूकता अभियान चलाएं तभी बदलाव टिकाऊ बनेगा।

अब मुद्दा कब नहीं, कैसे का है। साफ सड़कें, अनुशासित ट्रैफिक और जिम्मेदार नागरिकता किसी एक योजना की देन नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना की पहचान हैं। आंकड़े साफ चेतावनी दे रहे हैं हर दिन 1.62 लाख टन कचरा, सालाना 1.77 लाख सड़क मौतें और लगातार प्रदूषित होती नदियां। इसके बावजूद अगर हम बदलाव टालते हैं, तो समस्या ही हमारी आदत बन जाएगी। विकसित भारत का सपना नीतियों से नहीं, हमारे रोजमर्रा के व्यवहार से साकार होगा। सिविक सेंस कोई विचार भर नहीं, बल्कि हमारी पहचान बनना चाहिए और इसकी शुरुआत आज, अभी, हमारे हर छोटे जिम्मेदार कदम से होनी चाहिए।

# गुजरात जा रहे हैं, तो इन जगहों को न भूलें

**पिरोटन एक छोटा द्वीप है, जो घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है और आपको यहां पर किसी तरह की कमी का एहसास नहीं होगा। हालांकि द्वीप सिर्फ ३ वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यह द्वीप चारों तरफ से हरे-भरे क्षेत्र में फैला है। अगर आप गुजरात घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग भी कर पाएंगे। क्योंकि यहां तक आने का सिर्फ यही एक साधन है।**

गुजरात में घूमने के लिए ऐसी कई जगहें हैं, जो बच्चों को बहुत पसंद आएगी। अगर आप गुजरात के ही रहने वाले हैं, तो वीकेंड पर यहां जाने का प्लान बना सकते हैं, लेकिन अगर आप गुजरात घूमने गए हैं और बच्चों को किसी खास जगह पर घुमाना चाहते हैं, तो इन जगहों पर जाना बिल्कुल न भूलें, क्योंकि यहां जाकर केवल बच्चों को ही नहीं बल्कि आपको भी मजा आने वाला है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको कुछ खास ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे, जहां मस्ती करने के लिए आप जा सकते हैं।

**समुद्री राष्ट्रीय उद्यान**

अगर भी बच्चों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इस जगह को लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। यहां पर लोग विदेशी पक्षियों और रंग बिरंगा मूंगा देखने आते हैं। इसके साथ ही यहां पर आपको समुद्री जानवरों की कई प्रजातियों के साथ-साथ डॉल्फिन भी देख पाएंगे। हालांकि इसके लिए आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। बता दें कि गुजरात में घूमने के लिहाज से यह काफी अच्छी जगह है।

**कैसे पहुंचे**

आप करीबी हवाई अड्डे जामनगर से यहां आ सकते हैं और यह सिर्फ 7 किमी की दूरी पर है। इसके अलावा आप यहां पर राजकोट और जामनगर रेलवे स्टेशन के जरिए यहां तक यात्रा कर सकते हैं।

**पिरोटन द्वीप**



पिरोटन एक छोटा द्वीप है, जो घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है और आपको यहां पर किसी तरह की कमी का एहसास नहीं होगा। हालांकि द्वीप सिर्फ 3 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यह द्वीप चारों तरफ से हरे-भरे क्षेत्र में फैला है। अगर आप गुजरात घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग भी कर पाएंगे। क्योंकि यहां तक आने का सिर्फ यही एक साधन है।

**ऐसे पहुंचें**

आपको बता दें कि यहां पर आप सिर्फ जलमार्ग से ही आ सकते हैं। इसके लिए आपको बेदी में नजदीकी बंद. रगाह से एक किराए पर नाव लेनी होगी, जो आपको 2 घंटे में यहां पर पहुंचाएगी। अगर आप भी कुछ मजेदार करना चाहते हैं, तो अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**वस्त्रपुर झील**


यह तो सभी जानते हैं कि बच्चों को पानी वाली जगह से बहुत प्यार होता है। झील और समुद्र आदि बच्चों की पसंदीदा जगह होती है। ऐसे में आप बच्चों के साथ शहर की व्यस्त जिंदगी से अलग सुकून और शांति का समय बिताने के लिए यहां जा सकते हैं। यहां पर आप बच्चों के साथ पिकनिक और बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे**

अहमदाबाद से पालनपुर तक के लिए आपको आसानी से बस मिल जाएगी। इसकी दूरी 143 किमी है और आप यहां सिर्फ 3 घंटे में पहुंच जाएंगे।

# एक शैवाल जो नाइट्रोजन को उपयोगी बनाती है

कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस के समान नाइट्रोजन भी एक जरूरी पोषक तत्व है। पृथ्वी के वायुमंडल में लगभग 80 प्रतिशत नाइट्रोजन है लेकिन मजेदार बात है कि पेड़-पौधे इसका उपयोग तब तक नहीं कर सकते जब तक कि इसे यौगिकों में न बदल दिया जाए। नाइट्रोजन स्थिरीकरण का यह अत्यंत महत्वपूर्ण काम पृथ्वी पर सिर्फ आर्किया और बैक्टीरिया समूह के सूक्ष्मजीव कर पाते हैं और इन्हीं की बदौलत नाइट्रोजन पेड़-पौधों को मिलती है। लेकिन हालिया अध्ययन से पता चला है कि एक शैवाल भी यह काम कर सकती है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने पहली ऐसी शैवाल की खोज की है जो उसमें पाए जाने वाली एक छोटी कोशिका संरचना की बदौलत हवा की नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकती है। नाइट्रोजन सजीवों की वृद्धि एवं जीवन क्रियाओं के लिए एक अनिवार्य तत्व है लेकिन पेड़-पौधे, शैवाल वगैरह तात्विक नाइट्रोजन का उपयोग नहीं कर सकते, बल्कि तभी कर सकते हैं जब वह यौगिकों के रूप में मिले। शोधकर्ताओं ने इस शैवाल में पाई गई इस संरचना को अंगक यानी ऑर्गेनेल कहा है। और इसे नाम दिया गया है नाइट्रोप्लास्ट।




यह शोध अप्रैल 2023 में साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ था। शोधकर्ताओं के अनुसार जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीक से इस संरचना के जीन्स को पौधों में रोप दिया जाए तो वे स्वयं नाइट्रोजन को परिवर्तित करने में सक्षम हो सकते हैं। इससे फसलों की पैदावार बढ़ सकती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो सकती है। अध्ययन के एक सह लेखक कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के समुद्री पारिस्थितिक वैज्ञानिक के. जोनाथन जेहर कहते हैं कि अब तक पाठ्य पुस्तकों के अनुसार नाइट्रोजन स्थिरीकरण (यानी नाइट्रोजन तत्व को यौगिकों में बदलने) की क्षमता केवल बैक्टीरिया और आर्किया समूह में ही पता थी। यह प्रोकैरियोटिक जीव हैं। कोशिका बनावट के आधार पर जीव दो तरह के होते हैं। प्रोकैरियोट (जिनमें केंद्रक नहीं पाया जाता) और यूकैरियोट (जिनमें सुस्पष्ट केंद्रक पाया जाता है और जेनेटिक पदार्थ केंद्रक में होता है)। उनका अध्ययन बताता है कि शैवाल की यह प्रजाति पहला यूकैरियोटिक जीव है जिसमें नाइट्रोजन स्थिरीकरण की क्षमता है। यूकैरियोटिक जीवों में पौधे और जंतु शामिल हैं। 2012 में जेहर के शोधदल ने बताया था कि ब्रारुडोस्फेरा बिगलोवी (Braarudosphaera bigelowii) नामक एक समुद्री शैवाल नाम के बैक्टीरिया से करीबी रूप से जुड़ा रहता है। लगता था कि यह बैक्टीरिया शैवाल की कोशिका के अंदर या उसके ऊपर रहता है। शोधकर्ताओं का अनुमान था कि यह बैक्टीरिया नाइट्रोजन गैस को अमोनिया जैसे यौगिकों में बदल देता है जिसका उपयोग शैवाल अपनी वृद्धि में करता है। माना गया था कि नाइट्रोजन के बदले में बैक्टीरिया को शैवाल से कार्बनिक ऊर्जा स्रोत अर्थात पोषक पदार्थ मिलते होंगे, लेकिन नवीनतम अध्ययन के आधार पर शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि UCYN-A बैक्टीरिया को एक स्वतंत्र जीव के रूप में नहीं बल्कि इस शैवाल के अंदर रहने वाले एक अंगक के रूप में देखा जाना चाहिए। जेहर का कहना है कि एक पूर्व अध्ययन में किए गए जेनेटिक विश्लेषण के अनुसार इस शैवाल और बैक्टीरिया के पूर्वजों के बीच लगभग 10 करोड़ वर्ष पूर्व एक सहजीवी सम्बंध स्थापित हुआ था। इस सहजीवी सम्बंध ने अंतत: एक अंगक का रूप ले लिया है, नाइट्रोप्लास्ट। यह अब ब्रारुडोस्फेरा बिगलोवी शैवाल के अंदर विराजमान है।

**इसे अंगक क्यो कहें?**

आखिर किसी कोशिका के अंदर रहने वाले जीव को स्वतंत्र जीव न मानकर अंगक क्यों माना जाए? किसी मेजबान कोशिका के अंदर रहने वाला बैक्टीरिया अंगक है या नहीं, यह तय करने के लिए दो प्रमुख मापदंडों का उपयोग किया जाता है। पहला तो यह है कि विचाराधीन कोशिका संरचना (बैक्टीरिया) मेजबान कोशिका में पीढ़ी-दर-पीढ़ी साथ चलना चाहिए अर्थात जब मेजबान कोशिका विभाजित होकर दो कोशिकाएं बनें तो दोनों में वह संरचना पहुंचनी चाहिए। दूसरी कसौटी यह है कि वह संरचना मेजबान कोशिका द्वारा मिलने वाले प्रोटीन पर निर्भर होना चाहिए। नाइट्रोप्लास्ट इन दोनों मापदंडों पर खरा पाया गया है। इस कोशिका के विभाजन के विभिन्न चरणों में दर्जनों शैवाल कोशिकाओं की इमेजिंग करके शोधकर्ताओं ने पाया कि मेजबान कोशिका के विभाजन के ठीक पूर्व नाइट्रोप्लास्ट दो भागों में विभाजित हो जाता है।

इस तरह यह नाइट्रोप्लास्ट मूल कोशिका से उसकी संतान कोशिकाओं में स्थानांतरित होता रहता है। यह ठीक वैसा ही है जैसा कि कोशिका में उपस्थित अन्य अंगकों में होता है। उल्लेखनीय है कि क्लोरोप्लास्ट और माइटोकॉण्ड्रिया भी अंगक ही हैं और उनमें भी को. शिका विभाजन के दौरान ऐसा ही होता है। इसके अलावा क्रोमोप्लास्ट, एमायलोप्लास्ट आदि भी अंगक ही हैं। माना जाता है कि ए भी कभी स्वतंत्र रूप से रहने वाले जीव थे जो अब पौधों की कोशिकाओं में स्थाई रूप से बस गए हैं और पादप अंगक कहलाते हैं। क्लोरोप्लास्ट के कारण ही पौधों में प्रकाश संश्लेषण संभव हुआ है और माइटोकॉण्ड्रिया ऑक्सी-श्वसन क्रिया को संभव बनाता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि इस नाइट्रोप्लास्ट को सारे जरूरी प्रोटीन्स शैवाल की कोशिका से ही मिलते है। हालांकि नाइट्रोप्लास्ट मेजबान कोशिका के आयतन का 8 प्रतिशत से ज्यादा होता है लेकिन इसके पास वे मुख्य प्रोटीन ही नहीं होते जो प्रकाश संश्लेषण और आनुवंशिक पदार्थ बनाने के लिए जरूरी हैं। ए प्रोटीन उसे शैवाल से ही प्राप्त होते हैं।

**आंतरिक सहजीवी**

सर्व प्रथम एंड्रियास शिंपर ने सन 1883 में यह प्रस्ताव रखा था कि वर्तमान पेड़-पौधों की कोशिकाओं में पाया जाने वाला क्लोरोप्लास्ट कोशिकीय सहजी. विता का एक उदाहरण है। इस परिकल्पना के अनुसार क्लोरोप्लास्ट उन सायनोबैक्टीरिया के वंशज हैं जो किसी जीव द्वारा भक्षण के दौरान कोशिका के अंदर ले लिए गए थे। किसी कारण से ए पचने से बच गए और अब वहां आंतरिक सहजीवी के रूप में निवास कर रहे हैं। सायनोबैक्टीरिया और क्लोरोप्लास्ट द्वारा निर्मित प्रोटीन में समानताओं के आधार पर इस परिकल्पना को बल मिलता है। समय के साथ यह आंतरिक सहजीवी स्वतंत्र रूप से रहने की क्षमता खो बैठे क्योंकि उनकी अनुवांशिक सूचनाओं (डीएनए) का एक बड़ा हिस्सा धीरे-धीरे मेजबान कोशिका के केंद्रक में स्थानांतरित हो गया। उपरोक्त तथ्यों के चलते क्लोरोप्लास्ट व माइटोकॉण्ड्रिया के लिए आंतरिक सहजीवी शब्द का उपयोग उचित ही लगता है। **---साभार प्रभा**

# दक्षिण कोरिया व भारत सम्बन्धों को भविष्योन्मुखी साझेदारी में बदलेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को यहां द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता कर दोनों देशों के संबंधों को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने का संकल्प लिया और कहा कि भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच के ये संबंध प्रौद्योगिकी, व्यापार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक हितों पर आधारित होंगे। बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आठ वर्ष बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के बीच के गहरे तालमेल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और कानून के शासन के प्रति सम्मान दोनों देशों की मूल पहचान का हिस्सा है।



**श्रीनगर। निजी बसों के चालकों और कंडक्टरों द्वारा सरकार के स्मार्ट सिटी बस सेवाओं को अन्य जिलों में विस्तारित करने के प्रस्ताव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बाद बस स्टैंड के पास से गुजरते लोग।**

## फ्रांस ने एलन मस्क को पूछताछ के लिए बुलाया, एक्स पर डीपफेक कंटेट का आरोप


**पेरिस।** फ्रांस की जांच एजेंसियों ने इलान मस्क को पेरिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। यह मामला उनकी कंपनी एक्स (पहले ट्विटर) पर चाइल्ड एब्यूज और डीपफेक कंटेंट फैलने के आरोपों से जुड़ा है। यह जांच जनवरी 2025 में शुरू हुई थी। शुरुआत में आरोप था कि एक्स का एल्गोरिद्म फ्रांस की राजनीति को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल हो सकता है। बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर एक्स के एपी चौटबाट 'ग्रोक' को भी शामिल किया गया। एक्स के एपी चौटबाट पर महिलाओं और बच्चों की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाने का आरोप है। इसी केस में पूर्व सीईओ लिंडा याकारिनो और कुछ कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# अमेरिकी पायलटों के फंसने से बौखलाए थे ट्रम्प

## सहयोगियों पर चीखे, फिर टीम ने वॉर रूम से बाहर रखा, सहयोगियों ने उन्हें बहुत अहम बैठक वाले कमरे से बाहर करने से गुरेज नहीं किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के युद्ध विराम की मियाद 21 अप्रैल को पूरी होने वाली है। अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान एक मौका, तो ऐसा आ गया था, जब ट्रम्प अचानक हुए कुछ घटनाक्रमों के चलते बुरी तरह बौखला गए थे।

आलम यह था कि राष्ट्रपति लगातार अपने सहयोगियों पर चिल्लाते जा रहे थे। नतीजतन उनके सहयोगियों ने उन्हें एक बहुत अहम बैठक वाले कमरे से बाहर तक करने से गुरेज नहीं किया। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा खुलासा किया है अमेरिकी अखबार-द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने। अमेरिकी अधिकारियों और व्हाइट हाउस से जुड़े सूत्रों के हवाले से छपी इस रिपोर्ट में ट्रम्प के लगातार बदलते रवैये का उदाहरण देने के लिए जिस घटनाक्रम की बात की गई है, वह था-ईरान में एक अमेरिकी एफ-15ई लड़ाकू विमान के क्रैश होने और इसके पायलट-एयरमैन के ईरानी धरती पर फंसने की। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे ट्रम्प का अनियंत्रित-बेलगाम व्यवहार उनके प्रशासन, रिपब्लिकन पार्टी और उनके समर्थकों के लिए भी चिंता का विषय बनता चला गया। ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया सार्वजनिक रूप से बेहद आक्रामक रहा है। हालांकि, अखबार ने कुछ घटनाक्रमों के जरिए दावा किया है कि ट्रम्प अंदरूनी बैठकों और मुलाकातों में अपने डर भी जाहिर करते रहे हैं। इतना ही नहीं एक मौके पर तो उनका व्यवहार अचानक से अस्थिर हो गया। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों और व्हाइट हाउस के सूत्रों के मुताबिक, यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने और एक समझौते पर पहुंचने के लिए बेताब हैं, लेकिन इसके लिए वे एक अजीब रणनीति अपना रहे हैं। ईरान को डराकर बातचीत की मेज पर लाने के लिए वे जानबूझकर खुद को अस्थिर और खतरनाक दिखा रहे हैं। इसी के चलते उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना किसी सलाह के अचानक ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की धमकी दे डाली। इसके अलावा, उन्होंने ईस्टर के दिन अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए अल्लाह की तारीफ जैसे पोस्ट किए, ताकि ईरानियों को उन्हीं की भाषा में डराया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प कुछ मौकों पर अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने को लेकर भी बेहद चिंतित दिखाई दिए हैं। इसी कारण उन्होंने खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के सैन्य सुझाव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अमेरिकी सैनिक वहां ईरान के आगे आसान निशाना बन जाएंगे। हालांकि, ईरान को लेकर वे लगातार आक्रामक और भड़काऊ भाषण देते रहे। अधिकारियों का कहना है कि गंभीर सैन्य संघर्ष के बीच भी राष्ट्रपति का ध्यान अक्सर भटक जाता है।



■ ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया सार्वजनिक रूप से बेहद आक्रामक रहा है

# कूटनीतिक बातचीत सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार: अजीजी

## अमेरिका से कोई भी बातचीत तभी सफल होगी, जब ईरान के राष्ट्रीय हित सुरक्षित हों: वरिष्ठ ईरानी सांसद

**तेहरान/मास्को।** ईरान के वरिष्ठ सांसद इब्राहिम अजीजी ने सोमवार को अमेरिका के साथ चल रही कूटनीतिक बातचीत को सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार बताया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी बातचीत तभी होगी जब वह पूरी तरह से ईरान के राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के पक्ष में हो।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख अजीजी ने अल जजीरा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि बातचीत को लेकर ईरान का रुख रणनीतिक गणना पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है। सांसद ने कहा कि इस्लामाबाद में होने वाली संभावित वार्ताओं सहित मौजूदा बातचीत को 'युद्ध के मैदान के विस्तार' के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत से ऐसे नतीजे निकलते हैं जो युद्ध के मैदान की उपलब्धियों को सुरक्षित रखते हैं, तो यह एक अवसर है। लेकिन अगर अमेरिकी इसे अपनी दादागिरी और अत्यधिक मांगों का मंच बनाना चाहते हैं, तो यह कतई स्वीकार्य नहीं है। अजीजी ने पुष्टि की कि ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने का फैसला तो किया है, लेकिन यह 'किसी भी कीमत पर' नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान की 'लक्ष्मण रेखा' पर कोई समझौता नहीं होगा और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। सांसद ने कहा कि इस्लामाबाद में प्रतिनिधिमंडल भेजना इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका, ईरान के रुख पर कोई 'सकारात्मक संकेत' देता है या नहीं। उन्होंने कहा कि ईरान सैद्धांतिक रूप से बातचीत का विरोधी नहीं है, लेकिन इसके नतीजे आपसी सम्मान और ठोस लाभ वाले होने चाहिए। अजीजी ने कुछ प्रमुख शर्तें भी सामने रखीं, जिनमें ईरान की फ्रीज की गई संपत्ति को जारी करना और लेबनान जैसे क्षेत्रीय मुद्दों पर ध्यान देना शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान के क्षेत्रीय सहयोगियों के हितों को नुकसान पहुंचाया गया या पिछले वादों को अनदेखा किया गया, तो इसे तेहरान की शर्तों को खारिज करना माना जाएगा और इसके गंभीर परिणाम होंगे। वहीं रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का पूर्ण सदस्य होने के नाते ईरान शांतिपूर्ण कार्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग करने का हकदार है। रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक में सोमवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में जलाली ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान अपनी भविष्य की परमाणु गतिविधियों को पूरी तरह से संधि के दायरे में रहकर ही संचालित करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि एनपीटी के पूर्ण सदस्य के रूप में, हमें उस संधि से मिलने वाले अपने सभी अधिकारों का उपयोग करना चाहिए, विशेष रूप से शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग। इससे पहले इसी महीने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने संकेत दिया था कि ईरान के परमाणु ऊर्जा के अधिकार पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जलाली ने कहा कि ईरान ने अपनी 'लक्ष्मण रेखा' (रेड लाइन्स) तय कर दी है और वह उनसे कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि तनाव खत्म करने की प्रगति काफी हद तक अमेरिका के रुख पर निर्भर करती है। उनका तर्क था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बातचीत के जरिए वह हासिल नहीं कर पाएंगे जो सैन्य दबाव के जरिए हासिल नहीं किया जा सका। इस साल की शुरुआत में तनाव तब बढ़ गया था जब 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और नागरिक हताहत हुए थे।



■ ईरान को अपने शांति पूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु उफर्जा के उपयोग का पूरा अधिकार: काजेम जलाली

■ ईरान अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है

■ अगर बातचीत से ऐसे नतीजे निकलते हैं जो युद्ध के मैदान की उपलब्धियों को सुरक्षित रखते हैं, तो यह एक अवसर है: अजीजी

### जंग में जो जीत नहीं कर सके, उसे मेज पर भी हासिल नहीं पाएंगे: ट्रम्प: ईरानी दूत

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजरायल की ओर से शुरू किया गया युद्ध अपने किसी भी उद्देश्य को हासिल करने में विफल रहा है। ईरान ने चेतावनी दी कि अमेरिका को बातचीत की मेज पर उस सफलता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, जिसे वह युद्ध के मैदान में हासिल करने में नाकाम रहा है। रूस के समाचार पत्र 'वेदोमोस्ती' को दिए साक्षात्कार में, रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा कि ईरान के खिलाफ अभियान हर मोर्चे पर विफल रहा है। उन्होंने अमेरिका-इजरायल के उन दावों को खारिज कर दिया कि वे सैन्य रूप से ईरान को तेजी से हरा सकते हैं और सत्ता परिवर्तन कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनका इनमें से कोई भी लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। 'अल जजीरा' के साथ एक अन्य साक्षात्कार में युद्ध के नतीजों पर सवाल उठाते हुए जलाली ने कहा कि उन्होंने कहा था कि वे कुछ ही दिनों में ईरान पर कब्जा कर लेंगे। वे अपने किस उद्देश्य में सफल हुए? किसी में नहीं। अमेरिका-इजरायल के हमले नाकाम रहे हैं। जलाली ने तंज कसते हुए कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका के लक्ष्य सिमटते जा रहे हैं-व्यापक राजनीतिक परिवर्तन से लेकर अब वे हॉर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने जैसी रणनीतिक चिंताओं तक आ गए हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका की ए महत्वाकांक्षाएं भी पूरी नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वे सत्ता परिवर्तन चाहते थे, लेकिन अब वे उस स्थिति में आ गए हैं, जहां वे केवल हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना चाहते हैं।



## ईरान-अमेरिका वार्ता टूटने की संभावना के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत टूटने की संभावना के संकेतों की वजह से ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है और वह 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच रही हैं, जबकि यूरोपीय गैस की कीमतें लगभग 10 प्रतिशत उछलकर 515 डॉलर प्रति हजार घन मीटर से ऊपर पहुंच गई हैं। यह जानकारी व्यापारिक आकड़ों में दी गई। ग्रीनविच मानक समय के अनुसार रात 10:15 बजे तक ब्रेंट कच्चे तेल के वायदा भाव में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 96 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गया। लंदन स्थित आईसीई एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, यूरोपीय गैस की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है वह अब 515 डॉलर प्रति हजार घन मीटर से अधिक हो चुकी हैं। टीटीएफ (नीदरलैंड में स्थित यूरोप का सबसे बड़ा केंद्र) सूचकांक पर मई के वायदा सौदे रात 09:59 बजे 518 डॉलर प्रति हजार घन मीटर पर कारोबार कर रहे थे, जो पिछले कारोबारी दिन की 472.7 डॉलर की कीमत से 9.6 प्रतिशत अधिक है।

## अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 की हत्या की

■ अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है

**लुइसियाना।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है।

यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लाक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असाल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों की पहचान जयला एल्किंस (3), शायला एल्किंस (5), कायला प्यू (6), लैला प्यू (7), मरकेडान प्यू (10), सारियाह स्नो (11), खेडारियन स्नो (6) और ब्रेलान स्नो (5) के रूप में की है। इस हमले में 13 साल का लड़का भी घायल हुआ, जो जान बचाने के लिए घर से भागा और छत से कूद गया। श्रेवेपोर्ट पुलिस के मुताबिक मारे गए बच्चों में तीन लड़के और पांच लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 3 से 11 साल के बीच थी। इनमें सात सगे भाई-बहन और एक उनका कजिन था। हमले में दो महिलाएं भी घायल हुईं, जिनमें से एक आरोपी की पत्नी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# ट्रम्प टैरिफ का सबसे बड़ा रिफंड शुरू

## उपभोक्ताओं को ब्याज समेत 90 दिन में पैसा वापस मिलेगा, 13.8 लाख करोड़ लौटाने हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में लगाए गए टैरिफ को अवैध ठहराने के बाद रिफंड की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

अमेरिकी कंपनियां सोमवार से नए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकती हैं। इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा टैरिफ रिफंड माना जा रहा है, जिसमें 166 अरब डालर (करीब 13.8 लाख करोड़ रुपये) लौटाए जाने हैं। रिफंड लौटाने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू हुआ है। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प प्रशासन ने आपातकालीन शक्तियों का गलत इस्तेमाल कर टैरिफ लगाए थे। इसके बाद कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इंपोर्टर्स को उनकी जमा राशि और ब्याज लौटाने के निर्देश दिए थे। इस फैसले के तहत करीब 3.3 लाख इंपोर्टर्स को राहत मिलेगी, जिन्होंने पिछले साल कार पार्ट्स से लेकर स्मार्टफोन तक पर भारी टैक्स चुकाया था यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) ने कंसोलिडेटेड एडमिनिस्ट्रेशन एंड प्रासेसिंग ऑफ एंट्रीस (सीएपीई) नाम का नया पोर्टल लान्च किया है। यह एसीई (**Automated Commercial Environment**) सिस्टम का हिस्सा है। इसके जरिए इंपोर्टर्स 'सीएपीई डिक्लेरेशन' दाखिल कर अपने क्लेम सबमिट कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने का दावा किया गया है। 60-90 दिनों में मिलेगा पैसा रिफंड पाने के लिए इंपोर्टर ऑफ रिकॉर्ड और अधिकृत कस्टम ब्रोकर्स को एसीई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और बैंक अकाउंट डिटेल्स देनी होंगी। सीबीपी के मुताबिक, सही और पूरी जानकारी वाले आवेदन पर 60-90 दिनों में भुगतान किया जा सकता है। दस्तावेजों में कमी या जांच की जरूरत होने पर देरी संभव है। सीबीपी ने साफ किया है कि पहले चरण में सभी इंपोर्टर्स को रिफंड नहीं मिलेगा। फिलहाल केवल 'अनलिक्विडेटेड एंट्रीज' (जिनका टैक्स आकलन अभी पूरा नहीं हुआ) और 80 दिनों के भीतर की एंट्रीज को शामिल किया गया है। बाकी मामलों को आगे के चरणों में लिया जाएगा। कोर्ट में पेश आंकड़ों के अनुसार, करीब 3.3 लाख इंपोर्टर्स ने कुल 166 अरब डालर का टैरिफ भुगतान किया था। 9 अप्रैल तक इनमें से केवल 56,500 इंपोर्टर्स ने ही इलेक्ट्रानिक पेमेंट सिस्टम में रजिस्ट्रेशन कराया है, जो रिफंड पाने के लिए जरूरी है।




■ रिफंड लौटाने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू हुआ है

## यूएई को पड़ेगी अमेरिका से आर्थिक सहायता की जरूरत!

■ पश्चिम एशिया का संघर्ष यूएई में संकट को यदि और अधिक गहरा देता है, तो उस स्थिति के लिए यह सहायता मांगी गई

**मास्को।** 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधियों ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत में वित्तीय सहायता की संभावना जताई है।

पश्चिम एशिया का संघर्ष यूएई में संकट को यदि और अधिक गहरा देता है, तो उस स्थिति के लिए यह सहायता मांगी गई है। संयुक्त अरब अमीरात के केंद्रीय बैंक के गवर्नर खालिद मोहम्मद बालमा ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ बैठकों के दौरान 'मुद्रा विनिमय मार्ग' (करेंसी स्वैप लाइन) स्थापित करने की संभावना पर चर्चा की। संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने अब तक इस संघर्ष के सबसे बुरे आर्थिक परिणामों से खुद को बचाए रखा है, लेकिन उन्हें फिर भी वित्तीय सहायता की आवश्यकता हो सकती है। इस बीच, कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुवारी ने भी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात की।




# ईरान युद्ध से आर्थिक दबाव में एशिया के कई देश

## तेल-गैस सप्लाई रुकी, फैक्ट्रियां ठप, एक्सपर्ट बोले: ये आर्थिक संकट सुनामी जैसा, संकट में ट्रांसपोर्ट सेक्टर, सप्लाई खतरे में

■ भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है

**वाशिंगटन।** ईरान में 28 फरवरी से शुरू हुआ युद्ध एशिया-प्रशांत इलाके पर उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से और ज्यादा असर डाल रहा है। शुरुआत में लगा था कि तेल और गैस की कमी का असर धीरे-धीरे दिखेगा, लेकिन हकीकत में कई देशों की अर्थव्यवस्था और आम जिंदगी पर अचानक बड़ा झटका लगा है।

कई विशेषज्ञ इसकी तुलना कोविड जैसे बड़े संकट से कर रहे हैं। भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है। आने वाले महीनों में उड़ानें रद्द होने, खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने, फैक्ट्रियों के रुकने, सामान की सप्लाई में देरी और बाजारों में रोजमर्रा की चीजों की कमी देखने को मिल सकती है। इसमें प्लास्टिक बैग, इंस्टेंट नूडल्स, वैक्सीन, सिरिंज, लिपस्टिक, माइक्रोचिप और स्पोर्ट्सवियर जैसी चीजें भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मिडिल ईस्ट के रास्तों से व्यापार कुछ और हफ्तों तक बाधित रहा, तो कई देशों में हालात बिगड़ सकते हैं, अशांति फैल सकती है और मंदी आ सकती है।

कई कंपनियां दिवालिया होने के कगार पर हैं और सरकारें महंगाई को काबू में रखने के लिए भारी कर्ज ले रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, साल के अंत तक एशिया में लाखों लोग गरीबी में जा सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक, दुनिया की अर्थव्यवस्था लगभग हर जगह धीमी हो रही है क्योंकि दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई बाजार से बाहर हो गई है। मिडिल ईस्ट से आने वाला तेल-गैस रुकने से पूरे एशिया की सप्लाई चेन हिल गई है। एशिया-प्रशांत पर सबसे ज्यादा असर इसलिए पड़ा क्योंकि यह क्षेत्र मिडिल ईस्ट के तेल और गैस पर बहुत ज्यादा निर्भर है, यहां की अर्थव्यवस्था आपस में गहराई से जुड़ी है और पहले से ही ऊर्जा की मांग ज्यादा थी जबकि सप्लाई कम पड़ रही थी। यहां तक कि अगर होर्मुज की समस्या कल ही ठीक भी हो जाए तो भी तेल और गैस की सप्लाई को पहले जैसे स्तर पर आने में सालों लग सकते हैं। चीन जैसे अमीर देशों पर असर थोड़ा कम होगा क्योंकि उनके पास ज्यादा संसाधन हैं, लेकिन बाकी एशिया में हालात ज्यादा खराब हैं।

